

न्यायिक कार्यवाही का राजनीतिकरण न करें : सुप्रीम कोर्ट - 10



पैसा ही पैसा बनाता है और दूसरा पैसा भी खींच लाता है - 10



नौसेना की नई ताकत... लहरों पर उतरा अजय - 11




क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह चौथा टेस्ट मैच खेलेंगे: सिराज - 12

आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
29.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.29
सूर्यास्त 07.01

# अमृत विचार

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण कृष्णा पक्ष द्वादशी 07:05 तक उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082 | कानपुर नगर | मंगलवार, 22 जुलाई 2025, वर्ष 3, अंक 332, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये

## परिवर्तन ही जीवन है...



## ...और अब नये रंग, नये रूप और नयी उड़ान के साथ आपका

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

स्टेट ब्रीफ

### कम से कम पांच यात्रियों की बढ़ोत्तरी करें चालक

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. परिवहन निगम की बसों में चालकों और परिचालकों को यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए मेहनत करनी पड़ेगी, कम से कम उन्हें पांच यात्रियों की संख्या बढ़ाना जरूरी होगा। इसके लिए उप्र. परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने सभी क्षेत्रीय एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिये हैं कि चालकों-परिचालकों की काउंसलिंग की जाए। ताकि वर्षा ऋतु में लोड फैक्टर कम होने पर परिवहन निगम की आय पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को कम किया जा सके। प्रबंध निदेशक ने सोमवार को कहा कि परिवहन निगम की बसों के संचालन में चालकों एवं परिचालकों की भूमिका सबसे अधिक है। चालकों- परिचालकों का व्यवहार का सीधा प्रभाव परिवहन निगम की छवि से जुड़ा है।

### युवाओं को अवसर दे रहा एमकेआईटीएम

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. पर्यटन विभाग द्वारा संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम), लखनऊ में बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) इन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी त्रिवर्षीय कोर्स शुरू होगा, इसमें प्रवेश प्रक्रिया जारी हो चुकी है। लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) से मान्यता प्राप्त कोर्स में नामांकन अगस्त के मध्य तक जारी रहेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सीमित सीटों पर दाखिले चयन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। एमकेआईटीएम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विशेष जानकारी के लिए छात्र http://www.mkitm.com की आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

### सरकार ने बिजली व्यवस्था को खराब होने दिया

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। इस सरकार ने अपने नौ साल के कार्यकाल में बिजली की स्थिति में सुधार के लिए कोई काम नहीं किया। सरकार ने जानबूझकर बिजली व्यवस्था को खराब होने दिया जिससे कर्मचारियों, अधिकारियों पर आरोप लगाकर निजीकरण कर दिया जाए। सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। उत्पादन कम है, मांग ज्यादा है।

# खेतों की मिट्टी बीमार, 84 फीसदी तक कम मिला ऑर्गेनिक कार्बन

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- मृदा परीक्षण में नाइट्रोजन भी 94 फीसदी कम मिला
- खरीफ में 12.13 लाख सैंपल लिए, 3.46 का परीक्षण
- किसान प्राकृतिक तरीके से पोषक तत्वों में करेंगे सुधार

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्राकृतिक खेती की कमी और रासायनिक चीजों का अंधाधुंध प्रयोग करने से मिट्टी की सेहत में सुधार नहीं हो पा रहा है। इससे पोषक तत्वों की चली आ रही कमी पूरी नहीं हो पाई है। परिणाम यह है कि मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा 84 फीसदी तक कम है। इसकी पूर्ति न होने की वजह से अन्य पोषक तत्वों में भी कमी आई है।

कृषि विभाग ने मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता अभियान के तहत खरीफ में 12.13 लाख मिट्टी के सैंपल लेकर 3,46,493 का परीक्षण किया है। इस रिपोर्ट में 84 फीसद तक ऑर्गेनिक कार्बन कम मिला है। इसकी कमी से नाइट्रोजन, फासफोरस, सल्फर आदि तत्वों की मात्रा भी कम पाई है। जबकि यह पोषक तत्व ऑर्गेनिक कार्बन से बनते हैं और इनसे पौधों की बढ़वार होती है। इन पोषक तत्वों में कमी की मुख्य वजह प्राकृतिक संसाधन जैसे खेतों पर गोबर की खाद, कूड़ा, वर्मी कम्पोस्ट, फसल अवशेष जमीन पर निस्तारित न करना है। इससे कहीं न कहीं पैदावार प्रभावित है और किसानों को भी बेहतर परिणाम नहीं मिल रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन .8 तक होना चाहिए। तभी मिट्टी उपजाऊ व स्वस्थ्य मानी जाएगी।

नाइट्रोजन कम होने की दूसरी वजह किसानों द्वारा दलहनी फसलें न करके सिर्फ गेहूं, धान, मक्का आदि पर निर्भरता है। दलहनी पौधों की जड़ें वायुमंडल से नाइट्रोजन बनाने में सहायक होती है। इन पोषक तत्वों की कमी किसान मृदा रिपोर्ट कार्ड के आधार पर दूर करेंगे।

### सोडियम ज्यादा, सल्फर में आई कमी

मिट्टी में सोडियम की मात्रा अधिक है। इस वजह से डाले जाने वाले अन्य पोषकतत्व नहीं ठहरते हैं। इसके अलावा नाइट्रोजन 94 फीसदी तक कम है। वहीं, सल्फर में इस बार 34 फीसदी की कमी आई है। जबकि फासफोरस 62 फीसदी सामान्य है। पोटेशियम भी 81 फीसदी तक सामान्य है।

### इन सामग्री से बढ़ाएंगे ऑर्गेनिक कार्बन

पौधों के अवशेष, सड़ी-गली पत्तियां, टहनियां, और फसल के डंठल, गोबर और अन्य पशुधन अपशिष्ट, मिट्टी में रहने वाले बैक्टीरिया, खाद, कंपोस्ट, और अन्य कार्बनिक सामग्री।

"मृदा परीक्षण में जो पोषक तत्व कम मिलते हैं वह किसान रिपोर्ट कार्ड के आधार पर पूरा करते हैं। ऑर्गेनिक कार्बन की कमी प्राकृतिक खेती से दूर होगी। इसके लिए किसानों को अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है और प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं।

-डॉ. मन मोहन लाल, सहायक निदेशक (मृदा परीक्षण/कल्चर) लखनऊ मंडल

**मिट्टी में ये पोषक तत्व पर्याप्त**

| | |
|---|---|
| कॉपर | 95 फीसदी |
| आइरन | 72 फीसदी |
| बोरान | 68 फीसदी |
| सल्फर | 66 फीसदी |
| जिंक | 64 फीसदी |
| मैंगनीज | 89 फीसदी |
| कुल प्रयोगशाला | 254 |

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद में चर्चा के लिए सरकार हो सकरात्मक



**अमृत विचार, लखनऊ:** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार को 'आपरेशन सिंदूर' पर संसद में चर्चा के लिए सकारात्मक रुख अपनाना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि देश के सामने महंगाई, ग़रीबी व बेरोजगारी, महिला असुरक्षा, क्षेत्र-भाषा विवाद सुख-शांति प्रभावित कर रहे हैं।

# हर नागरिक की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

## प्रदेश भर से लखनऊ आए लोगों को 'जनता दर्शन' में मिला आश्वासन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में ''जनता दर्शन'' किया। प्रदेश भर से आए पीड़ितों से की समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। हर नागरिक की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने शासन के अधिकारियों को मौके पर ही तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

योगी ने ''जनता दर्शन'' में आए एक दिव्यांग की बात सुनने के बाद उसे मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दिलाने के निर्देश दिए। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, रोजगार, शिक्षा, आवास, कब्जा, परिवार आदि से जुड़े मामलों पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया। लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ''जनता दर्शन'' में अभिभावकों के साथ आए बच्चों से भी बातचीत की। उनका हालचाल जाना, दुलार किया। बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। सीएम योगी ने चॉकलेट-टॉफी देकर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



जनता दरबार में बुजुर्ग की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

## मंडल मुख्यालयों पर खुलेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश
- कहा-दिव्यांगों को स्थानीय स्तर पर मिले पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास की सेवाएं

**अमृत विचार:** राज्य के 38 जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों के साथ अब 18 मंडल मुख्यालयों पर भी केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सोमवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि दिव्यांगों को शिक्षा कौशल विकास और पुनर्वास जैसी सुविधाएँ स्थानीय स्तर पर ही मिलनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की डीडीआरसी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि दिव्यांगजन के कल्याण को प्राथमिकता दी जाए और पहले से स्थापित केंद्रों का संचालन पूरी क्षमता के साथ किया जाए। निर्देश दिए कि मंडल मुख्यालयों पर दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों की स्थापना का काम प्राथमिकता पर आगे बढ़ाया जाए। दिव्यांगों को पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ कराई जाएं। वर्तमान में संचालित डीडीआरसी में दिव्यांगों को स्वास्थ्य सेवाएं, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण और कौशल प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। पिछले दिनों वर्तमान में संचालित 38 केंद्रों का संचालन राज्य सरकार के संसाधनों से करने पर सहमति के बाद 12 करोड़ रुपये खर्च किया जाना प्रस्तावित है।दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री ने दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों की स्थापना को लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

## समीक्षा अफसरों की वरिष्ठता सूची मामले में सरकार की अपील खारिज

**अमृत विचार (विधि संवाददाता):** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार की उस अपील को खारिज कर दिया है जिसमें सचिवालय प्रशासन विभाग में जारी समीक्षा अधिकारियों की वरिष्ठता सूची व अनुभाग अधिकारी के पद पर प्रोन्नति संबंधी आदेश को निरस्त करने संबंधी एकल पीठ के निर्णय को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने कहा कि हमें एकल पीठ के निर्णय में कोई भी खामी नहीं दिख रही। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने राज्य सरकार व दो अन्य की ओर से दाखिल अपीलों पर पारित किया है। अपील का विरोध करते हुए, प्रतिवादियों के अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि 13 जुलाई 2016 को आदेश जारी करते हुए, मूल याचिका के याचियों समेत 144 सहायक समीक्षा अधिकारियों को समीक्षा अधिकारी के पद पर प्रोन्नति दी गई थी, साथ ही उक्त आदेश में यूपी लोक सेवा आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि उक्त अधिकारियों की प्रोन्नति 30 जून 2016 से मानी जाएगी। कहा गया कि बावजूद इसके 9 अगस्त 2023 को यह कहते हुए कि बैक डेट से प्रोन्नति दिया जाना विधिपूर्ण नहीं था, याचियों व अन्य अधिकारियों की प्रोन्नति की तिथि 13 जुलाई 2016 माने जाने का आदेश सरकार ने दे दिया। उक्त आदेश के क्रम में वरिष्ठता सूची बनायी गई जिसमें सीधी भर्ती वाले समीक्षा अधिकारियों को प्रोन्नति प्राप्त अधिकारियों से वरिष्ठता क्रम में ऊपर रखा गया।

## आरएसएस मुख्यालय के कथित निर्देश पर राशन की दुकान पर हुई कार्रवाई पर रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुख्यालय से सर कार्यवाह के कथित पत्र से मिले निर्देश पर सरकारी राशन की दुकान को निलंबित करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायालय ने उक्त दुकानदार के विरुद्ध चल रही जांच को भी स्थगित कर दिया है। न्यायालय ने मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने गोंडा निवासी मनोज कुमार की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया है। याचिका में एसडीएम करनैलगंज, गोंडा के 30 जून 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है। उक्त आदेश के द्वारा याची पर वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए, राशन की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ जांच भी शुरू कर दी गई। याची का कहना था कि एसडीएम का आदेश दुर्भावना से ग्रस्त है, क्योंकि उसके खिलाफ आरएसएस मुख्यालय के निर्देश पर कार्रवाई की गई है।

कहा गया कि नागपुर संघ मुख्यालय से खाद्य आयुक्त, उत्तर प्रदेश को 5 सितंबर 2024 को सर कार्यवाह की ओर से कथित पत्र लिखकर उन्हें निर्देश दिया गया कि याची का लाइसेंस निरस्त किया जाए। आरोप लगाया गया कि संघ मुख्यालय ने यह कार्यवाही एक शिकायतकर्ता दिनेश शुक्ला के पत्र के परिप्रेक्ष्य में किया। याची की ओर से तर्क दिया गया कि आरएसएस को किसी सरकारी अफसर को निर्देश देने का कोई अधिकार नहीं है और यदि किसी अफसर ने ऐसे निर्देश पर कार्यवाही किया है तो वह कार्यवाही दुर्भावनापूर्ण मानी जानई चाहिए। वहीं न्यायालय ने राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया है, साथ ही कथित शिकायतकर्ता को याचिका में विपक्षी पक्षकार बनाने का भी आदेश दिया है।

### स्कूलों के विलय के विरुद्ध बच्चों ने दाखिल की विशेष अपील, सुनवाई आज

अमृत विचार, लखनऊ (विधि संवाददाता) : बेसिक शिक्षा अधिकारियों के तहत आने वाले स्कूलों के विलय का मामला एक बार फिर हाईकोर्ट पहुंच गया है। इस बार बच्चों की ओर से उनके अभिभावकों ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष विशेष अपील दाखिल करते हुए, एकल पीठ के 7 जुलाई के निर्णय को चुनौती दी है। मामले में दो विशेष अपील दाखिल की गई हैं जो मंगलवार को मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि 7 जुलाई को एकल पीठ ने स्कूलों का विलय करने के विरुद्ध दाखिल याचिकाओं को खारिज कर दिया था। एकल पीठ ने अपने निर्णय में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21ए के तहत अनिवार्य व नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार तो है, लेकिन यह नहीं माना जा सकता है कि अनुच्छेद 21ए के तहत राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों को एक किलोमीटर की दूरी के भीतर ही नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करे।

# आउटसोर्स कर्मियों को समय पर दें मानदेय, नहीं तो रुकेगा वेतन

## बिजली विभाग के अधिकारियों को पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ऊर्जा निगमों में अगर आउटसोर्स कर्मियों को समय से वेतन नहीं दिया गया, तो नियमित बिजली कार्मिकों का वेतन रोका जाएगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने चेतावनी देते हुए कहा कि नियमित कार्मिकों के पहले आउटसोर्स कर्मियों को वेतन भुगतान किया जाए। अध्यक्ष सोमवार को शक्ति भवन में आउटसोर्स कर्मियों के वेतन भुगतान को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने वितरण निगमों के अधिकारियों को आउटसोर्स कर्मियों को समय से वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि जुलाई का वेतन नियमित कर्मियों को तभी मिलेगा, जब आउटसोर्स कर्मिकों को वेतन मिल जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि उपकेंद्रों पर तैनात आउटसोर्स कर्मी या मीटर रीडर अल्पवेतन भोगी हैं। लाइनमैन कड़ी मेहनत करते हैं, इन सभी लोगों को समय से वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने निदेशक कार्मिक को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी।

अध्यक्ष ने रायबरेली व बरेली के मुख्य अभियंताओं को बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जिन फीडर पर लाइन हानियां ज्यादा हैं और पैसा नहीं जमा हो रहा है, वहां बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने सहारनपुर के उपखंड अधिकारी व बरेली के अधिशासी अभियंता को शक्ति भवन से संबद्ध करने के निर्देश दिये। सहारनपुर के मुख्य अभियंता को प्रतिकूट प्रविष्टि के निर्देश दिए।

कानपुर के मुख्य अभियंता से भी अध्यक्ष ने उपभोक्ता सेवाओं में लापरवाही के लिए नाराजगी जताई। अध्यक्ष ने सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए कि कर्मियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति जुलाई से सौ प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।




नियामक आयोग कार्यालय के सामने मौन प्रदर्शन करते बिजली विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

### बिजली कर्मियों ने नियामक आयोग कार्यालय के सामने किया मौन प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए हुई जनसुनवाई के दौरान बिजली कर्मियों ने निजीकरण का विरोध करते हुए राज्य विद्युत नियामक आयोग कार्यालय के सामने मौन प्रदर्शन किया। बिजली कर्मियों ने जनसुनवाई में शामिल होने का प्रयास किया, पर आयोग कर्मियों ने उन्हें जाने नहीं दिया। इस पर बिजली कर्मियों ने दोबारा जनसुनवाई की मांग की। इस बीच, बिजली अभियंताओं ने मुरादाबाद में मुख्य अभियंता समेत पांच अभियंताओं को निलंबित किए जाने का सख्त विरोध किया। बिजली कर्मी 22 जुलाई को ऊर्जा मंत्री के आवास पर पहुंचकर निजीकरण पर विरोध दर्ज कराएंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों संजय सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, पीके दीक्षित, सुहैल आबिद, चंद्र भूषण उपाध्याय, विवेक सिंह, आरवाई शुक्ला व छोटे लाल दीक्षित ने कहा कि उत्पीड़न की दृष्टि से हजारों बिजली कर्मचारियों का दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरण किया गया है। उन्हें बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए तत्काल कार्य मुक्त कर दिया गया है।

## आयोग की जनसुनवाई में बिजली दरों के बढ़ोतरी प्रस्ताव का विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर सोमवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में हुई जनसुनवाई में बढ़ोतरी के प्रस्ताव का सख्त विरोध हुआ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बढ़ोतरी के बजाय उपभोक्ताओं के सरप्लस निकल रहे 33,122 करोड़ की रकम के एवज में दरों में 45 प्रतिशत कमी किये जाने की मांग की। उपभोक्ता परिषद ने निजीकरण प्रक्रिया को असंवैधानिक बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की। आयोग कार्यालय में हुई सुनवाई में उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली दरों में 45 प्रतिशत की कमी की जाए या अगले पांच वर्षों तक 9 प्रतिशत बिजली दरों में कमी कर हिसाब बराबर किया जाए। निजीकरण का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इसको लेकर भारत के नियंत्रण एवं महालेखापरीक्षक -सीएजी- ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से निजीकरण के मसौदा तलब किया है। ऐसे में निजीकरण प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाए। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से निकाली गई संवैधानिक और वित्तीय कर्मियों का जवाब अभी तक पावर कॉरपोरेशन की ओर से दाखिल नहीं किया गया है।

ब्रेकिंग बैरियर्स | वीमेन इन लीडरशिप एंड एंटरप्रेन्योरशिप' सम्मेलन में राज्यपाल ने बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली 14 महिलाएं की गईं सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वह दिन दूर नहीं जब देश के सर्वोच्च पदों पर केवल नजर आएंगी महिलाएं-आनंदीबेन

**अमृत विचारः** इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में सोमवार को एक होटल में आयोजित 'ब्रेकिंग बैरियर्सः वीमेन इन लीडरशिप एंड एंटरप्रेन्योरशिप' सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 14 महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महिलाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश के सर्वोच्च पदों पर केवल महिलाएं ही नजर आएंगी।

महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनके कार्य अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। भविष्य में जब भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, तो ग्रामीण क्षेत्रों की उन महिलाओं को भी सम्मानित किया जाए जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने परिश्रम, साहस और नवाचार से समाज में परिवर्तन ला रही हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं भी अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना चाहिए और इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि उनका कोई शोषण न कर सके। कार्यक्रम को उद्यान, कृषि एवं विपणन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में लोकगायिका मालिनी अवस्थी, समाजसेविका नम्रता पाठक, पूर्व नेशनल प्रेसिडेंट आईएसीसी डॉ ललित भसीन, स्वाति सिंह, रीना सिंह, डॉ उपासना अरोड़ा, कशिश त्यागी आदि मौजूद रहे।

### ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए हो सम्मानजनक व्यवस्था

राज्यपाल ने ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति समाज में व्याप्त पूर्वग्रहों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जैसे अनाथालयों में अन्य बच्चे रहते हैं, उसी प्रकार अगर कोई ट्रांसजेंडर बच्चा जन्म लेता है और उसका परिवार उसे अस्वीकार कर देता है। ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि वह बच्चा भी सामान्य बच्चों के साथ ही अनाथालय में रहकर शिक्षा प्राप्त करे और बड़ा होकर समाज में सम्मानजनक जीवन जी सके।



उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। अमृत विचार

# योगी की शरण में पहुंचे बृजभूषण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तीन वर्ष बाद हुई मुलाकात, मुख्यमंत्री को बताते हैं अपना गुरुभाई
- योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री हैं तो मुलाकात तो होनी ही चाहिए : बृजभूषण

**अमृत विचारः** गोंडा के दबंग पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। दोनों की यह मुलाकात तीन वर्ष बाद हुई है। यूपी की राजनीति में बृजभूषण को योगी के विरोधी खेमा का माना जाता है। हालांकि वे योगी को अपना गुरुभाई बताते रहे हैं। मुख्यमंत्री से मिलने के बाद बाहर आए बृजभूषण ने कहा कि योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री हैं तो मुलाकात तो होनी ही चाहिए।

अवध के कद्दावर नेताओं में शामिल कैसरगंज से भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का मुख्यमंत्री आवास पर लंबे अर्से बाद आना हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से घंटों बातचीत हुई है। दोनों की इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट कहा जा रहा है, लेकिन सियासी गलियारों में इसके मायने तलाशे जा रहे हैं। यह मुलाकात दोनों के बीच कई वर्ष से बंद संवाद को फिर जारी कर सकती है। पूर्वांचल में बृजभूषण का अपना एक मजबूत जनाधार है और उनकी योगी आदित्यनाथ से यह मुलाकात आगामी चुनावों और राजनीतिक रणनीतियों पर भी असर डाल सकती है।

बृजभूषण शरण सिंह को यूपी की राजनीति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरोधी खेमे में गिना जाता है। सोमवार को मुलाकात के बाद माना जा रहा है कि सियासी तल्खी और दूरी खत्म हो सकती है। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भाजपा संगठनात्मक पुनर्गठन की तैयारी में है और बृजभूषण सिंह की सक्रियता एक बार फिर सुर्खियों में है।

### योगी की कई नीतियों का किया था विरोध

बृजभूषण शरण सिंह पिछले कुछ महीनों से योगी सरकार की कुछ नीतियों का विरोध करते रहे हैं। कभी उन्होंने बुलडोजर नीति पर सवाल उठाया तो, कभी अफसरशाही पर लगाम लगाने की बात की। हाल ही में कई इंटरव्यू के दौरान बृजभूषण सिंह ने दावा किया कि जनतिनिधियों की बातें अधिकारी नहीं सुनते हैं और अपने मन से काम करते हैं। बृजभूषण सिंह के यह सभी बयान अप्रत्यक्ष से योगी आदिनाथ पर हमले के रूप में देखे जाते रहे हैं। लेकिन अब बृजभूषण की योगी से मुलाकात के बाद कितनी राजनीतिक कटुता कम होगी, यह कुछ दिनों में पता लगेगा।



न्यायिक कार्यवाही का राजनीतिकरण न करें : सुप्रीम कोर्ट - 10



पैसा ही पैसा बनाता है और दूसरा पैसा भी खींच लाता है - 10



नौसेना की नई ताकत... लहरों पर उतरा अजय - 11



क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह चौथा टेस्ट मैच खेलेंगेः सिराज - 12



## प्रणाम !

स्नेही पाठक जनों को अमृत विचार परिवार का प्रणाम। अमृत विचार की पांच वर्षों की यात्रा हम सबके लिए एक यादगार अनुभव की तरह है। अब इसका नया रूप, नया कलेवर समाचार पत्र के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत कर रहा है। पांच साल पहले हमने एक सपना देखा था। लोगों तक सच्ची, समय पर और प्रासंगिक खबरें पहुंचाने का सपना। इन वर्षों में हमने पेज दर पेज, खबर दर खबर तरक्की की है और आपका विश्वास जीता है। लेकिन यह जगत परिवर्तनशील है। जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है, हमें इस बात का भान हुआ कि अमृत विचार को भी अपने में बदलाव लाना होगा। यह परिवर्तन ही निरंतर विकास की कड़ी है।

अमृत विचार का भविष्य भी नवाचार और तकनीकी उन्नति में है। इस लिहाज से न केवल समाचार पत्र के स्वरूप में वरन् इसमें प्रस्तुत सामग्री में भी हमने कुछ नया जोड़ा है। समाचारों में नवीनता लाने का प्रयास तो हम निरंतर कर ही रहे हैं, साथ ही कुछ हट कर विभिन्न क्षेत्रों की जानकारियों से भी आपको रू-ब-रू भी कराएंगे। अब आपको सातों दिन इंद्रधनुष के सात रंगों की तरह फीचर पेज भी देंगे। जो केवल मनोरंजक ही नहीं, ज्ञानप्रद भी होंगे। इनमें आपको ग्लैमर, आटोमोबाइल, धर्म-अध्यात्म, कला-संस्कृति, शिक्षा जगत, विज्ञान, तकनीकी की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा एक दिन हमारे सुधी पाठकों को भी अपने अनुभव साझा करने के लिए स्थान रहेगा। इसके साथ- साथ अब हमारी टीम अपने डिजिटल प्लेटफार्म को और बेहतर बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। एक इंटरएक्टिव वेबसाइट, मोबाइल-फ्रेंडली एप और रियल-टाइम अपडेट्स के साथ आपके सामने होगी। हमारा संकल्प है कि हर माध्यम से, चाहे वेबसाइट, यू ट्यूब या सोशल मीडिया हो, हम आपको सूचनाओं से पूरी तरह वाकिफ रखें। हम मल्टीमीडिया कंटेंट, जैसे वीडियो, पॉडकास्ट और लाइव रिपोर्टिंग में भी निवेश कर रहे हैं, ताकि नई पीढ़ी से जुड़ सकें और तेजी से बदलती मीडिया की दुनिया में आगे बने रहें। इसके साथ ही, हम डेटा एनालिटिक्स और एआई जैसे आधुनिक टूल्स का उपयोग करके यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि हमारे पाठक क्या चाहते हैं। परिवर्तन संसार की नियति है। इस निरंतरता को कोई रोक नही सकता। यही उन्नति का कारक भी है। लेकिन इन सब उन्नतियों के बीच, एक चीज़ कभी नहीं बदलेगी , और वह है हमारी सच्चाई, ईमानदारी और ज़िम्मेदार पत्रकारिता के प्रति प्रतिबद्धता। आपके सहयोग से, हम सिर्फ अख़बार नहीं चला रहे हैं, हम सूचना के भविष्य को गढ़ रहे हैं। आपका प्यार हमें उत्साह और आगे बढ़ने का जज्बा देता है, इसे हमेशा बनाए रखें। अमृत विचार आज से एक नए रंग, एक नए रूप और नई उड़ान के साथ।

**डॉ. वरुण अग्रवाल**
निदेशक

**डॉ. अर्जुन अग्रवाल**
निदेशक

# दुनिया ने 22 मिनट में देखी भारत की ताकत

**मानसून सत्र**

## ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा- इस बार सत्र विजयोत्सव की तरह

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर अपेक्षित चर्चा के लिए सरकार का रुख तय करते हुए कहा कि यह सत्र विजयोत्सव की तरह है। विश्वास जताया कि सभी संसद सदस्य इस भावना को एक स्वर में अभिव्यक्त करेंगे। सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में मोदी ने कहा कि बम और बंदूक पर संविधान की जीत हो रही है। कहा कि नक्सलवाद तेजी से कम हो रहा है और रेड जोन धीरे-धीरे हरित विकास क्षेत्र में बदल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सौ प्रतिशत लक्ष्यों को प्राप्त किया। पूरी दुनिया ने हमारे सशस्त्र बलों का सामर्थ्य देखा। भारतीय सशस्त्र बलों ने मात्र 22 मिनट में आतंकवादियों को मारकर उनके ठिकानों को जमींदोज कर दिया। संसद का मानसून सत्र सोमवार (21 जुलाई) से आरंभ हुआ और 21 अगस्त तक इसकी कुल 21 बैठकें प्रस्तावित हैं।

मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत का पक्ष विभिन्न देशों में रखने गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों की सराहना की और कहा कि उन्होंने 'आतंकवाद के आका' पाकिस्तान को बेनकाब किया। उन्होंने कहा मैं इन सभी सांसदों और पार्टियों की, राष्ट्र हित में किए गए इस काम के लिए सराहना करता हूं। मोदी ने कहा कि सभी दलों का अलग-अलग एजेंडा है लेकिन दल हित में मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलें। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बिहार में कहा था कि बहुत कम समय में ही भारत की सैन्य ताकत दिखाई दे गई और 'मेड इन इंडिया' के तहत देश में निर्मित सैन्य क्षमताओं की ओर दुनिया का ध्यान गया है।

मोदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इसने पूरी दुनिया को झकझोर दिया और आतंकवाद तथा उसके केन्द्र की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया। प्रधानमंत्री ने माओवाद और नक्सलवाद के खिलाफ अपनी सरकार की निर्णायक कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि लाल गलियारे अब हरित विकास क्षेत्रों में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली बार भारत का तिरंगा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लहराया।



मानसून सत्र के पहले दिन संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव से संबंधित नोटिस सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में दिए गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, अनुराग ठाकुर समेत कुल 145 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। निचले सदन में अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत नोटिस दिए गए हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले और भाजपा के राजीव प्रताव रूड़ी समेत कई अन्य सदस्यों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रसाद ने संसद परिसर में कहा कि न्यायपालिका की ईमानदारी, पारदर्शिता और स्वतंत्रता तभी सुनिश्चित होगी, जब न्यायाधीशों का आचरण अच्छा होगा। आरोप संगीन थे और ऐसे में महाभियोग के लिए नोटिस दिया गया है। हमने आग्रह किया है कि कार्यवाही जल्द शुरू होनी चाहिए। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे गए नोटिस पर 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। कांग्रेस सांसद सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि कुल 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं और अब इस मामले की जांच होगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित न्यायाधीश को हटाया जाएगा।

### विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में पहलगाम आतंकी हमले और कई अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद समेत अन्य विषयों पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के करीब 20 मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक, दूसरी बार अपराह्न दो बजे तक और फिर चार बजे तक के लिए स्थगित की गई। शाम चार बजे कार्यवाही पुन: शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने हंगामा नहीं थमने पर कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। सुबह सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुछ दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी। सभा ने उनके साथ ही पहलगाम हमले और अहमदाबाद विमान हादसे में तथा प्राकृतिक आपदाओं में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी।

**ब्रीफ न्यूज**

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** भारत के सबसे सम्मानित कम्युनिस्ट नेताओं में से एक और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस. अच्युतानंदन का सोमवार को 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। माकपा के प्रदेश सचिव एमवी. गोविंदन ने यहां बताया कि लगभग एक महीने पहले हृदयाघात के बाद यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए गए वरिष्ठ नेता का आज निधन हो गया। अच्युतानंदन ने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वह सात बार विधायक चुने गए, जिनमें से तीन बार वह नेता प्रतिपक्ष रहे।

### गुरुद्वारा नानक झिरा साहब में बम की धमकी

**बीदर।** कर्नाटक में बीदर स्थित गुरुद्वारा नानक झिरा साहिब में पिछले 48 घंटों के भीतर दो अलग-अलग बम की धमकी वाले ईमेल मिलने के बाद फैली दहशत के बीच सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के निदेशक पुनीत सिंह ने सिख तीर्थस्थल को पहली बार इस तरह की धमकियां मिलने की पुष्टि की है। कहा कि हमें 18 जुलाई की सुबह एक धमकी भरा मेल मिला और आज यह दूसरा है।

### मुख्यमंत्री स्टालिन अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम के स्टालिन को सोमवार सुबह की सैर के दौरान चक्कर आने बाद अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सा सेवा निदेशक डॉ. अनिल बीजी ने कहा कि स्टालिन को सुबह की सैर के दौरान चक्कर आया। जिसके बाद उन्हें अपोलो में भर्ती किया गया।


**अंदर देखें ... अंतस**





# बांग्लादेश का लड़ाकू विमान क्रैश, 19 की मौत

ढाका, एजेंसी

● **स्कूल परिसर में हुए हादसे में दर्जनों घायल, कई की हालत गंभीर**

बांग्लादेश वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सोमवार दोपहर यहां उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक स्कूल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे 19 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि यह चीन निर्मित एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षु विमान दोपहर ढाका के उत्तर क्षेत्र में माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। अग्निशमन सेवा एवं नागरिक सुरक्षा महानिदेशक ब्रिगेडियर जनरल जाहेद कमाल ने बताया कि दुर्घटना और उसके बाद लगी आग में 19 लोगों की मौत हो गई। कम से कम 50 गंभीर रूप से घायल हो गए।

मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय संबंधी विशेष सहायक मोहम्मद सईदुर रहमान ने बताया कि घायलों में ज्यादातर विद्यार्थी हैं जिनमें आठ की हालत गंभीर है। विमान के पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम का इलाज सीएमएच की गहन चिकित्सा इकाई में किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान ने दोपहर 1:06 बजे उड़ान भरी और कुछ ही देर बाद कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान धमाके के साथ स्कूल के चार मंजिले भवन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। इस भवन में कक्षा एक से सात तक के बच्चे पढ़ते हैं। अंतरिम सरकार ने 22 जुलाई को राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने दुर्घटना में लोगों के हताहत होने पर गहरा दुःख व्यक्त किया।

### मुंबई में रनवे से फिसला एयर इंडिया का विमान

**मुंबई।** कोच्चि से आ रहा एयर इंडिया का एक विमान सोमवार सुबह मुंबई हवाई अड्डे पर उतरते समय रनवे के बाहर निकल गया। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि विमान सुरक्षित रूप से उतर गया तथा सभी यात्री एवं चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। प्रवक्ता ने कहा कि 21 जुलाई 2025 को कोच्चि से मुंबई के लिए रवाना हुई उड़ान संख्या एआई2744 के हवाई अड्डे पर उतरते समय भारी बारिश हुई, जिसके परिणामस्वरूप वह हवाई अड्डे पर उतरने के बाद रनवे के बाहर निकल गया। डीजीसीए की एक टीम स्थिति का आकलन कर रही है।

# आगरा से जुड़ा अलीगढ़ धर्मांतरण का कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **खुफिया एजेंसियां अलर्ट, खंगाल रहीं उमर गौतम का नेटवर्क**

● **उमर की गिरफ्तारी के बाद सामने आया 33 महिलाओं का धर्मांतरण**

**अमृत विचार :** आगरा के धर्मांतरण गिरोह का कनेक्शन अलीगढ़ से जुड़ता दिख रहा है। धर्मांतरण व विदेशी फंडिंग में दोषी पाए जा चुके उमर गौतम का नेटवर्क अलीगढ़ तक फैला था। उसकी गिरफ्तारी के बाद मिली सूची में 33 महिलाओं के नाम मिले, जिनका 2018 में धर्मांतरण कराया गया था। अलीगढ़ से छांगुर बाबा का भी कनेक्शन खंगाला जा रहा है। इस मामले में अलीगढ़ पुलिस भी सतर्क हो गई है।

आगरा में धर्मांतरण गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद अलीगढ़ में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। धर्मांतरण के मामले में उमर गौतम नाम का एक व्यक्ति अवैध धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग के मामले में दोषी पाया गया था। जांच में पता चला है कि जनवरी से जुलाई के बीच में अलीगढ़ से 80 महिलाएं और 17 किशोरियां लापता हुई हैं। खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच कर रही है कहीं इन सभी का धर्मांतरण तो नहीं करा दिया गया है। उमर गौतम पहले अलीगढ़ की गरीब बस्तियों में जाकर लोगों से संपर्क करता था। उसने इसके लिए एक पूरी टीम बना रखी थी। यह टीम बस्तियों में जाकर धार्मिक पुस्तकें बांटती थी।

### सरगना अब्दुल रहमान गिरफ्तार

**लखनऊ।** आगरा धर्मांतरण गिरोह के सरगना को पुलिस ने दिल्ली के मुस्तफाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। उसके घर से हरियाणा के रोहतक की एक युवती को भी बरामद किया गया है। उसका असली नाम महेंद्र पाल सिंह है। वह फिरोजाबाद के रजावली का रहने वाला है। 1990 में धर्म बदलकर पहले ईसाई बना। फिर इस्लाम अपनाकर अब्दुल रहमान बन गया।

**मुंबई ट्रेन विस्फोट मामला**

# अभियोजन विफल, बरी हुए सभी 12 आरोपी

मुंबई, एजेंसी

● **कहा-विश्वास करना कठिन है कि उन्होंने यह अपराध किया**

● **19 साल पहले हुए आतंकी हमले में मारे गए थे 180 से अधिक**

मुंबई उच्च न्यायालय ने 11 जुलाई 2006 को हुए मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में सोमवार को सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है तथा यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है। यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे।

न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में प्रयुक्त बमों के प्रकार को रिकार्ड में लाने में भी असफल रहा है तथा जिन साक्ष्यों पर उसने भरोसा किया वे आरोपियों को दोषी ठहराने में विफल रहे हैं। उच्च न्यायालय ने 12 व्यक्तियों की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि गवाहों के बयान और आरोपियों के पास से कथित तौर पर की गई बरामदगी का कोई साक्ष्य मूल्य नहीं है। इनमें से पांच आरोपियों को विशेष अदालत ने सजा-ए-मौत और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पश्चिमी लाइन पर विभिन्न स्थानों पर मुंबई की लोकल ट्रेन में 11 जुलाई, 2006 को सात विस्फोट हुए थे, जिनमें 180 से अधिक लोग मारे गए थे और कई अन्य लोग घायल हुए थे। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है, इसलिए उनकी दोषसिद्धि रद्द की जाती है।

### फैसले का अध्ययन करेगी सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य सरकार बंबई उच्च न्यायालय के फैसले के गुण-दोष का आकलन करेगी। इसके बाद ही राज्य सरकार यह तय करेगी कि इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाए या नहीं। मुख्यमंत्री फडणवीस भी इस पर गौर करेंगे।

# उप राष्ट्रपति धनखड़ ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

● **राष्ट्रपति मुर्मू को भेजे इस्तीफे में स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया है। धनखड़ ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा है। अपने इस्तीफे में धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और चिकित्सा सलाह का पालन करने के लिए, मैं संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूं। धनखड़ ने राष्ट्रपति को भेजे पत्र में ये भी कहा कि उपराष्ट्रपति रहने के दौरान भारत की उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति और अभूतपूर्व घातीय विकास को देखना और उसमें भाग लेना सौभाग्य और संतोष की बात है। साथ ही कहा कि हमारे राष्ट्र के इतिहास के इस परिवर्तनकारी युग में सेवा करना एक सच्चा सम्मान है।

**पहल** | मुख्यमंत्री योगी का बड़ा फैसला, 60 वर्षों से 10 हजार परिवार झेल रहे थे विस्थापन

# पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों को मिलेगा भू-स्वामित्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **पीलीभीत, लखीमपुर, बिजनौर रामपुर के डीएम को भूस्वामी अधिकार देने के निर्देश**



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधि सम्मत भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। पीलीभीत, लखीमपुर, बिजनौर और रामपुर में रह रहे ऐसे 10 हजार से अधिक परिवारों को वहां के जिलाधिकारी भूस्वामी अधिकार देने की कार्यवाही शुरू करते हुए राजस्व रिकार्ड में दर्ज करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने आवास पर हुई बैठक में कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने शासन के अधिकारियों से कहा कि इन परिवारों के साथ संवेदना के साथ-साथ यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिन मामलों में पूर्व में भूमि का आवंटन गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के तहत हुआ था, उन्हें ध्यान में रखते हुए वर्तमान विधिक ढांचे में नए विकल्प तलाशे जाएं, क्योंकि यह अधिनियम 2018 में निरस्त किया जा चुका है। योगी ने कहा कि यह संवेदनशील प्रयास दशकों से उपेक्षित विस्थापित परिवारों के लिए एक नई उम्मीद और गरिमापूर्ण जीवन का द्वार खोलने वाला साबित हो सकता है। इसे केवल पुनर्वास नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवता और राष्ट्रीय जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए। कुछ स्थानों पर अन्य राज्यों से आए विस्थापित भी बसाए गए हैं, जो आज भी भूमि स्वामित्व से वंचित हैं। अद्यतन स्थिति के अनुसार एक ओर जहां कई गांवों में वर्षों से खेती कर रहे परिवारों ने भूमि पर स्थायी आवास बना लिए हैं, वहीं राजस्व अभिलेखों में उनके नाम आज भी दर्ज नहीं हैं। दूसरी ओर, कुछ ग्रामों में वास्तव में आज भी उन परिवारों का कोई अस्तित्व नहीं है, जिन्हें पहले वहां बसाया गया था। कई परिवारों ने बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए भूमि पर कब्जा किया है, जिससे समस्या हो रही है।

### घर और खेती थी, फिर भी अभिलेखों में नाम नहीं

प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरुप्रसाद ने बताया कि विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को प्रदेश के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जिले में पुनर्वासित किया गया था। प्रारंभिक वर्षों में इन परिवारों को ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से विभिन्न गांवों में बसाया गया और कृषि भूमि भी आवंटित की गई। लेकिन समय के साथ अभिलेखीय त्रुटियां, भूमि का वन विभाग के नाम दर्ज होना, नामांतरण की प्रक्रिया लंबित रहना अथवा भूमि पर वास्तविक कब्जा न होने जैसी कई प्रशासनिक व कानूनी जटिलताओं के चलते इन परिवारों को भूस्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं।

## सिटी ब्रीफ

### रूट निर्धारण के विरोध में ई रिक्शा चालकों का प्रदर्शन-नारेबाजी

**कानपुर।** ई रिक्शों की संख्या का किसी को सही अंदाजा नहीं है। इसलिए ई रिक्शों का रूट निर्धारण, पंजीकरण किया जा रहा है। जिन ई रिक्शों ने पंजीयन नहीं कराया है, उनकी पकड़ धकड़ शुरू हो गई है। ई रिक्शा चालक इसके विरोध में उतर आए हैं। सोमवार को ई रिक्शा चालकों ने बारकोड और रूट निर्धारित करने के विरोध में किदवई नगर, बारादेवी, रामादेवी समेत कई स्थानों पर प्रदर्शन किया। ई रिक्शा चालकों का कहना है कि वे परेशान हैं कि अपने घर का खर्च चलाएं या फिर ई रिक्शे की किस्त भरें। सरकार ने ई रिक्शों के माध्यम से लाखों लोगों को रोजगार दिया है लेकिन कुछ विरोधी सरकार को बदनाम करने के लिए ऐसी हरकत कर रहे हैं।

### सीवर भराव को लेकर किया प्रदर्शन

**कानपुर।** गोविंदनगर वार्ड 48 में स्थित 12 ब्लॉक में सीवरभराव से लोग परेशान हैं। पानी की टंकी के सामने सब्जी मंडी वाली सड़क के पास रहने वाले निवासियों के लिए बरसात मुसीबत बन गई है। इसको लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों ने बैनर लेकर प्रदर्शन किया। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से गलियों में बरसाती व सीवर पानी भरा है और कीचड़ जमा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से यह स्थिति बनी हुई है। नालियां ओवरफ्लो हो रही हैं। इलाकाई लोगों ने बैनर लेकर कीचड़ में खड़े होकर विरोध जताया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार पार्षद और अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

### गंगा में डूबे किशोर का पता नहीं चला

**कानपुर।** बीते शुक्रवार की शाम को पीएसी मोड़ नेताजी नगर निवासी 15 वर्षीय सूरज यादव अपने दोस्त साहदुल्लाहपुर निवासी 16 वर्षीय बेटे रौनक शुभम और राज के साथ साइकिल से जाजमऊ सिद्धनाथ घाट के पास गंगा नहाने के लिए गये थे। जहां पर नहाने के दौरान सूरज और रौनक डूब गये थे। घटना के बाद पुलिस ने दोनों की तलाश जारी रखी। जिसके चलते रविवार को पुलिस ने रौनक के शव को जाना गांव से बरामद कर लिया था। लेकिन सूरज के बारे में कुछ पता नहीं चल सका है।



सफाई कर्मचारियों के सम्मान समारोह को संबोधित करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

## 13वां स्थान आने पर सफाई मित्रों का किया सम्मान

- कानपुर नगर निगम ने स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2024 में भारत में 13वां स्थान हांसिल किया है। वहीं, गंगा किनारे स्वच्छ शहरों में तीसरा स्थान मिला है। इसको लेकर सोमवार को नगर निगम प्रांगण में सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महापौर प्रमिला पांडेय ने सफाई कर्मचारियों को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। करीब 1500 सफाई कर्मचारियों को इस दौरान सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त (प्रथम) मो. अवेश, जगदीश यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय शंखवार, डॉ. अमित सिंह गौर, अतिरिक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर और वरिष्ठ लिपिक रफजुल रहमान आदि थे।



सर्वोदय नगर में सड़क किनारे पसरा कूड़ा। अमृत विचार

## पहले कूड़ा हटाकर सफाई तो कराइए

- महापौर जी, ये तस्वीर आईना दिखाती है और आईना झूठ नहीं बोलता। जरा अपने कार्यालय से बाहर निकल कर पैदल सड़क पर चलिए फिर देखिए हकीकत आपने स्मार्ट सिटी को कैसे स्वच्छ रखा है। नगर निगम मुख्यालय के प्रमिला सभागार में महापौर के साथ नगर आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी ने सफाई कर्मियों को सम्मानित कर अपनी-अपनी पीठ थपथपा कर प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण की रैकिंग में वृद्धि का जश्न मनाया। जबकि शहर के पॉश इलाके सर्वोदय नगर में कूड़े के ढेर लगे हैं। सड़क पर बिखरे कूड़े में आवारा जानवर की धमा-चौकड़ी है। कूड़े के ढेर के सामने नगर निगम के रंग-बिरंगे कूड़ेदान मुंह चिढ़ा रहे हैं। डिप्टी पड़ाव चौराहे के पास, गोलाघाट बस्ती, हरबंश मोहाल, काकादेव में भी सड़कों पर कूड़ा बिखरा पड़ा है।

## न्यूरॉन में ईएसआई व सीजीएचएस कार्ड से भी इलाज

**कानपुर।** नवीन नगर, डबल पुलिया के पास स्थित न्यूरॉन सुपर हॉस्पिटल में अब मरीजों को ईएसआई व सीजीएचएस कार्ड से इलाज और ऑपरेशन की सुविधा दी जा रही है।



डॉ. आरके गुप्ता।

न्यूरॉन हॉस्पिटल के प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि न्यूरॉन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का ईएसआई व सीजीएचएस से सम्बद्धीकरण पूर्ण हो चुका है। कोई भी मरीज जिसका आयुष्मान कार्ड बना हुआ हो, उसको विश्वस्तरीय इलाज बहुत ही आसानी से उपलब्ध है। न्यूरॉन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने न्यूरो, स्पाइन, गैस्ट्रो, यूरो, गायनी व मेडिसिन विभाग से संबंधित सभी रोगों इलाज विश्वस्तरीय विशेषज्ञों द्वारा दिया जा रहा है।

# मंत्री जी, इस्पात नगर की दुर्दशा दूर कराएं

## व्यापारियों ने कहा कि मूलभूत सुविधाएं तक नहीं, आयरन वेलफेयर एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आयरन वेलफेयर एसोसिएशन फजलगंज का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित हुआ। इसमें नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। व्यापारियों ने मुख्य अतिथि लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान से इस्पात नगर की दुर्दशा सुधारे जाने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि इस्पात नगर औद्योगिक क्षेत्र में कारोबारियों के लिए मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने की। एमएलसी अरुण पाठक भी शामिल हुए। लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरकार व्यापारियों और उद्यमियों के हित में कार्य कर रही है। प्रदेश में 80 लाख लोग एमएसएमई योजना में लाभ ले रहे हैं। शहरी क्षेत्र में फ्लेटेड फैक्ट्री बना रहे हैं। इसमें उद्यमियों को इंसेंटिव का भी लाभ दे रहे हैं व शहर की बेकार पड़ी जमीनों व सरकारी फैक्ट्रीयों में योजनाए लाई जाएंगी।





शपथ ग्रहण समारोह में लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान से समस्याएं बताते कारोबारी। अमृत विचार

एमएलसी अरुण पाठक ने व्यापारियों व उद्यामियों के हित मे हमेशा साथ देने का आश्वासन दिया। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि स्टेट जीएसटी व सेंट्रल जीएसटी विभाग व्यापारियों व उद्यमियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। आयरन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज अग्रवाल व महामंत्री प्रदीप केडिया ने मंत्री से कहा कि फजलगंज से जुड़े इस्पात नगर में सड़कें बहुत खराब होने के साथ मूलभूत सुविधा नहीं है। इसके बावजूद केडीए अनिर्माण शुल्क मांग रहा है। व्यापारियों ने इससे राहत दिलाने की बात कही। शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, यूपी युवा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सरक्षक श्याम शुक्ला, भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री महेश सोनी व संयुक्त महामंत्री केके गुप्ता मौजूद रहे।

### धीरज अध्यक्ष

- शपथ ग्रहण समारोह में शपथ लेने वालों में आयरन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप केडिया, कोषाध्यक्ष सौरभ जैन, उपाध्यक्ष सितेश वर्मा, प्रभात जैन व जनार्दन चौधरी ने शपथ ली। इसी तरह अन्य पदाधिकारियों में मंत्री और पदाधिकारियों ने शपथ ली।

# महंगे शौक पूरा करने के लिए बन गए लुटेरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो अंतरजनपदीय लुटेरे गिरफ्तार माल बरामद
- 14 जुलाई को बिनगंवा में की थी घर से चोरी

**अमृत विचार।** महंगे शौक पूरा करने के लिए लूट और चोरी की घटनाओं का अंजाम देने वाले दो अंतरजनपदीय लुटेरे सेनपश्चिम पारा पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पूछताछ में दोनों ने छह घटनाएं कबूलीं। इनके पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपित उन्नाव के लंगरपुर गांव का रहने वाला अनुपम और पहाड़पुर के तुलसी नगर का अंशु द्विवेदी हैं।

डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि आरोपितों ने 14 जुलाई की रात को बिनगवां के कैलास नगर निवासी दिनेश कुमार अग्निहोत्री के बंद मकान से लैपटाप, दो मोबाइल, इयरबड्स, सोने की नाक की कील और चांदी की पायल समेत नकदी पार कर ले गए थे। रविवार रात आरोपितों को सकरापुर से धर दबोचा।

इसके बाद थाने लाकर पूछताछ की गई तो आरोपितों ने दिनेश अग्निहोत्री के घर चोरी और लूट समेत क्षेत्र में छह घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूली। इसके बाद इनकी निशानदेही पर चोरी किया गया लैपटाप, इयरबड्स समेत चोरी व लूट का माल बेचकर जमा किए गए 20 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ कई शहरों में चोरी व लूट के मामले दर्ज हैं, जिसमें अनुपम पर 20 और अंशु पर 15 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। डीसीपी के मुताबिक आरोपितों ने चोरी और लूट का माल बेचकर दो बाइक और महंगा मोबाइल खरीदा था। उनके साथियों का पता किया जा रहा है।

### दारोगा पर धारदार हथियार से किया हमला

- सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी की, जिसकी भनक लगने पर आरोपित अनुपम ने मौके से भागने का प्रयास किया तो थाने में तैनात दारोगा शिवम त्रिपाठी ने उसे दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश की। इस पर आरोपित ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। बचाव में दारोगा के बाएं हाथ में गहरा घाव हो गया। इसके बाद भी उसने आरोपित को दबोचकर जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद पीछे से पहुंचे साथी पुलिस कर्मियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# देश की हर भाषा-संस्कृति हमारी साझा विरासत, हिंसा बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत भाजपा की बैठक

**अमृत विचार।** भाजपा के एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत सोमवार को आवास विकास पनकी में बैठक हुई। जिसमें बिहार प्रदेश भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह 'रमन' और भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल मौजूद रहे।

बैठक में छठ पूजा समिति व बिहार मूल के शहरवासियों की भागीदारी रही। देश में भाषा के नाम पर बढ़ते विवादों पर चिंता व्यक्त की गई। विशेषकर महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु में हिंदी विरोध की राजनीति को लेकर प्रकाश पाल ने कहा कि तमिलनाडु में स्टालिन व महाराष्ट्र में राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे हिंदी का विरोध कर देश की एकता को खंडित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाषा संवाद का माध्यम है, विवाद का नहीं। ऐसी राजनीति भारत की आत्मा के खिलाफ है। किसी भी प्रदेश मेंभाषा के नाम पर हिंसा बर्दाश्त के काबिल नहीं है। प्रदेश और केंद्र सरकार इसके खिलाफ सख्त हैं। ब्रजेश सिंह 'रमन' ने कहा कि भारत विविधता में एकता वाला देश है। यहां हर भाषा, हर संस्कृति हमारी साझा विरासत है। हम हर राज्य के मूल निवासियों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं, न कि तोड़ने का। बैठक में छठ पूजा समिति के अध्यक्ष उमा शंकर यादव, कपिल देव सिंह, रवि यादव, आरपी सिंह, ह्रदेश पाठक, सुरेश गिरी, राकेश यादव, सुरेंद्र सिंह (राजन), जनक सिंह, गिरीश चंद्रा, वीरेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि चौबे आदि रहे।



एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

## व्यापारिक सम्मेलन 10 अगस्त को

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की ओर से 10 अगस्त को व्यापारिक सम्मेलन आयोजित होगा। इस समारोह में व्यापारियों का सम्मान भी किया जाएगा। सोमवार को बैठक में प्रदेश प्रभारी एवं अध्यक्ष कपिल सब्बरवाल, चेयरमैन ऋषि कत्याल महामंत्री रंजीत सिंह बिल्लू व युवा अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2024 में 12 अगस्त को उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की कानपुर इकाई का गठन किया गया था। जिसका प्रथम वार्षिक उत्सव सम्मेलन एवं व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन 10 अगस्त को होगा।

**हेल्थ अलर्ट** | जीएसवीएसएस पीजीआई के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में पहुंच रहे पेट रोगी

# हर चौथा व्यक्ति मिल रहा फैटी लिवर वाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**200** के करीब मरीज रोज पेट रोग के आते | **60** फीसदी मरीज 15 से 30 वर्ष के युवा हैं

- मैदा युक्त चीजों के अधिक सेवन से बढ़ रही लिवर की समस्या



**अमृत विचार।** मैदा युक्त चीजों पिज्जा, बर्गर, ब्रेड, बिस्कुट आदि के ज्यादा सेवन से न सिर्फ लोगों के लिवर में सूजन की समस्या बढ़ रही है, बल्कि जीएसवीएसएस पीजीआई (कानपुर पीजीआई) के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में हर चौथा व्यक्ति फैटी लिवर से ग्रस्त मिल रहा है। मैदा युक्त चीजों को पचाने में लिवर को काफी मेहनत करनी पड़ती है। मैदे में फाइबर की मात्रा कम होती है।

जीएसवीएसएस पीजीआई (कानपुर पीजीआई) के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में प्रतिदिन 200 के करीब मरीज पेट संबंधित समस्या से ग्रस्त होकर पहुंच रहे हैं, जिनमे 15 से 30 वर्ष के युवा 60 फीसदी शामिल हैं। कुछ मरीज हैलट अस्पताल के मेडिसिन विभाग भी आते हैं। गैस्ट्रोलॉजी विभाग के डॉ. विनय कुमार ने बताया कि मरीजों द्वारा जानकारी मिलती है कि भूख लगने पर वह फास्ट फूड का सेवन कर लेते हैं, जिसके बाद उन्हें घर का बना खाना अच्छा नहीं लगता है। फास्ट फूड में वेज रोल, अंडा रोल, पनीर रोल, पिज्जा, बर्गर, मोमोस, चाऊमीन, मैगी आदि मरीज अधिक खाते हैं। कई मरीज तो प्रतिदिन या सप्ताह में तीन से चार बार फास्ट फूड खाते हैं। इससे लिवर से संबंधित समस्या बढ़ती है। ओपीडी में आने वाला हर चौथा मरीज फैटी लिवर से ग्रस्त मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मैदा शरीर को बहुत नुकसान करता है, क्योंकि इसमे फाइबर की मात्रा कम होती है। फाइबर पाचन क्रिया को धीमा करने और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। मैदा पच तो जाता है लेकिन यह रक्त शर्करा के स्तर को तेजी से बढ़ाता है। इससे लिवर को अधिक काम करना पड़ता है और तब फैटी लिवर की समस्या होती है। फाइबर की कमी से लिवर में सूजन की समस्या भी होती है।

### लिवर खराब होने के मुख्य लक्षण

- जी मिचलाना और उल्टी
- पेट की सूजन
- त्वचा में खुजली
- नींद की कमी
- पैरों में सूजन

### इस तरह रख सकते हैं लिवर को स्वस्थ

- फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करें
- खाने में साबुत अनाज, फल और सब्जियां शामिल करें।
- चीनी, वसा, और नमक का सेवन कम करें।
- शराब का सेवन सीमित मात्रा में या न करें।
- नियमित रूप से व्यायाम जरूर करें।
- अपने वजन को नियंत्रण में रखें।
- पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें।



दादा नगर औद्योगिक क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। अमृत विचार

## उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र दादा नगर में फलदार पौधे लगाए

**कानपुर।** दादा नगर स्थित कोआपरेटिव इस्टेट औद्योगिक क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए 654 फलदार पौधे लगाये गये। 2100 फलदार पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया। चेयरमैन विजय कपूर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कोआपरेटिव इस्टेट स्थित 'मलिक देशराज कपूर पार्क' में 654 फलदार पौधे उद्यमियों द्वारा लगाये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई एवं वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक अजय ने किया। इस अवसर पर श्री विश्नोई ने औद्योगिक क्षेत्र की नवनिर्मित आन्तरिक सी.सी. रोड का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेश पुरी, हरीश ईसरानी, मुकेश श्यामदासानी, राम जसनानी, दिनेश कुशवाहा, बलराम नरूला, प्रवीन पुरी, बसन्त लाल आदि थे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मुन्नीलाल पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम तेलवारी थाना रामनगर जनपद बाराबंकी** का निवासी हूं मेरे बड़े लड़के सुशील कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है इस लिए मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इनके द्वारा अपराधिक सहित अन्य कोई कृत्य किया जाता है तो यह स्वयं जिम्मेदार होगें।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजकुमारी गुप्ता पत्नी महेश शंकर गुप्ता निवासी- प्लैट संख्या A-2/4 सुलभ आवास सेक्टर-6 गोमती नगर विस्तार लखनऊ,** मेरा एलाटमेंट पत्र वास्तव में कही खो गया है इसका दुरुपयोग होने पर मेरी जिम्मेदारी नही है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम ओमप्रकाश पुत्र संकटा प्रसाद है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरे आधार सं 6685 3689 9175 में मेरा नाम राम प्रकाश अंकित हो गया है जो कि गलत है भविष्य में मुझे मेरे सही ओमप्रकाश पुत्र संकटा प्रसाद के नाम से जाना व पहचाना जाएगा। एतद द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारित्तायें है मेरे स्वयं द्वारा पूर्ण की गई है। **ओम प्रकाश पता-निवासी मालवा पोस्ट अखबेल्पुर लोनहर जिला हरदोई**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सवनी पुत्र फकीरे निवासी 84/64, गेट नं0-3, सकेरा इस्टेट, कानपुर नगर,** मेरा आधार कार्ड सं0-3875 9175 0051 तथा पैन कार्ड सं0-DJFPS9835E है। जिसमें मेरा नाम सऊनी (Saooni) पुत्र (Fakeere ) अंकित है जो कि गलत है तथा पैन कार्ड में मेरा नाम-Savni पुत्र ( Fakeerey) अंकित है जो कि सही है। यहकि मेरा सही नाम सवनी (Savni) पुत्र फकीरे (Fakeerey) अंकित कर पढ़ा व समझा जावे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम यामिनी सिंह पुत्री अजीत कुमार सिंह है जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 817402925891 में उसका नाम जानवी सिंह हो गया है जो कि गलत है भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम यामिनी सिंह पुत्री अजीत कुमार सिंह के नाम से जाना हुआ पहचाना जाए। एतद द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है। **अजीत कुमार सिंह पुत्र जितेन्द्र बहादुर सिंह। निवासी ग्राम शहाबुद्दीनपुर कादीपुर सुलतानपुर।**

**सूचना**

हमारे द्वारा क्रय की गई संपत्ति संख्या सी 3006 इंदिरा नगर लखनऊ के विक्रय विलेख क्रमांक 3677 दिनांक 29.07.2017 जो सब रजिस्टार तृतीय मैं दर्ज हैं के पृष्ठ संख्या 3 पर पूर्व विक्रय विलेख का दफा 60 में अंकित खंड संख्या 2785 व क्रमांक 1229 त्रुटिवस अंकित हो गया था जबकि सही खंड 3785 व क्रमांक 7229 है जो सत्य व सही है। **रविंद्र नाथ अवस्थी एवं राधा अवस्थी मो0 9415053319**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रामेश्वर पुत्र राम प्रसाद व कान्ति पत्नी रामेश्वर निवासीगण ग्राम अटहरी पोस्ट हेतमापुर थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी** की हूं। मेरे छोटे लड़के अमरेश का चाल चलन ठीक नहीं है इस लिए मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इनके द्वारा अपराधिक सहित अन्य कोई भी कृत्य किया जाता है तो यह स्वयं जिम्मेदार होगें।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शेख अख्तर पुत्र शेख सत्तार व साहिरा बानों पत्नी शेख अख्तर, निवासीगण-मोहल्ला ब्रम्हनी टोला कस्बा व तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी**, मैने अपने पुत्र हैदर अली व बहू मनतशा पत्नी हैदर अली के गलत चाल-चलन के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उपरोक्त द्वारा कोई कृत्य, वाद-विवाद, लेन देन, या किसी प्रकार का कोई कृत्य यदि करते है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मुझसे किसी भी प्रकार का कोई लेना-देना नही है। ना ही कोई वास्ता व सरोकार ही रहेगा।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# बढ़ेंगे पिंक ट्वॉयलेट, 20 नए बनाए जाएंगे

## अभी बाजारों, रास्तों पर हजारों महिलाओं को होना पड़ता है परेशान, नगर निगम ने टेंडर निकाला

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम ने शहर में 20 नए पिंक ट्वॉयलेट के निर्माण और संचालन को लेकर टेंडर जारी कर दिए हैं। 30 जुलाई तक ई-टेंडर में कार्यदायी संस्थाएं शामिल हो सकती हैं। नगर निगम के मुख्य अभियंता एसएफए जैदी ने बताया कि 15 वर्षों के लिए पिंक टॉयलेट का संचालन भी कंपनी को ही करना होगा। बता दें कि शहर के प्रमुख बाजारों, पार्क, मुख्य रास्तों में अभी पिंक ट्वॉयलेट की संख्या न के बराबर है। इससे युवतियों व महिलाओं को काफी परेशान होना पड़ता है।

शहर में पुरुषों के लिए तो शौचालय बने हैं, लेकिन गिनती के जो 3 शौचालय महिलाओं के लिए बने हैं उनपर भी पुरुषों का कब्जा है। एक आंकड़े के अनुसार शहर में रोजाना 5 लाख से अधिक महिलाएं खरीदारी और नौकरी के लिए घर से बाहर निकलती हैं। लेकिन, जब प्रसाधन के इस्तेमाल की बारी आती है तो इन्हें परेशान होना पड़ता है। अशोक नगर मोतीझील लाजपत भवन के सामने पिंक ट्वॉयलेट बना हुआ है। लेकिन, इसपर पुरुषों का कब्जा रहता है। यहां रोजाना 5 हजार महिलाएं रोज टहलने पहुंचती हैं, ऐसे में प्रसाधन की जरूरत पड़ने पर भी ट्वॉयलेट के इस्तेमाल से बचती हैं। नानाराव पार्क फूलबाग में बने पिंक ट्वॉयलेट की हालत खराब है। यहां महिलाएं कम ही जाती हैं। बिरहाना रोड पर बने ट्वॉयलेट का आसपास आने वाली महिलाएं इस्तेमाल करती हैं।



मोतीझील लाजपत भवन के सामने पिंक ट्वॉयलेट बना हुआ है। अमृत विचार

### यह है आपका अधिकार

- कोई भी होटल, रेस्टोरेंट या अन्य प्रतिष्ठान आपको शौचालय/यूरिनल के इस्तेमाल से मना नहीं कर सकते। संविधान के अनुच्छेद 15 (2) में नागरिकों के अधिकार के तहत किसी भी नागरिक को किसी होटल, रेस्टोरेंट, सिनेमा हाल या ढाबे जैसे सार्वजनिक स्थल पर प्रवेश करने से रोका नहीं जा सकता। इस तरह के मामलों में 'द सरायज एक्ट, 1867' का जिक्र किया जाता है। इसमें कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी होटल, रेस्टोरेंट में शौचालय का मुफ्त इस्तेमाल कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति होटल-रेस्टोरेंट का ग्राहक नहीं है, इसके बाद भी उसे शौचालय या पेयजल सुविधा देने से इन्कार नहीं कर सकता।

**30** जुलाई तक ई टेंडर में शामिल होने का मौका

**15** वर्षों तक संचालन करना होगा कंपनी को

**03** स्थानों पर शहर में अभी पिंक ट्वॉयलेट

### इन बाजारों में पिंक ट्वॉयलेट की जरूरत

- शहर के सभी प्रमुख बाजार गुमटी नंबर पांच, पीरोड व सीसामऊ बाजार, नवीन मार्केट, चावला मार्केट गोविंद नगर, शिवाला बाजार, कर्रही बाजार, नौबस्ता बाजार, किदवई नगर बाजार, बिरहाना रोड, नवीन मार्केट आदि में पिंक ट्वॉयलेट की बहुत जरूरत है।

### यहां भी महिला शौचालय की जरूरत

- पुलिस लाइन, परेड चौराहा, बड़ा चौराहा, कोपरगंज चौराहा, रोटी गोदाम, रामादेवी, चकेरी एयरपोर्ट के पास, जाजमऊ, पहाड़पुर चुंगी, पटेल नगर, कान्हा गोशाला जाजमऊ, संजय वन किदवई नगर, झकरकटी बस स्टेशन, साकेत नगर, हर्षनगर, बारादेवी चौराहा, राखी मंडी, किदवईनगर चौराहा, विजय नगर चौराहा, शास्त्रीनगर चौराहा।

> शहर के 20 विभिन्न स्थानों पर पिंक शौचालयों का निर्माण और संचालन के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। 30 जुलाई तक कंपनियां भाग ले सकती हैं। 6 महीने में कंट्रक्शन वर्क पूरा करना होगा।
>
> – एसएफए जैदी, मुख्य अभियंता

## सिटी ब्रीफ

### सीएचसी से गायब मिलीं दो महिला स्टाफ

**कानपुर।** कल्याणपुर सीएचसी में सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी पहुंचे, उन्होंने सीएचसी का निरीक्षण कर उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। निरीक्षण में उन्हें एक लैब टेक्निशियन खुशी और वार्ड आया अनुपस्थित मिली। डॉक्टर से जानकारी की तो पता चला कि लैब टेक्निशियन की तबीयत खराब है, जिसके कारण वह नहीं आ सकी। जबकि वार्ड आया रेखा 17, 18, 19 व 20 जुलाई तक आकस्मिक अवकाश पर थीं, लेकिन वह 21 जुलाई को भी नहीं आईं। सीएमओ ने बताया कि सीएचसी अधीक्षक से जवाब मांगा गया है। इसके अलावा संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान में डॉक्टरों व स्टाफ को मॉनिटरिंग बढ़ाने का सुझाव दिया गया है।

FUTURE UNIVERSITY
Learn · Assimilate · Transcend
Grow Knowledge Cultivate the Future
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
B.Sc. (Hons) Agriculture
M.Sc. Agronomy
ADMISSION CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9105057520, 9105057515
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

# पीरोड और आर्यनगर में सड़कें धंस गईं, यातायात बाधित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीवर लाइन के लीकेज से धंसी सड़कें, आज से मरम्मत

**अमृत विचार।** शहर में सड़कों का धंसना कम नहीं हो रहा है। पॉश इलाके आर्य नगर और पीरोड में सीवर लाइन के लीकेज की वजह से सड़क धंस गई। इससे यातायात प्रभावित हो गया है और दुर्घटना का भी खतरा है। नगर निगम ने जलकल को तत्काल बैरीकेडिंग कर मरम्मत करने के लिए पत्र लिखा है।

जोन-4 वार्ड 59 के अन्तर्गत पीरोड पर बाल समाज स्कूल के पास सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे डॉट नाला क्षतिग्रस्त होने के साथ सड़क धंस गई है। सीवर लाइन लीकेज होने से डॉट नाला क्षतिग्रस्त होकर बैठ गया। जिससे सड़क धंस गई है। वर्तमान में वर्षा के समय जल भराव होने पर धंसी सड़क का अनुमान लगा पाना सम्भव नहीं है। जोन-4 वार्ड 10 में आर्य नगर स्थित छप्पन भोग के पास सीवर लाईन क्षतिग्रस्त होने से सड़क धंस गई है। नगर निगम ने कहा है कि ऐसी स्थिति में स्थल पर जान-माल को नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। नगर निगम ने जलकल से तत्काल बैरीकेडिंग करने व क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि इससे पहले बारिश में ब्रह्मनगर, भूसाटोली, शास्त्री चौक समेत कई इलाकों में सड़कें धंस चुकी हैं।

# गुजैनी में डिवाइडर पर चढ़ा ट्राला, हाईवे जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भौंती हाईवे पर गुजैनी के पास एक हैवी ट्राला कार में टक्कर मारकर डिवाइडर पर चढ़कर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के चलते हाईवे पर भीषण जाम लगा और कई किमी तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। देर शाम जाम को खुलवाने की कोशिश में ट्रैफिक टीम जूझती रही।

सोमवार को भौंती की ओर से आ रहा 14 चक्के वाला ट्राला गुजैनी के पास एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ गया। ट्राले का आधा भाग दूसरी ओर लटक गया जिससे हड़कंप मच गया। घटना के चलते हाईवे पर जाम लग गया। घटना की जानकारी मिलते ही गुजैनी थाना की पुलिस और ट्रैफिक की टीम मौके पर पहुंची। भौंती हाइवे जाम होने के बाद पनकी से रामादेवी तक बनाए गए सर्विस लेन पर भी हजारों वाहन आ गए जिससे सर्विस लेन भी जाम में फंसा रहा।


गुजैनी के पास दुर्घटनाग्रस्त ट्राला। अमृत विचार

### हैलट पुल समेत कई जगह भीषण जाम

- सोमवार को हैलट पुल, जरीब चौकी, जीटी रोड, कालपी रोड समेत कई मार्गों पर भीषण जाम लगा। कई स्थानों पर सड़कें उखड़ने, जलभराव के कारण जाम की समस्या आई। हैलट पुल पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई जिसे छुड़ाने के लिए ट्रैफिक की टीम मौजूद नहीं थी। इसी प्रकार जीटी रोड पर सिटी क्लब के पास से जरीब चौकी तक सड़कें उखड़ी होने और बजरी फैलने के कारण कई बाइक सवार फिसलकर गिर गए।

# इस माह के अंत में चालू हो जाएगा दादानगर पुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दादा नगर समानांतर पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसकी खुशी में सांसद रमेश अवस्थी और गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने पुल पर मार्च करके मोदी और योगी के जयकारे भी लगा दिए थे। कहा था तीन-चार दिन में पुल चालू हो जाएगा। लेकिन पुल चालू नहीं हो सका है।

उत्तर-दक्षिण को जोड़ने वाले सभी पुल सुबह और शाम जाम की गिरफ्त में रहते हैं। जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए दादा नगर समानांतर पुल का निर्माण जून 2023 में शुरू किया गया था। 13 जुलाई को सांसद रमेश अवस्थी और गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने समर्थकों के साथ पुल पर मार्च करके मोदी व योगी जिंदाबाद के नारे लगाए थे और इसका संचालन तीन से चार दिनों में शुरू होने का आश्वासन दिया था। लेकिन पुल पर जरूरी कार्य पूरे नहीं हो सके हैं।

## नारायण भदौरिया की हिस्ट्रीशीट खुली

**कानपुर।** जेल गए अधिवक्ता दीनू उपाध्याय गैंग के सदस्य नारायण सिंह भदौरिया के खिलाफ किदवई नगर थाने से हिस्ट्रीशीट की कार्रवाई की गई है। फरार चल रहे नारायण सिंह पर शहर के अलग-अलग थानों में सरकारी जमीन पर कब्जा और धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में 10 मुकदमे दर्ज हैं। नौबस्ता और कोहना थाना से उस पर 20-20 हजार रुपये का इनाम भी है।

# सोना लेकर भागा कारीगर पंजाब से गिरफ्तार, माल बरामद किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरोपी को लेकर कानपुर पहुंची पुलिस, कोतवाली में पूछताछ

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र के धोबी मोहाल स्थित गर्ग मार्केट निवासी सर्राफ शुभांकर सामंता का 150 ग्राम सोना लेकर भागे कारीगर सुजीत सामन्ता को पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस न आरोपी के पास से चोरी गया सोना भी बरामद कर लिया है।

मूल रूप से पश्चिमी मेदनी निवासी शुभांकर सामंता इन दिनों चौक के धोबी मोहाल स्थित गर्ग मार्केट में आभूषण बनाने का कारखाना संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके कारखाने में कई कारीगर काम करते हैं। एक कारीगर सुजीत सामन्ता 9 जुलाई को उनका 150 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया था। सभी परिचितों के यहां पता किया था लेकिन वह नहीं मिला था। इसके बाद उन्होंने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके बाद से पुलिस उसे तलाश रही थी। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से उसे पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित शुभांकर ने बताया कि उसके गांव से 25 किलोमीटर की दूरी पर ही आरोपी का गांव है। वहां संपर्क करने पर उसके पिता सुदर्शन सामन्ता ने बताया था कि सुजीत गांव नहीं पहुंचा। इसके बाद से वह भी अपने संपर्कों से उसकी तलाश कर रहे थे।

## 770 अवैध विज्ञापन पटों को हटाया

**कानपुर।** नगर निगम की ओर से अतिक्रमण अभियान के अन्तर्गत सोमवार को सभी जोनों में अवैध एवं अनाधिकृत रूप से लगे विज्ञापन-पटों को हटाया गया। नगर निगम ने अलग-अलग क्षेत्रों में अभियान चलाकर 650 क्यास्क, 55 बिल बोर्ड व 65 रोड क्रास बैनर कुल समेत 770 अवैध विज्ञापन-पटों को हटाया। इसके साथ ही जोन में गृहकर, नामान्तरण, त्रुटि सुधार की आपत्तियों को लेकर समाधान शिविर लगाया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगे शिविर में 10 आवेदन आए।

**लापरवाही** आरपीएफ का लगेज स्कैनर सफेद हाथी, स्टेशन पर दर्जनभर से अधिक चोर दरवाजे

# सावन में भी स्टेशन की सुरक्षा बेहद लचर


स्कैनर से सामान नहीं चेक करा रहे यात्री। अमृत विचार


निकास द्वार पर कोई रोकने-टोकने वाला नहीं। अमृत विचार

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन को जांच एजेंसियों ने अतिसंवेदनशील स्टेशनों की श्रेणी में रखा है क्योंकि स्टेशन पर बम विस्फोट भी हो चुका है और कई बार स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी भी मिल चुकी है। इसके बावजूद स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है।

सावन के दूसरे सोमवार पर सेंट्रल स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था का अमृत विचार संवाददाता ने जायजा लिया तो सब कुछ हवा में मिला। कैंट साइड में स्टेशन के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगा हुआ है और बगल में ही लगेज स्कैनर भी लगा है जिसमें यात्रियों के लगेज की जांच होती है। लेकिन लगेज स्कैनर में यात्री सामान की चेकिंग कराए बिना ही मेटर डिटेक्टर से होकर आ जा रहे हैं। लगेज स्कैनर पर ड्यूटी पर आरपीएफ टीम तैनात रहती है और स्क्रीन पर हर लगेज का बारीकी से जांच होना चाहिए लेकिन आरपीएफ ने ये काम यात्रियों के विवेक पर जैसे छोड़ दिया है। यदि आपको लगे तो अपने सामान की चेकिंग कराइए, अन्यथा आराम से सामान लेकर बिना चेक कराए चले जाइए।

### निकास द्वार पर टीसी तक नहीं

- सेंट्रल स्टेशन पर कैंट साइड में निकास द्वार पर टिकट कलेक्टर तक नहीं दिखाई दिया, कुर्सी पड़ी थी लेकिन वहां कोई नहीं थी। तमाम यात्री इसी निकास द्वार से सेंट्रल स्टेशन के अंदर प्रवेश कर रहे थे। कई यात्री तो मुंह में कपड़ा बांधे, हाथ में बैग या झोला लिए स्टेशन के अंदर प्रवेश कर रहे थे। ये निकास द्वार प्रवेश द्वार से पांच कदम की दूरी पर है।

### सिटी साइड का और बुरा हाल

- सेंट्रल स्टेशन के सिटी साइड का भी बुरा हाल है। यहां कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। घंटाघर की ओर से बनाए गए अस्थाई मार्ग से होते हुए लोग बेधड़क आ जा रहे हैं जबकि सेंट्रल स्टेशन पर सबसे ज्यादा यात्रियों का आवागमन सिटी साइड से ही है लेकिन स्टेशन की सुरक्षा भगवान भरोसे हैं।

> बिना लगेज स्कैनर में चेक हुए कोई भी यात्री सामान नहीं ले जा सकता है। स्कैनर से चेकिंग के लिए पूरी टीम प्रवेश द्वार पर मौजूद रहती है।
>
> -सिद्धनाथ पाटीदार, पोस्ट प्रभारी, आरपीएफ सेंट्रल स्टेशन

होम्योपैथी द्वारा जटिल व असाध्य रोग को जड़ से ठीक किया जा सकता है

डॉक्टर क्षितिज पाण्डेय जो कि उत्कृष्ठ इलाज के कारण कई बार सम्मानित किये जा चुके है, कानपुर में पनकी रोड पर राय फुट वियर के पास और कन्नौज के छिबरामऊ में छपट्टी माली वाली गली में क्लीनिक पर बैठते है

सन 1975 से संचालित


डॉ. क्षितिज पांडेय
B-H-M-S (Gwalior)
Reg-No-H-29455 (Lko)


डॉ. सत्य प्रकाश पांडेय
C-H-P2515B-H (चंडीगढ़)

**सर मुझे फैटी लिवर है और पाइल्स है क्या होम्योपैथिक इलाज से ठीक हो सकता है? (अनुज सिंह, हरदोई)**
बिल्कुल होम्योपैथिक इलाज से फैटी लिवर और पाइल्स का इलाज संभव है और जड़ से ठीक होता है अगर आपको पाइल्स में खून आ रहा या कब्ज है गैस है सीने में जलन है आँव भी आती है पेट की सभी समस्या जड़ से ठीक हो जाती है।

**सर मुझे बच्चेदानी में गाँठ है और पीरियड्स भी ठीक से नहीं होता, क्या होम्योपैथिक इलाज से ठीक हो सकता? (अनामिका, गोविन्द नगर)**
जी बिल्कुल होम्योपैथिक इलाज से अगर पीरियड ठीक से नहीं आता अगर बच्चेदानी की गाँठ है या ओवरी में गांठ है या महिलाओं में स्तन गाँठ है या आपको सफेद पानी की शिकायत है तो वो भी जड़ से ठीक हो जाएगा।

**सर मुझे गर्दन कमर में दर्द है चक्कर भी आते है क्या ठीक हो सकता ? (विनोद, लालबंगला)**
जी बिल्कुल होम्योपैथिक इलाज से आपको सर्वाइकल हो या सर दर्द हो या स्लिप डिस्क हो या सियटिका हो या गठिया बात रोग वो भी जड़ से ठीक हो जाएगा।

**सर मेरी नाक बंद रहती है छींके आती है लगता Sinus तो नहीं ? (रमेश रस्तोगी, कानपुर देहात)**
जी हॉ आपको Sinus हो सकता है होम्योपैथिक इलाज से छींके आना, नाक बंद होना, Polypus हो या Sinus सभी जड़ से ठीक हो जाता है।

**सर मेरे बाल बहुत झड़ते है झाइयां है और मुंहासे भी हैं, क्या जड़ से ठीक हो सकते? (रेनू, छिबरामऊ)**
जी बिल्कुल होम्योपैथिक इलाज से मुंहासे, झाइयां, मस्से और बालों का झड़ना जड़ से ठीक हो जाता है।

**सर मुझे किड़नी में पथरी है कई जगह इलाज करवाया ठीक नहीं हो रही क्या ठीक हो सकती है? (रामचन्द्र गुप्ता, बिठूर)**
यदि आपकी किडनी में स्टोन है तो आप बिल्कुल निश्चिन्त हो जाइए क्योंकि होम्योपैथी में इसका कंप्लीट ट्रीटमेंट मौजूद है और बहुत ही कम समय में पथरी पेशाब के द्वारा बहुत जल्द निकल जाएगी किडनी स्टोन, hydronephrosis, Creatnine बढ़ गया हो या गॉलब्लैडर स्टोन या फिर पेशाब में जलन, दर्द हो तो वह भी होम्योपैथी से बहुत ही जल्द ठीक किया जा सकता है।

**सर मुझे प्रोस्टेट है ऑपरेशन भी करवा चुका हूँ क्या ठीक हो सकता ? (अभिषेक, रनियां)**
जी बिल्कुल होम्योपैथिक इलाज से प्रोस्टेट जड़ से ठीक हो जाता।

**सर मुझे हायड्रोसील है क्या ठीक हो सकता? (अवधेश तिवारी, कल्याणपुर)**
जी बिल्कुल हायड्रोसील होम्योपैथिक इलाज से ठीक जो जाता है।

**सर मुझ हर्निया है क्या जड़ से ठीक हो सकता? (छोटेलाल, शारदा नगर**
जी बिल्कुल होम्योपैथिक इलाज से सभी प्रकार का हर्निया जैसे inguinal या umblical या hitus तीनों ठीक हो जाते है।

**सर मेरे ब्रेस्ट में ठोस, गोल, आकार की गांठ महसूस होती है। लेकिन दर्द नहीं होता है कहीं कैंसर की संभावना तो नहीं? (रश्मि, नवाबगंज)**
इसे मेडिकल टर्म में ब्रेस्ट फाइब्रॉयड एनोमा कहा जाता है इसमें घबराने की कोई बात नहीं है क्योंकि इन केसेस में कैंसर की संभावना न के बराबर होती है इसका होम्योपैथी में कंप्लीट ट्रीटमेंट होता है, और सर्जरी की जरूरत भी नहीं पड़ती है।

**डॉक्टर मुझे समय से पीरियड्स नहीं आते हैं और चिड़चिड़ापन भी रहता है? (आरती पाल, कल्याणपुर)**
आजकल के लाइफस्टाइल और गलत खानपान के कारण ऐसी समस्याएं महिलाओं में आम हो चुकी हैं इस समस्या को पीसीओडी कहा जाता है इसमें मोटापा बढ़ाना, चिड़चिड़ापन रहना , बालों का झड़ना, आदि भी समस्याएं होती हैं यह अनुवांशिक भी होता है जो की पीढ़ी दर पीढ़ी बढ़ता रहता है इसका समय से इलाज करवाना जरूरी है नहीं तो निसंतानता का भी सामना करना पड़ सकता है।

**सर मेरी शादी हो चुकी है और मेरा एक 4 साल का बेटा भी है लेकिन मुझे अक्सर पेट या पीठ के निचले हिस्से में दर्द रहता है और सेक्स के दौरान ही दर्द होता है पेट के निचले हिस्से में भारीपन सूजन भी महसूस होती है मुझे क्या करना चाहिए ? (सरोज तिवारी, मसवानपुर)**
आपके लक्षणों के हिसाब से ऐसा लगता है कि आपको गर्भाशय में गांठ हो सकती है गर्भाशय फाइब्रॉयड बहुत आम है यह किसी भी उम्र में हो सकते हैं लेकिन उम्र बढ़ाने के साथ उनके होने की संभावनाएं अधिक होती हैं यह 30 से 40 वर्ष की आयु के लोगों में सबसे ज्यादा होती हैं अक्सर शरीर में जब हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है तब यह फाइब्रॉयड भी बढ़ाते हैं अधिकतर गर्भावस्था के दौरान ये बढ़ते हैं ऐसे में मेरी सलाह यह है कि आप पनकी रोड कल्याणपुर स्थित क्लीनिक में आप मुझसे मिलें और ट्रीटमेंट शुरू कर दें कुछ समय बाद अल्ट्रासाउंड करने के बाद आपको पता चल जाएगा की आप बिल्कुल ठीक हो चुकी हैं क्योंकि होम्योपैथी में अच्छा इलाज लक्षणों के आधार पर होता है और काफी कम समय में जटिल वह असाध्य रोग भी ठीक हो जाते हैं।

**''होम्योपथिक इलाज एक लक्षणों पर आधारित ट्रीटमेंट होता है इसमें पेशेंट् सही तरीके से डॉक्टर को अपनी बीमारी के बारे में बताए तो जटिल से जटिल रोग जड़ से ठीक हो सकता। हरी सब्जी का सेवन करे और व्यायाम करे।''**


कैबिनेट मंत्री माननीय श्री नंद गोपाल गुप्ता (नंदी) द्वारा सम्मानित


विधानसभा अध्यक्ष माननीय श्री सतीश महाना जी द्वारा सम्मानित


उप मुख्यमंत्री/ स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्री बृजेश पाठक जी द्वारा सम्मानित

महिलाओं पुरुषों एवं बच्चो में होने वाले किसी भी प्रकार के रोगों के इलाज के लिए सम्पर्क करें

कानपुर क्लीनिक : पनकी रोड कल्यानपुर नियर कश्मीर साड़ी (राय फुटवियर) समय रविवार व गुरुवार 11 बजे से शाम 6 बजे मंगलवार व बुधवार 11 से 2 (सुबह) एवं शाम 5:30 से 8:30 बजे तक

छिबरामऊ (कन्नौज) : आवास विकास कॉलोनी के सामने माली वाली गली छपट्टि छिबरामऊ (समय-सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक)

drkshitijpandey.com | Follow us on

9454230549, 9721666611 (कृपया इन नंबरो पर बात करके समय लेकर आए)

Advertisement

अमृत विचार

कानपुर, मंगलवार, 22 जुलाई 2025



# मंदिरों में हुजूम, हर-हर महादेव का जयकारा

## सावन के दूसरे सोमवार पर मंदिरों में रही भारी भीड़, देर रात से लाइनों में लगे रहे भक्त, कड़ी सुरक्षा रही



आनंदेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करते भक्त। अमृत विचार



मंदिरों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। अमृत विचार



मंदिर के बाहर लगी लाइन में जयकारे लगाते भक्त। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सावन के दूसरे सोमवार पर महादेव के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों के बाहर दर्शन के लिए आतुर भक्तों की लाइन रविवार रात से ही लगी रही। मंदिरों के भीतर जलाभिषेक के लिए रात तक भीड़ रही। हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में देर रात से ही भक्त दर्शन के लिए आने लगे। यहां पर लाइन में लगे भक्त 'हर-हर महादेव' के साथ उत्साह में 'भारत माता की जय' जैसे जयघोष भी लगा रहे थे। परमट मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ आने पर यहां सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रही। सिद्धनाथ मंदिर और जागेश्वर महादेव मंदिर में भी मंदिर की ओर से सेवकों के जरिए सुरक्षा बढ़ाई गई। सोमवार की सुरक्षा में मंदिर में लगभग 50 सेवक तैनात किए जाते थे जो इस बार बढ़ाकर 70 कर दिए गए। नयागंज स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर में भी महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। इसी तरह वनखंडेश्वर मंदिर में भी भक्तों ने महादेव का श्रृंगार कर दर्शन किए। सावन के सोमवार को रुद्रभिषेक के महत्व के चलते मंदिरों व घरों में बड़ी संख्या में रुद्राभिषेक भी आयोजित हुए। कोतवालेश्वर मंदिर में भी रुद्रभिषेक कर भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

## सिटी ब्रीफ

### ज्योतिष को एक लाख का सम्मान

**कानपुर।** पद्मेश इंस्टीट्यूट ऑफ वैदिक साइंसेस 23 अगस्त को 75वां राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। यह सम्मेलन पुष्पांजलि सभागार दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन, गुजैनी में होगा। यह जानकारी संस्था के सचिव सिद्धार्थ दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि वैदिक ज्योतिष के लिए सौमित्र दुबे पद्मेश शिखर ज्योतिष सम्मान-2025 के रूप में एक लाख रुपए का सम्मान प्रदान किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य केए दुबे पद्मेश ने बताया सम्मान किसी ज्योतिष परिवार के द्वारा किसी गणमान्य ज्योतिषी को ज्योतिष के उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। सम्मेलन में विद्वान आचार्य अजय भाम्बी, आचार्य अनिल वत्स, सतीश शर्मा (जयपुर), डॉ. हेमचंद्र पाण्डेय (भोपाल), डॉ. घनश्याम ठाकुर (इंदौर), पंडित लेखराज शर्मा (हिमाचल), डॉ. इंदु प्रकाश मिश्रा, डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय सहित अनेक विद्वान हिस्सा ले रहे हैं।

### एक पेड़ मां के नाम

**कानपुर।** द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरपिस्ट कानपुर सेंटर ब्रांच एवं आईएपी वूमेन सेल कानपुर की ओर से सोमवार को पौधरोपण किया गया। श्री कस्तूरबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विष्णुपुरी में पौधरोपण वृक्ष लगाए गए। कार्यक्रम में आईएपी कानपुर सेंटर ब्रांच के संयोजक डॉ अमित कुमार मिश्रा ने बताया की ये वृक्षारोपण वृक्ष रक्षक जाली के साथ किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं समाज में हरियाली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में सचिव डॉ. स्टेनली ब्राउन, कोषाध्यक्ष डॉ. सुधीर द्विवेदी, डॉ आशीष कुशवाह आईएपी महिला प्रकोष्ठ कानपुर से डॉ तृष्णा मिश्रा, डॉ सिया डॉ रागिनी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पानी कम खर्च करें-बारिश का पानी स्टोर करें

**कानपुर।** कानपुर में भूगर्भ जलस्तर में दिन प्रतिदिन गिरावट देखी जा रही है। ऐसे में बेवजह पानी बर्बाद वालों को चाहिए कि पानी जितना जरूरत हो, उतना ही खर्च करें और बारिश का पानी स्टोर करें। सोमवार को जनपद के विकासखंड—कल्याणपुर, चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर तथा ककवन के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार वाहन के माध्यम से जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण एवं वर्षा जल संचयन विषयक जनजागरुकता अभियान चलाया गया। 16 से 22 जुलाई 2025 तक भूजल सप्ताह मनाया जा रहा है। भूगर्भ जल विभाग द्वारा बी0एन0एस0डी0 इंटर कॉलेज, चुन्नीगंज में छात्रों, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के बीच वाद-विवाद व संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप लगाया

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में पुराने विवाद में महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप लगाया। पीड़िता ने चकेरी थाने में शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिवकटरा निवासी उमा कश्यप के अनुसार 19 जुलाई की रात 11 बजे पड़ोसी राजू, प्रांशु, अभिषेक, खली, बली उनकी मां और बेटे तनमय और अभिषेक को पीट रहे थे। वह बचाने आई तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। मारपीट से सभी लहूलुहान हो गए। घर में अकेले होने के कारण वह बेटे समेत जान जान बचाकर भागी।

# दंगल में दिखाया दम, चले ईरानी व कलाजंग दांव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जागेश्वर मंदिर के अखाड़े में 15 से अधिक कुश्ती लड़ी गईं
- पश्चिम बंगाल से आया नकाबपोश पहलवान हारा मुकाबला



अखाड़े में जोर-आजमाइश करते पहलवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जागेश्वर महादेव मंदिर अखाड़े में सोमवार को महादंगल हुआ। इस दौरान पहलवानों ने एक दूसरे पर दांव आजमाकर चित किया। उत्साह और जोर आजमाइश के बीच ईरानी और कलाजंग जैसे दांव भी चले गए। दंगल में पश्चिम बंगाल से आया नकाबपोश पहलवान सभी पर भारी पड़ा। बावजूद इसके वह अपनी एक कुश्ती हार भी गया।

दंगल में भारत के अलावा नेपाल से भी पहलवान हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। महिला पहलवानों ने भी दांव-पेच आजमाएं। सबसे चर्चित मुकाबला मौसम अली और नकाबपोश के बीच हुआ जो 20 मिनट चला। इस मुकाबले में मौसम अली ने नकाबपोश को बगलडूब दांव से चित किया। कुश्ती का पहला मुकाबला अयोध्या के बाबा गौरी शंकर और राजस्थान के पवन के बीच हुआ। इसमें गौरी शंकर ने जीत दर्ज की। एक और मुकाबले में शास्त्री पहलवान ने जग्गा के सीने में चढ़कर उसे जमीन पर चित कर दिया। अखाड़े में महिला और पुरुष पहलवान के बीच भी कुश्ती हुई। महिला व पुरुष पहलवानों की कुश्ती में हरियाणा की अनीता ने कानपुर के शौर्य को दोनों हाथों से उठाकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद शौर्य उठ नहीं सके। रेफरी ने अनीता को विजयी घोषित कर दिया।

### महिला पहलवान रहीं पुरुषों के बराबर

- अखाड़े में महिला पहलवानों ने दांव लगाएं। रश्मि और रोशनी के बीच हुआ मुकाबला रोचक रहा। कानपुर की रश्मि पहलवान और गोंडा की रोशनी पहलवान के बीच हुई कुश्ती में दोनो पहलवान एक दूसरे के दांव काटती रहीं। करीब 15 मिनट दोनों के बीच मुकाबला चला। कोई नतीजा न निकलने पर कुश्ती ड्रा घोषित की गई।

### डांस और मारपीट एक साथ

- कुश्ती के अखाड़े में पहलवान को डांस करते हुए देख दर्शक भी उत्साह में लबरेज नजर आए। यह नजारा दर्शकों को तब देखने को मिला जब मुजफ्फरनगर के टाइगर सिंह और पंजाब के मासूम अली के बीच कुश्ती चल रही थी। इस मुकाबले में टाइगर सिंह ने मैच जीतने के बाद अखाड़े पर डांस कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। इससे पहले अखाड़े में मासूम अली और टाइगर पहलवान के बीच मारपीट भी हो गई। लोगों ने उनका बचाव किया।



नारेबाजी करते शिक्षक। अमृत विचार

# शिक्षकों ने डीएम कार्यालय में दिया धरना-नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिल्हौर इंटर कॉलेज के प्रबंधक पर ट्रेड खत्म कराने का आरोप
- भूख हड़ताल पर बैठे शिक्षकों को समझाकर शांत कराया

**अमृत विचार।** बिल्हौर इंटर कॉलेज बिल्हौर के प्रबंधक व जिला विद्यालय निरीक्षक के खिलाफ सोमवार को शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। धरने के बाद शिक्षकों ने जिलाधिकारी के समक्ष मांगें रखीं। कहा कि बिल्हौर इंटर कॉलेज प्रबंधक साजिश के तहत कॉलेज मंल एनटीटी ट्रेड को खत्म कर रहे हैं। इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।

अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर जिलाधिकारी कार्यालय में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री राहुल मिश्रा, राम प्रकाश शुक्ला, गोपाल शरण सिंह सेंगर, निजामुद्दीन, सत्येंद्र शुक्ला, चंद्रदीप यादव, प्रेमचंद त्रिपाठी बैठे।

अनशन पर बैठे शिक्षकों ने जिलाधिकारी से कहा कि बिल्हौर इंटर कॉलेज के प्रबंधक ट्रेड को खत्म करने के लिए कॉलेज में छात्र-छात्राओं का प्रवेश ही नहीं ले रहे हैं। इस प्रकरण की कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। शिक्षकों की ओर से यह मांग की गई कि ट्रेड को बचाने के लिए कॉलेज में प्रवेश लिए जाए। बताया गया कि जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को फोन कर एक सप्ताह के भीतर पूरे प्रकरण को हल करने का निर्देश दिया।

इसके बाद शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल व डॉ शैलेंद्र द्विवेदी शिक्षक प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी को आश्वासन दिया कि वह जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ ही साथ व स्वयं भी इसकी मानिटरिंग करेंगे। इस आश्वासन पर शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. शैलेंद्र द्विवेदी के द्वारा जूस पिलाकर शैलेन्द्र अवस्थी का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल को समाप्त कराया गया।



बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण करतीं डॉक्टर। अमृत विचार

# पारस हॉस्पिटल के कैंप में मरीजों ने लिया परामर्श

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिठूर रोड कोठारी चौराहा स्थित पारस हेल्थ में सोमवार को मेगा मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ कैंप लगाया गया। कैंप में क्षेत्र के सैकड़ों लोग पहुंचे और डॉक्टर की सलाह, मेडिकल जांच और हेल्थ चेकअप की सुविधाएं लीं।

पारस हेल्थ कानपुर के फैसिलिटी डायरेक्टर वेंकटेश्वरलु मरपाका ने कहा कि यह सिर्फ हेल्थ कैंप नहीं, बल्कि लोगों से जुड़ने और सबके लिए अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की हमारी कोशिश थी। डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ.ऋद्धि पुरवार ने कहा कि जागरुकता अभियान जारी रहेगा।

# पनकी नहर पुल पर गड्ढे बने मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पनकी नहर पुल पर गड्ढे दे रहे हादसों को दावत। अमृत विचार

- गड्ढे व फैली बजरी में गिरकर चुटहिल हो रहे वाहन सवार

**अमृत विचार।** कल्याणपुर से पनकी मंदिर की ओर आने के लिए हजारों लोगों को पनकी नहर पर बने पुल को पार करना पड़ता है, जिसकी हालत खराब है। पुल पर गड्ढे हो गए हैं और बजरी भी फैली हुई है, जिसकी वजह से हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत बाइक व स्कूटी सवार लोगों को हो रही है, लेकिन विभाग मरम्मत की सुध तक नहीं ले रहा है।

पनकी पॉवर हाउस के पास पनकी नहर पर बना पुल करीब सौ वर्ष पुराना है। यह पुल कल्याणपुर और पनकी के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। पनकी मंदिर में दर्शन को जाने वाले भक्त भी इसी पुल से होकर प्रतिदिन गुजरते हैं और मंगलवार व शनिवार को काफी भीड़ होती है। बावजूद इसके इस पुल की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस पुल की सड़क पर गड्ढे हो गए और जगह-जगह बजरी भी फैली हुई है। इसके अलावा पुल पर बने डिवाइडर की दीवार भी क्षतिग्रस्त होने लगी है। गड्ढों की चपेट में आकर कई बार बाइक व स्कूटी सवार गिर तक जाते हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार मिश्रा के मुताबिक पुल पर जल्द ही मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

## हेल्थ जोन

### जीएसवीएम के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में सीएमई, डॉक्टरों व पीजी छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

# चेहरे पर बाल व मुंहासे, गिरें बाल तो हो सकता पीसीओएस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सीएमई में जानकारी देतीं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. किरण पांडेय, साथ में विभागाध्यक्ष डॉ.रेनू गुप्ता, डॉ.नीना गुप्ता, डॉ.शैली, डॉ.पाविका, डॉ.गरिमा, डॉ.प्रतिमा समेत अन्य। अमृत विचार

- समय से लक्षण पहचान कर इलाज कराना जरूरी

**अमृत विचार।** पीसीओएस यानी पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम एक गंभीर समस्या है, जो कई महिलाओं को प्रभावित करती है। इसमे महिलाओं को कई प्रकार की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से अनियमित मासिक धर्म की समस्या से लेकर चेहरे या शरीर पर अत्यधिक बाल आने, मुंहासे की दिक्कत और बाल झड़ने (एलोपेसिया) की समस्या हो सकती है। इसका इलाज जरूरी है। इसके लिए जीएसवीएम में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में सोमवार को पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) विषय पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य स्त्री रोग विशेषज्ञों व पीजी छात्र-छात्राओं को पीसीओएस से संबंधित नई जानकारी, निदान और उपचार विधियों से अवगत कराना रहा। फोगसी की मेडिकल एजुकेशन कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. किरण पांडेय ने पीसीओएस के बढ़ते प्रचलन और इससे जुड़ी मेटाबॉलिक समस्याओं का कैसे निदान किया जा सकता है, इसकी जानकारी दी। वहीं, महिलाओं में बांझपन, हॉर्मोनल असंतुलन और इसके दीर्घकालिक दुष्प्रभाव भी बताए। डॉ.शैली अग्रवाल ने लाइफस्टाइल मैनेजमेंट, औषधीय उपचार, फर्टिलिटी संबंधी पहलू और नई गाइडलाइंस पर चर्चा की।

डॉ.नीना गुप्ता ने बताया कि महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के कारण पीसीओएस और इससे संबंधित अन्य जटिलताओं का खतरा रहता है। इस समस्या में शरीर में एंड्रोजन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, अंडाशय पर कई छोटे सिस्ट हो सकते हैं। पीसीओएस के कारण मासिक धर्म के रुकने या अनियमित होने की समस्या हो सकती है।

डॉ.सीमा द्विवेदी ने बताया कि पीसीओएस के कारण बालों के अधिक विकास, मुंहासे, बांझपन और वजन बढ़ने जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं। बचाव के लिए सभी महिलाओं को इसके लक्षणों की जानकारी होनी जरूरी है, इसके साथ ही मरीज की हिस्ट्री लेना अतिमहत्वपूर्ण है। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.रेनू गुप्ता, डॉ.पाविका लाल, डॉ.गरिमा गुप्ता, डॉ.श्रुति गुप्ता, प्रतिमा वर्मा समेत सभी संकाय सदस्य और छात्राएं मौजूद रही।



भक्तों को संबोधित करते अरुण चैतन्य पुरी महाराज। अमृत विचार

# दबौली से भक्तों को ले जाकर गंगा स्नान कराया

**कानपुर।** ओम गंगा सेवा समिति के द्वारा श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के अवसर पर लगभग 500 श्रद्धालु गंगा भक्तों को चौपहिया वाहनों से सिद्धनाथ घाट जाजमऊ ले जाकर गंगा स्नान कराया गया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं महासचिव कुश गुप्ता के नेतृत्व में प्रातः 5 बजे दबौली टेंपो स्टैंड चौराहे से बसों एवं अन्य वाहनों को दूरसंचार सलाहकार समिति के सलाहकार विनोद मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिद्धनाथ घाट पर बाल योगी अरुण चैतन्य पुरी जी ने गंगा भक्तों को गंगा को पवित्र रखने का संकल्प दिलाया। संस्था अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता राजू गौतम, महेंद्र ठेकेदार, विनय शर्मा, जमुना सिंह, पद्मेश शुक्ला, विनोद गुप्ता, सिद्ध कुमार, अनुभव रहे।

# बॉलीवाल में आए 600 खिलाड़ी

**कानपुर।** गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को सीबीएसई क्लस्टर-4 बॉलीवाल प्रतियोगिता की भव्य शुरुआत हुई। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिष्ठित विद्यालयों की 61 टीमें भाग ले रही हैं। जिसमें 6 सौ से अधिक खिलाड़ी बालक वर्ग अंडर-14, 17 व 19 के शामिल हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नीलिमा कटियार ने की। इस दौरान एमएलसी अरुण पाठक भी मौजूद रहे। उन्होंने पढ़ाई के साथ खेल को भी महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंध निदेशिका आरती कटियार, प्रधानाचार्या रूपा दास, एकेडेमिक और इवेंट कोऑर्डिनेटर अनिकेत तिवारी, सुनील तिवारी, धर्मेंद्र सिंह सचान सहित अन्य मौजूद रहे। समारोह के बाद पहला वॉलीबॉल मुकाबला आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ और एसकेडी एकेडमी, वृन्दावन योजना लखनऊ के बीच (अंडर-17) हुआ।

## सिटी ब्रीफ

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार तीन घायल

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिरहर के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग घायल गए हैं। कानपुर की ओर से जा रही कार की टक्कर से दो बाइक में सवार चार लोगों में तीन घायल हुए हैं। इसमें नेवादा उजागर निवासी दिनेश व नरेश पुत्रगण मौजी और छोटू पुत्र लालता निवासी गंभऊ घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। वहीं कार चालक मनीष कुमार पुत्र राम चन्द्र मथुरापुर आलमपुर फतेहपुर गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घायलों को उपचार हेतु भीतरगांव भेजा गया है। कार को कब्जे में ले लिया गया है।

### दो श्रद्धालुओं की बाइक चोरी

**शिवराजपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को गंगा स्नान करने आए दो श्रद्धालुओं की बाइक चोरी हो गई। इसकी शिकायत श्रद्धालुओं ने थाने में की है। सावन के दूसरे सोमवार को काकूपुर सीताराम गांव निवासी विजय कुमार गौतम व दादा नगर मालवी चक्की गली कानपुर के निवासी युवराज सिंह ने थाने मे दी गई तहरीर मे बताया की सोमवार को वह गंगा स्नान करने गंगा तट पर आये थे। गंगा स्नान के बाद ज़ब वह अपनी बाइक लेने पहुंचे तो बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बावजूद बाइकों का कोई सुराग नहीं लगा। उधर थानाध्यक्ष वरुण शर्मा ने बताया की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### जागरूकता के लिए चलेगा अभियान

**कानपुर।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर सभी राज्यों के साथ एक वीडियो कान्फ्रेन्सिंग की, जिसमे निर्देश दिए गए कि सभी राज्य मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम 1961 और मामले में बनायी गयी नियमावली के प्राविधानों से अपने यहां मोटर ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग के सेवायोजकों व अन्य ट्रांसपोर्ट आपरेटर्स व यूनियंस को अवगत कराये जाने के लिए एक जन जागरूकता अभियान चलायें। अधिनियम के प्राविधानों के अनुपालनार्थ अधिक से अधिक मोटर परिवहन अंडरटेकिंग्स का पंजीयन व नवीनीकरण करायें। इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अधिनियम की धारा-13, 15, 16, 17, 18, 19 व 20 के अंतर्गत कार्य के घंटों, अतिकाल, विश्राम अवधि, स्प्रेड ऑवर, स्प्लिट ड्यूटी, कार्य अवधि की सूचना, साप्ताहिक विश्राम व प्रतिपूरक अवकाश आदि के साथ अन्य प्राविधानों का भी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका में पारित निर्णय में सभी राज्यों को अगस्त तक अनुपालन आख्या प्रस्तुत करनी है। इस संबंध में 15 अगस्त तक प्रत्येक जिले में अभियान चलाया जाएगा। इसमे सभी मोटर ट्रांसपोर्ट आपरेटर्स, सेवायोजकों और जिला परिवहन अधिकारियों के साथ बैठक होगी। इसमे मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की यूनियन को भी आमंत्रित किया जाना है। अभियान में मोटर अन्डरटेकिंग्स के सेवायोजकों से मिलकर उनको अधिनियम के प्राविधानों से अवगत कराया जाएगा। इस संबंध में श्रम प्रवर्तन अधिकारियों की टीम गठित की जाएगी।

# पचोर मार्ग पर मिला मजदूर का शव

## बिहार निवासी युवक रिंग रोड निर्माण में कर रहा था मजदूरी, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के तातियागंज-पचोर मार्ग पर शराब ठेके के निकट सोमवार शाम एक युवक का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। तमाम प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त बिहार निवासी मजदूर के रूप में हुई। मामले की जानकारी परिजनों को दिए जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मालूम हो कि सोमवार शाम क्षेत्र के तातियागंज - पचोर मार्ग स्थित देशी शराब ठेके से करीब सौ मीटर आगे मार्ग किनारे युवक का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को लोगों ने बताया कि युवक दोपहर से यहां शराब पी रहा था। आसपास के लोगों ने समझा कि शायद युवक नशे की हालत में पड़ा है, लेकिन देर शाम तक उसके न उठने पर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। लगभग 45 वर्षीय इकहरे बदन के उक्त युवक के शरीर पर पैंट व शर्ट थी। पुलिस आसपास गांव के लोगों से मृतक की पहचान करने के प्रयास में जुटी थी। तभी मालूम हुआ कि मृतक क्षेत्र में रिंग रोड का निर्माण कार्य करा रही एक कंपनी में मजदूरी का काम करता था। इसके बाद मौके पर पहुंचे कार्यदायी संस्था के उन्नाव निवासी सुपरवाइजर अजय पुत्र रामगुलाम ने पुलिस को बताया कि मृतक का नाम अवधेश कुमार शाह(45)पुत्र राम होया शाह है और यह अंचलपुरा, इतवारी हन्नू मुजफ्फरनगर बिहार का निवासी है। वह काफी समय से यहां कंपनी में कार्य कर रहा था। जानकारी दी कि रविवार को ही उसे पैसों का भुगतान किया गया था। इसके बाद घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि प्रथम दृश्टया युवक की मौत अत्यधिक शराब पीने से हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### प्लंबर हत्या कांड : साथी ही निकला हत्यारोपी

■ **घाटमपुर।** घाटमपुर के बरनाव मोड़ पर हुए प्लंबर की हत्या के मामले में प्लंबर के साथी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया उसकी पत्नी मायके में रह रही है। प्लंबर ने उसकी पत्नी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इससे गुस्साकर उसने प्लंबर की हत्या कर दी थी। हालांकि पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया। घाटमपुर थाना क्षेत्र के बरनाव गांव निवासी 45 वर्षीय राकेश कुरील प्लंबर का काम करता था। 15 जुलाई मंगलवार की सुबह वह रोज की तरह घर से कानपुर के लिए ड्यूटी जाने को कहकर निकला था। शाम को वह वापस घर नहीं लौटा तो पत्नी ने उन्हें फोन मिलाया तो उसने बताया कि वह थोड़ी देर में घर आ जाएगा। इसके बाद से मोबाइल फोन बंद बताने लगा। 16 जुलाई बुधवार को देर शाम ग्रामीणों को खेत में प्लंबर का शव पड़ा मिला था। इसके दो दिन बाद मृतक के भाई दीपू ने गांव के ही राकेश पुत्र राम शंकर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। दीपू ने बताया था कि आरोपी राकेश ने ही उसे शव कहां है, इसके बारे में बताया था। इसके बाद पुलिस ने जब राकेश को उठाया तो वह हत्या की बात से इंकार करता रहा। लेकिन जब पुलिस ने सख्ती दिखाई तो उसने अपना गुनाह कुबूल कर लिया। उसने बताया कि एक साथ शराब पीते समय मृतक ने उसकी पत्नी को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी थी। इसी को लेकर उसे गुस्सा आ गया और उसने हत्या कर शव झाड़ियों में छिपा दिया था। पुलिस ने सोमवार को न्यायालय में पेशकर हत्यारोपी को जेल भेज दिया है। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि हत्यारोपी को न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया है।

## उपभोक्ता ने जेई व लाइनमैनों को पीटा, हंगामा

**इटावा।** अवर अभियंता विद्युत उपकेन्द्र गुरु तेग बहादुर रतन भूषण ने थाना प्रभारी कोतवाली सदर को दिए प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि राजस्व वसूली एवं बकाया बिलों के संयोजन विच्छेदन हेतु हम अपने हमराही संविदाकर्मी प्रदीप शंखवार, आशीष यादव एवं राधारमन राजपूत लाइनमैन वी मार्ट के बगल वाली गली स्वरूप नगर में यासीन के मकान पर गए उनसे बकाया बिल जमा कराने को कहा।

परन्तु उसने बकाया बिल जमा करने से मना कर दिया, जिस कारण हमने संविदाकर्मी राधारमन को जैसे ही उक्त उपभोक्ता के संयोजन को काटने को कहा तभी यासीन ने मेरे व सर्विदाकर्मियों के साथ मारपीट करते हुए सरकारी दस्तावेज फाड़ दिये एवं घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कर रहे आशीष यादव के हाथ से मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। जेई ने दोषी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए।

## जंगल में मिले प्रेमी-प्रेमिका से युवकों ने की मारपीट

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार :** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के किनारे जंगल में एक युवती और युवक साथ में मिले। इस पर मौके पर पहुंचे स्थानीय गांव के तीन युवकों ने प्रेमी प्रेमिका के साथ मारपीट करते हुए तमाम सवाल की जा रहे हैं। मामला सोशल मीडिया पर जब वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आ गई और तीनों आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। घटना कब की है इस बात की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई लेकिन वीडियो के माध्यम से पुलिस ने तमाम सबूत इकट्ठा कर स्वतः संज्ञान लेते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 1 मिनट 17 सेकंड के वीडियो में कई थप्पड़ युवकों के द्वारा प्रेमी को मारे जा रहे हैं जबकि साथ में मौजूद युवती के साथ भी युवक मारपीट करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही युवती से युवक छेड़खानी भी करते दिख रहे हैं। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन पुलिस ने घटना पर स्वतः संज्ञान लिया।

एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया कि तीनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तीनों आरोपी एक ही गांव के हैं। जिनका नाम अरुण बहेलिया, शिवम बहेलिया, कुलदीप बहेलिया है तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

### युवती को ले गया सहेली का भाई

■ **कन्नौज।** एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती 18 जुलाई को अपनी सहेली खुशी के घर मोहल्ला यूसुफपुर भगवान गई थी। वहां से सहेली का भाई उसे भगा ले गया।



गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## बिठूर में गूंजे बम-बम भोलेनाथ के जयकारे

**बिठूर।** सावन के पावन महीने के दूसरे सोमवार को बिठूर के घाटों समेत महाकालेश्वर मंदिर व वंखंडेश्वर महादेव मंदिर में शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। आस पास के जिलों से आये श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करने के बाद पत्थर घाट में स्थित महाकालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की। भक्तों ने जलाभिषेक किया। साथ ही जगह जगह पर मंदिरों में रुद्राभिषेक भी किए गए। वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने प्रसाद में पंचामृत वितरित किया।

# बाबा भूतेश्वर मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के बिच्छीपुर स्थित बाबा भूतेश्वर महादेव महाराज जी मंदिर में पूजा अर्चना करने को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्त अपने साथ बेलपत्र, धतूरा, तिल, दूध,शहद आदि सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे और बाबा की पूजा अर्चना की। बम बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। यहां पर मंदिर ट्रस्ट के द्वारा चल रहे भंडारे में भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में चल रही श्री रामचरितमानस पाठ का श्रवण भी किया।

सावन का महीना भगवान शिव की आराधना और उपासना का विशेष समय माना जाता है। सावन के महीने में घरों में रुद्राभिषेक करना अत्यंत शुभ व फलदायक माना जाता है। नौरंगा स्थित एक व्यापारी के निवास पर सावन के दूसरे सोमवार को आचार्य बउवालाल तिवारी (परास) व अन्य सहायक आचार्यों के द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण कर बाबा भोलेनाथ को दूध, दही, शहद, फल, जल, घी आदि अर्पित कर रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान बाबा भोलेनाथ का अद्भुत श्रृंगार देखकर लोग भाव विभोर हो गए। रुद्राभिषेक के दौरान भोले बाबा के भजनों व कीर्तनों पर लोग झूम उठे। रुद्राभिषेक सम्पन्न होने के बाद विशाल भंडारा हुआ। इस दौरान प्रिन्स सोनी, आशीष सोनी, शौर्य सोनी, छवि सोनी, रिमा सोनी, संदीप शुक्ला, इष्टदेव, लज्जा श्रीवास्तव समेत अनेक भक्तगण मौजूद रहे।



बाबा भोलेनाथ की पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार



भंडारे का प्रसाद लेते भक्तगण। अमृत विचार

### खेरेश्वर घाट पर श्रद्धालुओं की रही अपार भीड़

■ **शिवराजपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को खेरेश्वर गंगा घाट पर स्नान करने वाले भक्तों का सैलाब उमर पड़ा। रविवार रात से ही दूर दराज के भक्तों का आना शुरू हो गया था। भोर होते-होते भारी संख्या में भक्तों की भीड़ गंगा घाट पर जमा हो गई और भक्तों ने हर हर गंगे बम भोले के जयकारों के साथ गंगा में डुबकी लगाई व जल की कांवड़ लेकर खेरेश्वर मंदिर पहुंचे। वहां पहुंच कर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद पंडों व पुरोहितों को दान दक्षिणा देकर भक्तों ने खेरेश्वर मेले का आनंद लिया।

# ससुराल में मारपीट के बाद किसान की मौत

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कन्नौज के बक्सापुर्वा में एक किसान की कथित मारपीट के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक भाग्य सिंह (35) थाना बेला क्षेत्र के हरदू गांव का रहने वाला था। वह 27 जून को अपनी पत्नी नीलू को लेने ससुराल गया था।

मृतक के पिता लाखन सिंह ने बताया कि एक महीने पहले उनकी बहू नीलू डेढ़ लाख रुपये और जेवरात लेकर मायके चली गई थी। भाग्य सिंह जब पत्नी को लेने गया तो ससुर रामाधार, सास सुनीता उनके पुत्र और पट्टिया कन्नौज निवासी दामाद कप्तान सिंह व बेटी नीलम ने मिलकर भाग्य सिंह की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, उन्होंने उसकी मोटरसाइकिल भी तोड़ दी।

29 जून को ससुराल वाले भाग्य सिंह को गंभीर हालत में उसके घर हरदू छोड़ गए। परिजन उसे पहले तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां से उसे रिम्स सैफई रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई।

मृतक की सास की बहन समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने भी मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मृतक के पिता ने पुलिस से ससुरालियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाग्य सिंह चार भाइयों में तीसरे नम्बर का था। वहीं मृतक की सास ने बताया कि दामाद हमारे घर गये और बताया कि पाल चौराहे पर मुझसे एक एक्सीडेंट हो गया है जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। मुझे छुपा लो नहीं तो लोग मुझे मार डालेंगे। बताया कि हमने घर पर लिटाया, रात में गालियां देते रहे। सुबह हम काम पर चले गये, किसने मारपीट की पता नहीं। वहीं मृतक की सास की बहन ईश्वरवती ने कहा कि दामाद ससुराल गये थे, उन्हें मारपीटा गया है। इसके बाद फोन कर बताया कि इनकी आंत उतर गयी है। मैंने कहा इलाज के लिए कानपुर क्यों नहीं ले गये। तो कहा एम्बुलेंस कर ली है गांव ले जा रहे हैं। आरोप लगाया कि बक्सा पुर्वा में दामाद को कमरे में बंद करके मारा गया। दामाद ने घायल हालत में खुद बताया।

### चक्की मालिक को गोली मारकर रुपये लूटे

■ **महोबा।** करबा कबरई में आटा चक्की संचालक के सिर पर गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फायरिंग के चलते हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चक्की संचालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई के समीप रामकिशोर आटा चक्की लगाये हुए है। चक्की चलाकर वह परिवार का भरण पोषण करता है। प्रतिदिन की तरह रविवार को भी वह गेहूं पिसाई का कार्य कर रहा था तभी कुछ बदमाश बाइक से आए और चक्की संचालक पर फायरिंग कर दी, गोली लगने से चक्की संचालक खून से लतपथ होकर गिर गया। फायरिंग के समय चक्की पर मौजूद लोग बुरी तरह सहम गए और वहां पर हड़कंप मच गया। इसी बीच बदमाश चक्की पर रखी पैसों की गोलक लेकर फरार हो गए।

## युवती की हत्या में तीन को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार:** कस्बे के छोटी जुलेहटी मोहल्ले में करीब तीन साल पूर्व युवती की हत्या के मामले में जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय ने दोषी मृतका के चचेरे भाई रोशन व चचेरे बहनोई तौजीफ के साथ शहवाज को उम्रकैद सुनाई है। चचेरे बहनोई से अवैध संबंधों के शक में युवती की घर में घुसकर गोली मार हत्या कर दी गई थी।

शासकीय अधिवक्ता के अनुसार राठ कस्बे के छोटी जुलैहटी मोहल्ले के रहने वाले महबूब खां ने कोतवाली में 11 अक्टूबर 2022 की रात 10 बजे तहरीर दी थी, जिसमें बताया गया था कि उसकी विधवा बेटी शहनाज खातून (28) उसके साथ ही रहती थी। उसके भाई की बेटी रोशनी को शक था कि शहनाज के उसके पति तौजीफ से अवैध संबंध हैं। इसी बात को लेकर भाई के बेटे रोशन ने अपने बहनोई तौजीफ और साथी शहवाज के साथ मिलकर 11 अक्टूबर 2022 की शाम साढ़े चार बजे घर में घुसकर तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर हत्या करने की एफआईआर दर्ज कर विवेचना की। पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में पेश की। इस पर सोमवार को जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय ने तीनों पर दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। रोशन पर 26 हजार व तौजीफ व शहवाज पर 24-24 हजार जुर्माना लगाया।

## हादसे में संविदा कर्मी की मौत

**बिवांर।** छानी-स्वासा मार्ग पर वाहन की टक्कर से बिजली कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे छानी सीएचसी पहुंचाया, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

कुशीनगर जिले के कुबेर थाना क्षेत्र के बरहज गांव निवासी दीपक (30) पुत्र मोहन सिंह के पिता की तैनाती बिवांर के बिजली सब स्टेशन में थी। पिता की मौत के बाद दीपक की संविदा पर तैनाती हुई थी। वह अपने परिवार के साथ कस्बे में किराए का मकान लेकर रहता था। वर्तमान में वह कुछेछा सब स्टेशन में तैना था। सोमवार की रात करीब 10:00 बजे वह अपने कमरे आ रहा था। तभी छानी स्वासा गांव के बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर कुचल दिया। सूचना पर परिजन व पुलिस उसे छानी सीएससी लेकर पहुंचे।

श्रद्धा

सावन के दूसरे सोमवार को लेकर भक्तों का उमड़ा सैलाब, गंगा घाटों पर देर रात से ही श्रद्धालु आने शुरू हो गए थे

# हर-हर गंगा मैया के जयकारों से गूंज उठे गंगा घाट, किया दानपुण्य

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर बिल्हौर तहसील क्षेत्र के गंगा घाटों पर देर रात से ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

आंकिन, नानामऊ और अकबरपुर सेंग जैसे प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और गंगा मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया। भोर होते ही गंगा घाटों पर भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गईं। हर-हर महादेव और गंगा मैया के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस दौरान प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित ने स्वयं कई गंगा घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनकी निगरानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पुलिस बल और स्वयंसेवकों ने भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारू रूप से स्नान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बताया जाता है कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है और गंगा स्नान को अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। द्वितीय सोमवार के इस अवसर पर भक्तों ने गंगा में डुबकी लगाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की।

**सुरक्षा को लेकर पुलिस रही सतर्क :** कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) आशुतोष कुमार ने शिवराजपुर स्थित खेरेश्वर मंदिर में पुलिस अधिकारियों के साथ पूजन अर्चन कर गंगा घाटों की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश भी स्थानीय पुलिस प्रशासन को दिए। बीते दिनों सोमवार को शिवराजपुर कस्बे में हुए विवाद के बाद जेसीबी द्वारा थाना प्रभारी को भी कानून व्यवस्था पालन कराए जाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उप अधिकारी संजीव दीक्षित, डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी, एसीपी अमरनाथ यादव और थाना प्रभारी वरुण कुमार शर्मा मौजूद रहे।



गंगा में स्नान के लिए गंगा तट पर उमड़ी लोगों की भीड़। अमृत विचार



सुरक्षा व्यवस्था देखते पुलिस के अधिकारी। अमृत विचार

## घर-घर जाकर बताए टीकाकरण के फायदे

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन विकास खंड क्षेत्र में टीकाकरण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर लोगों को विभिन्न जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दे रही हैं।

टीकाकरण महाअभियान में सीएचओ (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी), एएनएम (सहायक नर्स और दाई), संगिनी, और आशा कोऑर्डिनेटर सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय रूप से शामिल हैं। इन सभी का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा या वयस्क टीकाकरण से वंचित न रहे, जिससे वे 12 जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रह सकें। अभियान की इसी कड़ी में, सोमवार को गढ़ी ग्राम पंचायत में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दलेलपुर उपकेन्द्र क्लस्टर कोऑर्डिनेटर अमिशा यादव की अगुवाई में संपन्न हुआ, जहां टीम ने ग्रामीणों को टीकाकरण के फायदे और इससे होने वाले दीर्घकालिक लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। टीकाकरण अभियान का उद्देश्य न केवल बीमारियों से बचाव करना है, बल्कि समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा देना है। स्वास्थ्य विभाग उम्मीद कर रहा है कि इस घर-घर अभियान से टीकाकरण कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे क्षेत्र के लोगों का स्वास्थ्य और भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। सीएचओ निकिता ,आंगनबाड़ी छुन्नीदेवी ,एएनएम शबीना बानो, जेएसआई के टीम के लोग भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता को निकाला चार लोगों पर रिपोर्ट

**शिवली।** कोतवाली क्षेत्र के बैरी सवाई गांव की पूनम देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी मई 2022 में दलेल नगर थाना बरनाहल जनपद मैनपुरी के शिव कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद दहेज में सोने की चेन, अंगूठी, वाशिंग मशीन और सोफ़ा सेट की मांग करने लगे। जब जब वह विरोध करती तो उसे अपमानित करने के साथ ही मारपीट करते थे। कुछ दिन पूर्व पति शिव कुमार, सास शीला, जेठ सनोज और जेठानी अर्चना ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। बाघपुर चौकी प्रभारी प्रवीण मिश्रा ने बताया कि पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### जहरीला कीड़ा काटने से दो की बिगड़ी हालत

**पुखंराया।** कस्बा के मीरपुर के विशाल मिश्रा ने बताया कि, मामा बृजेश तिवारी और भोगनीपुर के हिमांशु को घर में जहरीले कीड़े के काटने से हालत बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा सीएचसी लाया गया। जहां पर ड्यूटी में तैनात डा गोविन्द प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बृजेश तिवारी और हिमांशु की हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### दो बाइकों में भिड़ंत तीन घायल, रेफर

**पुखंराया।** मूसानगर थाना क्षेत्र के सरौटा गांव के बुद्ध सिंह ने बताया कि, भाई चतुर सिंह 42 वर्ष और ग़नेश 22 वर्ष दोनो लोग बाइक में सवार होकर पुखरायां आ रहे थे। गांव के बाहर गांव के ही शिवा 12 वर्ष बाइक में सवार होकर गांव की ओर आ रहा था। दोनों बाईकें आपस में टकरा गई। जिसमें किशोर सहित तीन लोग घायल होने पर परिजनों के द्वारा सीएचसी लाया गया। जहां पर ड्यूटी में तैनात डा गोविन्द प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद चतुर सिंह और गनेश की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### साथी अधिवक्ता के निधन पर शोकसभा

**कानपुर देहात।** जिला बार एसोसिएशन की जनपद न्यायालय परिसर में शोकसभा हुई, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा को शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। शोकसभा में अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, रमेश चंद्र सिंह गौर, अशोक श्रीवास्तव, जावेद खान, गोपाल मिश्रा, सर्वेंद्र सिंह, रोहित कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# वृद्धा के बाले, पर्स छीन धक्का देकर भागे लुटेरे

## डेरापुर थाना क्षेत्र के उमरी बुजुर्ग गांव के पास सुबह हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पुलिस ने नाकेबंदी की, मगर हाथ नहीं लगे बाइक सवार लुटेरे
- धक्का देने से खंती में गिरीं रानी जब तक संभलीं लुटेरे भाग गए

**अमृत विचार:** जिले की पुलिस एक तरफ भुठभेड़ कर लुटेरों को जेल भेज रही है, दूसरी तरफ लुटेरे पुलिस को चैलेंज देकर घटना को अंजाम दे रहे हैं। सोमवार को डेरापुर थाना क्षेत्र के उमरी बुजुर्ग गांव से दवा लेने गलुआपुर जा रही एक बुजुर्ग महिला के कान के बाले व रुपयों से भरा पर्स लूट कर लुटेरे फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

डेरापुर थाना क्षेत्र के उमरी बुजुर्ग गांव निवासी महिला रानी देवी ने बताया कि वह सोमवार सुबह अपने गांव से गलुआपुर दवा लेने पैदल जा रही थी। तभी जिगनिश व उमरी बुजुर्ग के बीच पीछे से आये बाइक सवार बदमाशों ने उसके सोने के बाले व मोबाइल फोन व पर्स छीन लिया, जिसमें पांच हजार रुपये रखे थे। इसके बाद धक्का देकर भागे, जिससे वह खंती में जा गिरी।


रानी देवी के चेहरे पर दिखी दहशत।

महिला ने शोर मचाया, तब तक बाइक सवार बदमाश मौके से भाग निकले। पुलिस को सूचना मिलते ही दस्तमपुर चौकी इंचार्ज गिरीश चंद्र मौके पर पहुंचे और इलाके में घेराबंदी करवाई, लेकिन लुटेरों का कोई पता नहीं चल सका है। डेरापुर थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए लुटेरों की तलाश की जा रही है। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### चोरों ने चौकी के पास सूने घर में मारा हाथ

- कहंजरी चौकी से चंद कदम दूर भीखदेव कहिंजरी के पूर्व प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार पांडेय अपने बेटे से मिलने 25 जुलाई को नई दिल्ली पत्नी के साथ गए थे। बेखौफ चोर 3 लाख का सोने का हार, चांदी के जेवर, 40 हजार नकदी ले गए। सामान बिखरा हुआ मिला।

## यमुना का जलस्तर बढ़ने से चिंता बढ़ी

**राजपुर।** भारी बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को करीब एक मीटर तक जलस्तर बढ़ा। तटवर्ती ग्रामीणों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खिंचने लगीं हैं। जलस्तर पर प्रशासन भी लगातार टीमों से नजर बनाए हुए है।

सिकन्दरा क्षेत्र में सोमवार को दोपहर बाद अचानक यमुना का जलस्तर बढ़ा था। सोमवार सुबह यमुना नदी का जलस्तर 105.24 मीटर था शाम 4 बजे यमुना नदी का जलस्तर 105.21 मीटर पहुँच गया। हर घंटे यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी की तलहटी पर बसे जैसलपुर, महदेवा, गौरीरतन बांगर भुपैय्यापुर बछाटी आदि गाँव के ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई। इधर तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर सतर्कता टीमें से निगरानी कराई जा रही है। जिला आपदा विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा ने बताया कि यमुना में बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन पूरी नजर बनाए हुए हैं। क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम प्रधान आदि को जलस्तर पर कड़ी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को लगभग एक मीटर पानी बढ़ा है।

# 145 किमी की स्पीड से दौड़ी ट्रेन, वंदे भारत की आस जगी

संवाददाता, पुखरायां

- झांसी से कानपुर सेंट्रल तक तीन डिब्बों वाली ट्रेन ने भरी रफ्तार
- लखनऊ से एमपी की राजधानी भोपाल तक दौड़ेगी वंदे भारत

**अमृत विचार:** कानपुर-झांसी रेलवे लाइन के दुरुस्तीकरण के बाद लखनऊ से भोपाल तक वंदे भारत ट्रेन चलने की उम्मीद जाग उठी है। रेलवे इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को कानपुर सेंट्रल से झांसी तक 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तीन डब्बे वाली ट्रेन दौड़ाई। इस स्पीड ट्रायल के सफल होने के बाद अब कानपुर से झांसी के बीच तेज रफ्तार वाली वंदे भारत ट्रेन दौड़ाई जाने की उम्मीद जगी है।

इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों की यह ट्रेन सोमवार की दोपहर 2:30 बजे जब पुखरायां रेलवे स्टेशन से झांसी की ओर निकली, तब यह बात पुख्ता हो गई कि वंदे भारत के संचालन में कोई तकनीकी खामी नहीं है। इससे पहले यह ट्रेन झांसी से कानपुर संेट्रल तक आई थी और फिर कानपुर सेंट्रल से झांसी के लिए 145 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से वापस गई। रेलवे लाइन दुरुस्त हो चुकी है और अब यहां से ट्रेन धड़ाधड़ निकल सकती है। इस बात की पुष्टि करते हुए रेल सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य शेख मोहम्मद ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व ही जब कानपुर-झांसी लाइन को अपग्रेड करने का काम चल रहा था। तभी ऐसे दो गया था कि आगे चलकर इस लाइन पर भी तेज गति ट्रेन चलेगी और यह ट्रायल वंदे भारत के लिए ही किया जा रहा है, जो लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन से चलकर भोपाल जाएगी, इस बात की प्रबल संभावना है।

### अब जाएगी रिपोर्ट, संचालन में थोड़ा वक्त लगेगा

- यह बात दूसरी है कि वंदे भारत के ठहराव क्या होंगे? आगे चलकर के केवल यह ट्रेन उरई ही रुकेगी या फिर पुखरायां को भी ठहराव मिलेगा? यह तो भविष्य की बात है, पर इतना तय हो गया है कि 145 किलोमीटर की गति से कानपुर–झांसी के बीच ट्रेन चल सकती है। यह बात इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों ने तेज गति ट्रेन चलाकर सिद्ध कर ली है, जिसकी रिपोर्ट जाने में और ट्रेन चलने में 1 से 2 महीने का समय लग सकता है।

### पुखरायां स्टेशन में स्टापेज का होगा प्रयास

- रेल सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य एक मोहम्मद ने बताया कि केवल कानपुर–झांसी के बीच का रूट है, जिस पर अभी कोई वंदे भारत ट्रेन नहीं चल रही है। यह ट्रेन प्रदेश की राजधानी लखनऊ को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से सीधा जोड़ेगी। यह क्षेत्र के लोगों के लिए खुशखबरी है। उन्होंने कहा कि कानपुर देहात का पुखरायां सर्वाधिक राजस्व देने वाला कानपुर–झांसी रेलवे लाइन का प्रमुख स्टेशन है, जहां वंदे भारत का रुकना न सिर्फ लाजमी है, बल्कि पब्लिक की जरूरत भी है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के जरिए प्रयास किए जाएंगे।


पैलावर के स्कूल कैंप लगाकर बच्चों की जांच करतीं डॉक्टर। अमृत विचार

# त्वचा रोग से पीड़ित मिले प्राइमरी विद्यालय के बच्चे

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में आरबीएसके की चिकित्सकीय टीम ने सोमवार को डेरा पैलावर के प्राइमरी स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें आधा दर्जन बच्चे त्वचा व आंख में संक्रमण से पीड़ित मिले।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम में डॉ. आकांक्षा मिश्रा व फार्मासिस्ट भोलेन्द्र सिंह ने टीम के साथ डेरा पैलावर स्कूल में पहुंचकर 106 बच्चों के सिर से लेकर पैर तक पाई जाने वाली सभी बीमारियों की बारीकी से जांच की। फार्मासिस्ट भोलेन्द्र सिंह ने बच्चों की लंबाई और वजन की माप की। बच्चों की आंख, नाक और कान की जांच की गई। इस दौरान विद्यालय की छात्रा शिवानी, अंजलि व साक्षी की आंख में इंफ्रेक्शन व विकास, देविका और यश के त्वचा में संक्रमण मिला। उन्हें खुजली की समस्या हो रही थी। स्वास्थ्य टीम ने बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर राजपुर पीएचसी में बच्चों की जांच और इलाज कराने का परामर्श दिया। साथ ही सभी बच्चों को संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया। टीम में एएनएम पारुल मौजूद रही।

# शिक्षिका को स्कूल में किया बंद

कार्यालय संवाददता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों के विलय ने जिले में विवाद खड़ा कर दिया है। सरवनखेड़ा ब्लॉक के मन्हापुर गांव में ग्रामीणों ने स्कूल मर्जर का विरोध करते हुए विद्यालय पहुंची शिक्षिका को बंधक बना लिया। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने बच्चों को दूसरे गांव नहीं भेजेंगे, चाहे उन्हें पढ़ाई ही क्यों न छुड़वानी पड़े।

प्राथमिक विद्यालय मन्हापुर का युग्मन नारायणपुर के साथ किया गया है। सोमवार को विद्यालय की शिक्षिका बीएसए का आदेश लेकर विद्यालय पहुंची और अभिभावकों से बच्चों को नारायणपुर भेजने का अनुरोध किया तो कुछ समय बाद गांव के करीब 50 अभिभावक विद्यालय पहुंच गए और विद्यालय की अध्यापिका सारिका दीक्षित को बंधक बना लिया। बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों को नारायणपुर ले जाने का विरोध करने लगे। कुछ समय उपरांत गाँव के वरिष्ठ व्यक्ति रघुनाथ ने इस मामले में बीच बचाव किया कि यह सरकार का आदेश है शिक्षिका का क्या दोष? उन्हें क्यों बंधक बनाए हुए हैं तब करीब 2 घण्टे बाद ग्रामीणों ने स्कूल का ताला खोला। तब जाकर शिक्षिका कुछ बच्चों के साथ प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर के लिए निकल सकी।


नरायनपुर के प्राथमिक विद्यालय में हंगामा करते ग्रामीण। अमृत विचार

- नरायनपुर के विद्यालय में ग्रामीणों का हंगामा, विलय का विरोध

ग्रामीणों ने सरकार के इस फैसले को तुगलकी बताया और कहा कि अब उनके बच्चे 3 किलोमीटर पैदल वो भी नहर के रास्ते जा पाने में समर्थ नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने बच्चों को दूसरे गांव के विद्यालय में नहीं भेजेंगे, चाहे उन्हें पढ़ाई ही क्यों न छुड़वानी पड़े। इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से संपर्क की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने भी कॉल रिसीव नहीं किया। उधर ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी बात नहीं मानी गई तो वे आंदोलन करेंगे। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और शिक्षा विभाग पर लापरवाही का आरोप लग रहा है। विरोध में रघुनाथ, विपिन, मीरा, कुलदीप, निखिल, अजय, वीरन, सोमवती, राम कुमार, विनोद, रिंकी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्कूल विलय के विरोध में सड़क पर उतरे लोग

संवाददाता, राजपुर

- बेहमई रोड पर ग्रामीणों ने जाम लगाकर किया प्रदर्शन

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों का विलय किए जाने का शिक्षकों के साथ ग्रामीण विरोध जता रहे हैं। राजपुर ब्लॉक के दुर्राजपुर प्राथमिक विद्यालय के तीन किलोमीटर दूर रतापुर गाँव के कंपोजिट स्कूल को विलय किए जाने से खफा ग्रामीणों ने सोमवार को स्कूल के बाहर बच्चों और महिलाओं के साथ प्रदर्शन करते हुए बेहमई रोड पर जाम लगा दिया और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। महिलाओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन थानाध्यक्ष को सौपा है।

दुर्राजपुर के प्राथमिक विद्यालय को दो किमी दूर रतापुर कंपोजिट स्कूल में विलय का विरोध करते हुए बच्चों के साथ प्रदर्शन कर रही सीमा देवी, संगीता देवी, सुमन देवी, शारदा, प्रीती, गीता देवी ने बताया कि गांव के प्राथमिक विद्यालय में 25 से अधिक बच्चे हैं। अधिकारियों ने 3 किलोमीटर दूर रतापुर में विलय कर दिया है, जिससे बच्चे दूसरे गांव पैदल पढ़ने जाते हैं। कई बार बच्चे सड़क पर गिरकर घायल हो चुके हैं। इधर गाँव का सरकारी स्कूल बंद होने से निजी स्कूल संचालक तरह तरह का प्रलोभन देकर बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाने के लिए गाँव में घूम रहे हैं। गाँव के लोग खेती किसानी कर परिवार का गुजर करते हैं। ग्रामीणों ने बंद किए गये प्राइमरी स्कूल को पुनः सचालन की मांग के बावत मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन थानाध्यक्ष को सौपा। सिकन्दरा थानाध्यक्ष हरिओम त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया गया है। बीईओ संजय कुमार ने बताया कि स्कूल मर्ज के विरोध में ग्रामीणों द्वारा जाम लगाने की सूचना नहीं मिली है

# सड़क हादसे में युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- हाईवे पर कोरोवा ओवरब्रिज पर हादसा, चकेरी का था युवक

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे-2 पर कोरोवा ओवर ब्रिज पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कानपुर नगर के एयरपोर्ट चकेरी निवासी शबाब खान (28) के रूप में हुई है।

शबाब खान दिल्ली में वाहन चालक का काम करता था। वह दिल्ली से अपने घर लौट रहा था। कोरोवा ओवर ब्रिज पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में शबाब खान की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। चौकी कांधी की पुलिस ने मृतक के पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान की। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डेरापुर थाना प्रभारी महेश कुमार ने कहा कि हादसे की जांच की जा रही है। अज्ञात वाहन की तलाश है। परिजनों की तहरीर के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


मौके पर जांच करती पुलिस।

### तेज रफ्तार ट्रक ने ली बाइक सवार की जान

- **राजपुर।** सिकन्दरा क्षेत्र के निन्हौरा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार सट्टी थाना क्षेत्र के क्योटरा दिबैर निवासी किसान संतोष कुमार (40) को सामने से टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। संतोष कुमार सोमवार को गाँव से औरैया जा रहे थे, तभी निन्हौरा के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पत्नी सुमन, बेटा सौरभ (18) बेटी प्रिया (14) भाई सोनेश्वर, पिता खरगू प्रसाद रोते–बिलखते सीएचसी पहुंचे। संतोष गुजरात के सूरत मे प्राइवेट नौकरी करता था।

## ट्रेन की चपेट में आ कर युवक की मौत

**रनियां।** गजनेर क्षेत्र के कानपुर झांसी रेलवे लाइन पर सोमवार सुबह बिराहिनपुर गांव के पास एक अज्ञात शव मिला। युवक रामपुर गांव का रहने वाला था।

पामा स्टेशन के ट्रैकमैन विशाल कुमार ने डायल 112 को सूचना दी कि रेलवे लाइन के खंभा नम्बर 1321 के पास शव पड़ा है। पामा चौकी प्रभारी ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शव देखने के लिए आसपास गांव के लोगों को भीड़ एकत्र हो गई। बाबूरामपुर के अमरनाथ ने अपने बेटे विजय (38) के रूप में शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि कल सचेन्डी अपने साढ़ू के यहां जाने की बात कहकर शाम को घर से निकला था। उन्होंने शक जाहिर कि कि रात में सचेंडी के लिए वाहन न मिलने पर वो पैदल रेलवे लाइन के रास्ते लौट रहा होगा।

# बैंक में गश खाकर गिरा किसान पत्नी के सामने थम गई सांसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंबरपुर गांव के रहने वाला एक किसान दोपहर रूरा कस्बा में संचालित एक बैंक में आया हुआ था। वहां वह गश खाकर गिर गया। वहां मौजूद लोग उसे लेकर रूरा सीएचसी लेकर गए, जहां ईएमओ ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।


मोहनलाल।

थाना क्षेत्र के अंबरपुर गांव की रहने वाले मोहनलाल (65) सोमवार को रूरा कस्बा स्थित बड़ौदा बैंक में अपने वृद्धावस्था पेंशन निकालने पत्नी सोमवती के साथ आए थे। दोपहर वह बैंक के अन्दर गश खाकर गिर गए। पत्नी सोमवती ने सूचना परिजनों को दी सूचना पर बैंक पहुंचे पुत्र जय सिंह पिता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रूरा ले गए जहां मौजूद ईएमओ प्रतीक पांडेय ने उनको मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे दरोगा संजय सिंह ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


अस्पताल में मौजूद परिजन। अमृत विचार

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र के बैजूपुरवा गांव के पास दिल्ली हावड़ा रेल ट्रैक पर एक बुजुर्ग का रक्त रंजित शव पड़ा। बुजुर्ग की शिनाख्त हो गई।

बैजूपुरवा गांव के पास डाउन पर शव पड़े होने की सूचना आगरा इंटरसिटी के एक यात्री ने रूरा स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर अखिलेश वर्मा की सूचना पर पुलिस ने शव की छानबीन की। दरोगा संजय सिंह ने बताया कि जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान जौनपुर जिले के बादशाहपुर क्षेत्र के गांव गौरा निवासी पन्नालाल पुत्र बिंदेश्वरी के रूप में हुई है। उसके डायरी में मिले मोबाइल नंबर से उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0–टी0– 202403400704058 सन्– 2025 अन्तर्गत धारा– 134 उ0प्र0राजस्व संहिता–2006, ग्राम– छतेनी, तहसील– मैथा, जनपद कानपुर देहात।
**रामसेवक**
बनाम
**शिवकुमार आदि**
1– राजेन्द्र पुत्र बद्री प्रसाद नि0 बढ़इनपुरवा म0 छतेनी तह0 मैथा, कानपुर देहात, 2– गजराज पुत्र बद्री प्रसाद नि0 बढ़इनपुरवा म0 छतेनी तह0 मैथा, कानपुर देहात, 3– मंहगू पुत्र मेडू नि0 बढ़इनपुरवा म0 छतेनी तह0 मैथा, कानपुर देहात, 4– श्रवण कुमार पुत्र सीताराम नि0 बढ़इनपुरवा म0 छतेनी तह0 मैथा, कानपुर देहात। बाजेह हो कि रामसेवक ने आपके नाम एक नालिस बाबत 134UPRC दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22 माह 07 सन् 2025 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्षन मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 24.06. 2025 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**आस्था की बयार** — सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़े लोग

# बम–बम भोले के उद्घोष से गूंजे शिवालय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में श्रावण माह के दूसरे सोमवार को भी भगवान शंकर के पूजन को आस्था का ज्वार उमड़ा। पौराणिक शिव मंदिरों मे पहुंचे श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारों के साथ जलाभिषेक किया। इसके साथ ही बेल पत्र, दूध, फल आदि अर्पित कर कल्याण की कामना की।

भगवान शिव की आराधना के पावन श्रावण माह के दूसरे सोमवार को पौराणिक शिव मंदिरों मे पहुंचे श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारों के साथ जलाभिषेक किया। इसके साथ ही बेल पत्र, दूध, फल आदि अर्पित कर भोले बाबा का पूजन किया।


पुखरायां के कालेश्वर मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा करते भक्त। अमृत विचार

बाणेश्वर महादेव मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धा से बाबा भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया। रसूलाबाद कस्बे के प्रसिद्ध धर्मगढ़ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर शिवजी का पूजन अर्चन व जयकारों के साथ जलाभिषेक किया।

रूरा के बनीपारा जिनई स्थित पौराणिक बाणेश्वर महादेव मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दूरस्थ जनपदों व अलग-अलग कस्बों व गांवों से यहां आए श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर अपनी बारी आने का इंतजार किया। इसके बाद बेलपत्र, गंगाजल, दूध व फल इत्यादि भगवान शिव को अर्पित कर जयकारों के साथ पूजन व जलाभिषेक किया। भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। इसी तरह जागेष्वर, कालेष्वर समेत जननद के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।

## पत्रकार भवन के लिए सौंपा ज्ञापन

**कानपुर देहात।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के आह्वान पर सोमवार को जौनपुर के जिलाध्यक्ष तमिल हसन शिबू के विरुद्ध दर्ज झूठे मुकदमे की निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में डीएम को जिला अध्यक्ष अनूप गौड़, जिला संरक्षक पीयूष दीक्षित, मौजूदगी में सूबे के मुख्यमंत्री के नाम 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

पत्रकार भवन बनाए जाने हेतु भूमि आवंटन किए जाने के संबंध में भी ज्ञापन सौंपा गया है तथा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद द्वारा जिले में पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखकर आहूत की जाने वाली स्थाई समिति की बैठक में संगठन के पदाधिकारी को प्रतिभाग किए जाने को लेकर जिला अध्यक्ष द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

# आरओ, एआरओ परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कराएं

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा शांतिपूर्ण व नकलविहीन सपंन्न करवाने के लिए सोमवार को एडीएम की अध्यक्षता में सभागार कक्ष में बैठक आयोजित कर दिषा निर्देष दिए गए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने निर्देष देते हुए बताया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 09:30 बजे से 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 2592 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 08:30 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा, जबकि प्रवेश द्वार 09:00 बजे बंद कर दिए जाएंगे। परीक्षा 06 केंद्रों पर सम्पन्न होगी जिनपर सकुशल नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उन्होनें सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे दो दिन मेंस्थापित करने हेतु सम्बन्धित फर्म को सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त केंद्र व्यवस्थापक सीसीटीवी स्थापना के बाद यह सुनिश्चित करने की वह सभी क्रियाशील रहे तथा स्थापना होते ही रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने वीडियोग्राफी, पर्याप्त प्रकाश, पेयजल, शौचालय एवं चिकित्सा सुविधा की शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सिटी ब्रीफ

### 27 को 26 केंद्रों में होगी आरओ एआरओ परीक्षा

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की लिखित परीक्षा 27 जुलाई दिन रविवार को जिले के 26 परीक्षा केंद्रों में होगी। जिसमें 26848 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा सुबह साढ़े 9 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक होगी। रीक्षा को सकुशल व शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये सभी परीक्षा केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक व 50 प्रतिशत वाह्य अन्तनिरीक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिनका प्रशिक्षण 22 व 23 जुलाई को दोपहर साढ़े 3 बजे से पुलिस लाइन सभागार में होगा। इसके लिए सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण शुरू होने से 15 मिनट पहले आना होगा। 22 जुलाई को केंद्र व्यवस्थापक, परीक्षा सहायक, केंद्र के आंतरिक अंतरिक्षक को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, 23 जुलाई को केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र पर नियुक्त बाह्य अंतरिक्षक व रिजर्व में लगे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### आदर्श लाइब्रेरी में कई पुस्तकें पढ़ सकेंगे बच्चे

**अमृत विचार, उन्नाव :** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में आदर्श लाइब्रेरी का निर्माण हो रहा है। इसके लिए पुस्तकों का सेट विद्यालयों में भेजा जाना है। जिसमें प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए अलग-अलग मानकों का निर्धारण किया गया है। विद्यालय के किसी कमरे के कोने में रस्सी के सहारे पुस्तकों को टांग दिया जाएगा। जहां से बच्चे उसे लेकर पढ़ सकेंगे। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि आदर्श लाइब्रेरी के निर्माण से बच्चों को पढ़ाई के लिए एक नया आकर्षक स्थान मिलेगा। खंड शिक्षाधिकारी अनीता साह ने बताया कि विद्यालयों के लिए पुस्तक चयन हेतु मानक तय कर लिए गए हैं। बताया कि आदर्श लाइब्रेरी हेतु उच्च स्तर से आदेश मिल चुके हैं। पुस्तकों को विद्यालयों में भेजने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

### लूट की घटना फर्जी, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार, फतेहपुर चौरासी उन्नाव :** बीती रविवार देरशाम डाकघर में तैनात पोस्टल असिस्टेंट से हुई लूट को पुलिस ने जांच में फर्जी बताया है। बता दें कि गांव दबौली निवासी डाककर्मी राजेंद्र कुमार को रविवार देरशाम फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर गंगापुल व गांव हिंदूपुर के बीच बाइक सवार 4 लुटेरों ने पीटकर नगदी व कागजात से भरा बैग छीन लिया था। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि डाककर्मी व उसके साथी चौधरी प्रसाद से अज्ञात बाइक सवारों की मारपीट हुई थी। लूट फर्जी पाई गई है।

### किशोरी को बहलाकर ले जाने पर दो को सजा

**अमृत विचार, उन्नाव :** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 नवंबर-2018 की शाम 4 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी गांव के नन्हक्के की पत्नी सरला व उसके बेटे फुलवा के साथ बाइक से बाजार गई थी। शाम को दोनों लौट आये पर बेटी नहीं आई। बहुत खोज की लेकिन कुछ पता नहीं चला। तहरीर पर सरला व फुलवा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। कुछ दिन बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद किया था। किशोरी के 164 के तहत बयान कराए गए थे। जिसमें बाराबंकी जिला के रामनगर थानांतर्गत लालपुर गांव निवासी शोएब अहमद व हसनगंज थानाक्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी सरला रावत द्वारा उसे बहला फुसलाकर भगा ले जाने की बात सामने आई थी। अंतिम सुनवाई में अधिवक्ता राजीव अवस्थी की दलील व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश रवि प्रकाश साहू ने दोनों को 3-3 साल की सजा और 10-10 हजार का जुर्माने के आदेश दिये।

# सावन के दूसरे सोमवार पर शिवमय रहा जिला, झूमे श्रद्धालु

## बांगरमऊ, परियर व शुक्लागंज समेत गंगातटों व शिवालयों में गूंजता रहा हर-हर महादेव व बम-बम का जयघोष, शिवालयों में उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



परियर स्थित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त।



शुक्लागंज स्थित गंगातट पर स्नान करते श्रृद्धालु। अमृत विचार



बांगरमऊ में शिव मंदिर के बाहर लगी भक्तों की लाइन।



शुक्लागंज स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग की पूजा करते भक्त।

**अमृत विचार :** श्रावण माह के द्वितीय सोमवार को जिले के सभी गंगातटों व शिवालयों में बम-बम महादेव का जयघोष गुंजायमान होता रहा। श्रृद्धालुओं ने गंगा स्नान कर भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की और उनसे अपने व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, नगर के पश्चिम स्थिति बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर के पुजारी बाबा चैतन्य स्वरूप ब्रह्मचारी ने महिलाओं व पुरुषों के दर्शन हेतु अलग-अलग लाइनें लगवाईं। मंदिर प्रांगण में विशाल मेला भी लगा।

मेले में जहां महिलाओं ने सौंदर्य प्रशाधन सामग्री खरीदी वहीं बच्चों ने आइसक्रीम, मिष्ठान व फास्ट-फूड का जमकर आनंद लिया। इसी तरह नगर के नानामऊ मार्ग स्थित श्री दुर्गेश्वर महादेव मंदिर, संडीला रोड रेलवे क्रासिंग के पास बाबा भैरवानन्द, उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर, भटपुरी मोहल्ला स्थिति पंचेश्वर महादेव मंदिर, तकिया मोहल्ला स्थिति रामेश्वर मंदिर, टेढ़ा शिवाला स्थिति सिद्धेश्वर महादेव मंदिर व बाईपास किनारे स्थित सिद्धनाथ महादेव मंदिर में भी सुबह से शिवभक्तों की भारी भीड़ रही। शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये पुलिस बल के अलावा राजस्व कर्मियों को भी तैनात किया गया।

परियर संवाददाता के अनुसार, सावन माह के दूसरे सोमवार पर ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालुओं ने परियर गंगातट पर जयघोष के साथ स्नान किया। इसके बाद पूजा-अर्चना कर तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। रास्ते में पड़ने वाले शिवालयों में जलाभिषेक कर मंगल कामना की। श्रद्धालुओं की टोली रविवार शाम से ही आना शुरू हो गई थी। रात में कीर्तन भजन के बाद सुबह स्थानीय ब्रह्मावर्त गंगातट पर श्रद्धालुओं ने ब्रह्ममुहूर्त से ही गंगा स्नान कर पूजा-अर्चना की और वहां मौजूद तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखंडेश्वर मंदिर में जलाभिषेक व पूजा अर्चना के लिए सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कावरियों की टोली भी जोर शोर के साथ जल भरकर शिव मंदिरों के लिए निकल रहे हैं। इस दौरान परियर चौकी प्रभारी अनिल राजपूत फोर्स के साथ मौजूद रहे। वहीं, सिकंदरपुर सरोसी से रमाशंकर तिवारी स्वास्थ्य टीम के साथ मौजूद रहे। प्रकाश की व्यवस्था जिला पंचायत की ओर से की गई।

शुक्लागंज संवाददाता के अनुसार, श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर गंगा स्नान के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सभी ने गंगातटों पर सुबह से दोपहर तक स्नान किया।

इस दौरान घाट किनारे बनी बालू के शिव प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के प्राचीन शिवालय व मंदिर में श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो गये। नगर व आसपास क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने गंगातट पर स्नान कर गंगाजल लेकर शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया। इसके साथ राजमार्ग से दुर्गा मंदिर, पीपलेश्वर, महादेव मन्दिर, गांधीनगर नागेश्वर मंदिर, महेश मार्ग शिव मंदिर, बालूघाट में आनंदेश्वर मंदिर, गोपीनाथ पुरम में भागेश्वर धाम मंदिर, मिश्रा कालोनी में शिव मंदिर, देवारा में वर्षों पुराना श्री वीरभद्रेश्वर मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ को दूध, दही, घी, भांग, बेलपत्र, पुष्प आदि अर्पण कर मनोकामनाएं मांगी। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में भगवान भोले नाथ का श्रंगार कर आचार्यों द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्लागंज से जाजमऊ चंदन घाट तक स्नान के दौरान पुलिस मौजूद रही।

### द्वादश मंदिर में हुआ सामूहिक रुद्राभिषेक

**अमृत विचार, उन्नाव :** नगर के मां कल्याणी देवी मंदिर में स्थापित जिले में एकमात्र द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार पर आचार्य जुगल किशोर तिवारी के निर्देश पर सोमनाथ, मलिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, वैद्यनाथ, विश्वनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, केदारनाथ, घृष्णेश्वर का भव्य श्रृंगार व रुद्राभिषेक किया गया। पूजन निशा द्विवेदी, अरुणा तिवारी, नयन, विनीता, सत्येंद्र सिंह, अनामीता शुक्ला, वंदना शुक्ला, ललिता, रामप्रसाद गुप्ता, रामू तिवारी, रजत द्विवेदी, गौरव शुक्ला, संतोष, डॉ. राजीव श्रीवास्तव, नीलम, प्रमोद पांडेय द्वारा सम्पन्न हुआ। श्री मां कल्याणी मंदिर सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा ने बताया कि अगला रुद्राभिषेक, पूजन व श्रृंगार 28 जुलाई को होगा।



मां कल्याणी देवी मंदिर में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में रुद्राभिषेक करते भक्त।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत, युवक घायल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे

**अमृत विचार :** रिश्तेदार के निधन पर उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने गए युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। इसमें पीछे बैठे युवक के रिश्ते के ससुर की मौके पर मौत हो गई और उसे भी सिर पर गंभीर चोटें आईं। इस पर उसे गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी निर्देश (30) पुत्र निरंजन की पत्नी गुड्डन की अचलगंज थानाक्षेत्र के बड़ौरा गांव निवासी दादी का निधन हो गया था। सोमवार को उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने निर्देश बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के रैथाना गांव निवासी अपने रिश्ते के ससुर दयाराम (50) पुत्र पूरन को लेकर कोलुहा गाढ़ा घाट जा रहा था। तभी अचलगंज थानाक्षेत्र के पुराने मार्ग स्थित जंगलेश्वर मंदिर के पास सामने से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे दयाराम उछलकर सड़क पर गिर गया और वाहन उसे रौंदता हुआ निकल गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं निर्देश भी सड़क पर सिर के बल गिरकर गंभीर घायल हो गया। उसे लोहचा सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। वहां गंभीर हेड इंजरी होने से उसे कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। लेकिन परिजन उसे नहर के पास स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसकी हालत देख हाथ खड़े कर दिए। इस पर परिजन उसे कानपुर ले गए। वहीं दयाराम की मौत की खबर पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर एडीएम ने किया घाट और सुविधा केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)



कांवड यात्रा को लेकर घाट का निरीक्षण करते एडीएम न्यायिक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर नगर में गंगा घाटों और कांवड़ सुविधा केंद्रों पर तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने डीएम के निर्देश पर पालिका की ओर से की गई व्यवस्थाओं की हकीकत परखी और कांवड़ियों की सुविधा व सुरक्षा को लेकर संतोष जताया। सावन के दूसरे सोमवार को बड़ी संख्या में कांवड़िए गंगाजल लेने के लिए नगर के विभिन्न घाटों पर पहुंचे। शासन के निर्देश पर पालिका द्वारा घाटों पर सफाई, सुरक्षा और विश्राम की व्यवस्था की गई है। एडीएम सबसे पहले पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां ईओ मुकेश मिश्रा और एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के साथ निरीक्षण शुरू किया। उन्होंने मिश्रा कॉलोनी घाट पर साफ-सफाई और गहरे पानी में की गई बैरिकेडिंग व्यवस्था देखी। इसके बाद नवीन बाढ़ चौकी स्थित कांवड़ सुविधा केंद्र पहुंचे और वहां कांवड़ियों के ठहराव, पेयजल, बिजली और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने खैरहा प्राथमिक विद्यालय में कराए गए कार्य भी देखे। इसके बाद आनंद घाट और पालिका कार्यालय पर बने सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर वहां लगे बिस्तर, कुर्सी आदि की व्यवस्था की सराहना की। करीब डेढ़ घंटे के निरीक्षण के बाद एडीएम मुख्यालय वापस लौट गए।

## सार संक्षेप

### जयपुरिया के 10वीं -12 वीं के मेधावियों का सम्मान



मेधावी छात्र को सम्मानित करते फाउंडेशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** श्री सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा सोमवार को सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल के 10 वीं व 12वीं के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेठ जयपुरिया स्कूल की छात्रा श्रीति जिसने हाईस्कूल में 96 .8 प्रतिशत अंक लाकर और इंटर के छात्र अनुभव वर्मा ने 92 .2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन किया था उन्हें संस्था अध्यक्ष प्रथम श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। बताया कि यह मुहीम लगातार चलती रहेगी। संस्था के संरक्षक व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने सचिव आशीष निगम, सदस्य लक्ष्य निगम, प्रांजुल गुप्ता, आयुष ठाकुर, नवल किशोर मिश्रा, मनीष गुप्ता, शरद श्रीवास्तव आदि के साथ जयपुरिया स्कूल की प्रधानाचार्या निधि शर्मा व मेधावी बच्चों को प्रतीक चिन्ह, पटका व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

### शिक्षक नेताओं ने जानी शिक्षकों की समस्याएं

**अमृत विचार, उन्नाव :** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (चन्देल गुट) के जिलाध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित व जिला मंत्री राम शंकर के नेतृत्व में 21 विद्यालयों का दौरा किया गया। इस दौरान शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गई और संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया गया। शिक्षकों को उनकी समस्याएं डीआईओएस से संपर्क कर हल कराने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र दीक्षित व मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र गुप्ता आदि भी रहे।

### महिला के हत्यारों को आजीवन कारावास

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** पति से अलगाव के बाद अकेली रह रही महिला की गला दबाकर हत्या किए जाने के मामले में कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दो दोषियों को आजीवन कारावास के आदेश दिए। साथ ही कोर्ट ने उन पर 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट के आदेश के बाद जमानत पर बाहर एक दोषी की जमानत निरस्त कर उसे जेल भेजा गया। आजाद नगर निवासी सुशील ने 5 जुलाई 2021 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी शादी 27 साल पहले सोहरामऊ थानाक्षेत्र के हिम्मतगढ़ गांव निवासी रामलली से हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। 6 साल पहले आपसी मनमुटाव के बाद पत्नी मायके में रहने लगी थी। फिर शहर में रहने लगी थी। तीन जुलाई-2021 की रात साले अजय ने उसे फोन कर बताया था कि रामलली की मौत हो गई है। उसका शव जिला अस्पताल में मोर्चरी में है। अजय ने बहनोई को बताया कि उसे इसकी जानकारी पूजा नाम की महिला ने दी है। 4 जुलाई-2021 को सुशील मोर्चरी पहुंचा जहां पूजा ने बताया कि वह कानपुर के नौबस्ता की निवासी है। रामलली से मिलने उसके कमरे पर आती रहती थी। 3 जुलाई की सुबह वह रामलली के कमरे पर सो रही थी। तभी लोकनगर निवासी श्यामू पासवान व जुराखन खेड़ा निवासी लाला उर्फ राजेश धोबी उसके कमरे में घुस आए और बेड पर लेट गए। इस पर रामलली ने दोनों को पीटकर भाग दिया था। शाम करीब 5 बजे दोनों फिर लौटकर आए तो रामलली ने उसे समोसा लेने भेज दिया था। जब वह वापस लौटी तो रामलली कमरे में बेसुध पड़ी थी। इस पर वह एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पति की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर 6 जुलाई-2021 को जेल भेजा था। निरीक्षक सुधीर पांडेय ने जांच कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। तभी से केस एडीजे-7 की कोर्ट में विचाराधीन था।

### मामूली कहासुनी में युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर में मामूली कहासुनी के बाद एक युवक से मारपीट की गई। जिसमें उसका सिर फट गया। घायल की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आजाद नगर निवासी सुनीता पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार शाम उसके पति जगदीश का किरायेदार बिंदा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस कहासुनी के बाद जब वह सोमवार सुबह मायके से अपने घर पहुंची और मामले को शांत करने की कोशिश की, तो उसी दौरान आरोपियों ने उनके पति पर हमला कर दिया। सुनीता के अनुसार, सुजीत निषाद, सुमित निषाद, किरायेदार बिंदा राजपूज और उसकी बहन प्रिया निषाद ने पहले गाली-गलौज की, फिर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में उनके पति का सिर फट गया और वह बेहोश हो गया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला को पीटा, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सफीपुर उन्नाव :** कोतवाली क्षेत्र के साल्हेनगर करौंदी गांव निवासी लक्ष्मी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 5 वर्ष पूर्व आसीवन थानाक्षेत्र के जाहिदापुर पिपरी गांव निवासी पंकज से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से पति पंकज, ससुर राजू, सास मिथिलेशा व देवर नीरज उस पर दहेज में बाईक लाने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता के अनुसार मायके पक्ष की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से जब उसने बाइक लाने से इनकार किया तो ससुरालीजन आएदिन उससे मारपीट करने लगे। आरोप है कि 17 जुलाई की रात चारों ने मिलकर उसे पीट दिया। जिससे उसकी दाहिनी आंख में गंभीर चोट आ गई और सिर व शरीर में भी चोटें आईं। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पीएचसी में डॉक्टर की देरी से मरीज हुए नाराज, मेडिकल स्टॉफ से झड़प

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)



डॉक्टर के न होने पर पीएचसी में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार:** न्यू पीएचसी शुक्लागंज में सोमवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी के देरी से पहुंचने पर मरीजों ने नाराजगी जताई। सुबह से लाइन में लगे मरीजों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा, जिससे गुस्साए मरीजों की मेडिकल स्टाफ से झड़प हो गई।

न्यू पीएचसी में पहले तीन डॉक्टर डॉ. राजेश चंद्रा (प्रभारी), डॉ. रश्मि वर्मा (महिला चिकित्सक) और डॉ. अल्तमश खान ओपीडी में मरीज देखते थे। लेकिन बीते माह सीएमओ के निर्देश पर डॉ. अल्तमश को चंपा पुरवा स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर स्थानांतरित कर दिया गया। अब दो ही डॉक्टरों के भरोसे रोजाना करीब 200 मरीजों का उपचार हो रहा है। सोमवार को डॉ. राजेश चंद्रा किसी कार्यवश करीब डेढ़ घंटे देर से पहुंचे। सुबह 10 बजे तक न पहुंचने पर उनके कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लग गई। अकेली डॉ. रश्मि वर्मा ओपीडी देखती रहीं, लेकिन जो मरीज डॉ. चंद्रा को दिखाना चाहते थे, वे गुस्से में आ गए और हंगामा करने लगे। मौजूद मेडिकल स्टाफ ने मरीजों को समझाने की कोशिश की और प्रभारी डॉक्टर को फोन से स्थिति की जानकारी दी। लगभग 11:15 बजे जब डॉ. चंद्रा पहुंचे, तब ओपीडी का दबाव कम हुआ। मरीजों ने बताया कि जब तीन डॉक्टर मौजूद रहते थे, तो एक की अनुपस्थिति से इलाज में दिक्कत नहीं होती थी, लेकिन अब दो डॉक्टरों पर ही पूरा भार है, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

# ऋतुचर्या कार्यक्रम में दी बच्चों से संबंधित जानकारियां

संवाददाता,उन्नाव

**अमृत विचारः** गंजमुरादाबाद क्षेत्र के गांव दसगवां स्थित परिषदीय विद्यालय में आयोजित ऋतुचर्या कार्यक्रम में गांव के आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी चिकित्सक डॉ. विनीता वर्मा ने कहा कि बारिश का मौसम खासकर बच्चों के लिए काफी हानिकारक होता है।

बारिश के दौरान या इसके बाद बच्चे कीचड़ या गंदे स्थान पर खेलते हैं। जिससे विषैले कीटाणु उनके शरीर तक आसानी से पहुंचकर उन्हें बीमार करते हैं। जिससे उन्हें डायरिया, बुखार, वायरल फीवर व खुजली की समस्या हो सकती है। ऐसे में अभिभावकों को भी अपने बच्चों की देखरेख करनी चाहिए। बच्चों को कीचड़ या गंदे स्थानों से दूर रखें। घर के आसपास गंदा या बारिश का पानी एकत्र न होने दें। यदि जलजमाव हो तो उसमें केरोसिन डालकर बैक्टीरिया को निष्क्रिय करें।

बच्चों को बासी भोजन न कराएं। ताजा भोजन और ताजा पानी शरीर को पुष्ट रखता है। इसके अलावा खुले आसमान के बजाय सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। शौच जाने के बाद व खाना खाने से पूर्व साबुन से हाथ धोएं। किसी भी शारीरिक समस्या होने पर गांव स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय आकर जांच कराकर दवा लें। उन्होंने बच्चों को बारिश के मौसम में औषधि का एक पौधा रोपने के लिए भी संकल्पित किया।

**जागरूक**

## रोटरी क्लब गंगाघाट के अधिष्ठापन समारोह में गंगा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

# गंगा के साथ घाटों को स्वच्छ रखने का लें संकल्प : महाना

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)




कार्यक्रम को संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गंगा मइया को स्वच्छ बनाने के लिए केवल रोटरी क्लब ही नहीं, बल्कि शुक्लागंज के सभी लोगों को अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि सुबह लोग मॉर्निंग वॉक के समय गंगा किनारे जाएं, गंदगी फैलाने वालों को विनम्रता से रोकें और समझाएं। यह कार्य करने के लिये कोई बंग्लौर से आयेग, बल्कि हमें ही अपनी मां समान गंगा की रक्षा करनी है, क्योंकि हमने गंगा के तट पर जन्म लिया है और मां गंगा को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। यह बात रविवार रात रोटरी क्लब गंगाघाट के 40वें अधिष्ठापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने राजधानी मार्ग स्थित एक गेस्टहाउस में कही। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग गलत करने वालों को टोकते नहीं हैं, लेकिन अब यह सोच बदलनी होगी। गंगा को मां कहने का अर्थ है कि हम उसकी रक्षा करें। प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण को भी जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही काफी नहीं है, उनका संरक्षण भी किया जाना चाहिए। उन्होंने रोटरी क्लब की ओर से चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान की सराहना की।

महाना ने बताया कि 1991 से वह विधायक हैं और कैंट से भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। शुक्लागंज से उनका विशेष लगाव है, क्योंकि गंगा के एक ओर कैंट है और दूसरी ओर शुक्लागंज। इसी नाते यह क्षेत्र उनके दिल के बेहद करीब है। इसके साथ ही उन्होंने गंगा नदी पर प्रस्तावित पुल को लेकर उनके स्वागत करने पर नगरवासियों की सराहना की। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि कर्नल आदर्श दुबे, रोटरी क्लब के असिस्टेंट गर्वनर भक्ति विजय शुक्ला ने भी संबोधित किया। वहीं रोटरी क्लब के गत वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद रोटरी क्लब के नये अध्यक्ष और सचिव की घोषणा की गई। जिसके बाद पदाधिकारियों ने नये नवनिर्वाचित अध्यक्ष रो0 अवनीश शुक्ला, सचिव रो0 आनंद पांडेय को घोषित किया। वहीं उपाध्यक्ष मनीष शुक्ला, कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी, निदेशक अशोक त्रिवेदी, रितेश मिश्रा, एस के तिवार को बनाया गया। इस मौके पर रो. धुरव अवस्थी, विवेक शुक्ला, योगेन्द्र देव त्रिपाठी, अंकुर शुक्ला, अतुल दीक्षित, रवि शुक्ला, भरत त्रिवेदी, रितेश मिश्रा, कमल वर्मा, अभिषेक तिवारी, सीताराम अग्रवाल समेत नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस ने 3 जुआरी को दबोचा, नकदी बरामद

अमृत विचार नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली अंतर्गत नवाबगंज चौकी क्षेत्र के सेरसा गांव स्थित शराब ठेके के पीछे काफी समय से जुएं का अड्डा संचलित था। जहां आसपास के गावों के जुआंरी आकर हजारों का दावा लगाते थे। जिसकी शिकायत कई बार गांव के लोगों ने पुलिस से की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। बीती रात पुलिस को अड्डे पर जुआं होने की सूचना मिलीतो कोतवाली व चौकी पुलिस ने अड्डे को चारों ओर से घेरकर छापेमारी कर दी और नगदी सहित तीन जुआरियों को दबोच लिया। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि पकड़े गये जुआरियों में नरेंद्र पुत्र मैकूलाल निवासी मद्दुखेड़ा, देवेंद्र पुत्र मुरारी सिरसा व अनिल पुत्र छेदी लाल निवासी गुरुसहाय खेड़ा हैं। फड़ से 11 हजार व जामातलाशी में 600 नकदी बरामद हुई है।



"कभी मत सोचिए कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है, ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है।"

# अमेरिका का साथ

पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को अमेरिका ने आखिरकार वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया। यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। अमेरिका के निर्णय से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूती मिलनी चाहिए। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे समय पर उठाया गया अहम कदम कहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत करने के लिए अमेरिका समेत 32 देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजे थे। इन देशों को सबूत के साथ बताया गया कि टीआरएफ पाकिस्तान प्रायोजित लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। टीआरएफ ऐसा संगठन रहा है, जिसके आतंकियों ने 5 अगस्त, 2019, संसद में अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने वाले दिन, के बाद जम्मू-कश्मीर में करीब 95 फीसदी लक्षित हत्याएं की हैं। शुरू में समझा गया था कि यह सोशल मीडिया पर सक्रिय कोई संगठन है, लेकिन सेना-सुरक्षा बलों ने जिन आतंकियों को मुठभेड़ में ढेर किया अथवा पूछताछ के दौरान जो खुलासे सामने आए, उनसे साबित होता गया कि यह लश्कर का मुखौटा संगठन है। टीआरएफ पर पाबंदी लगने से अब कोई उसे वित्तीय मदद या अनुदान नहीं दे सकेगा। उसका कोई भी सदस्य अमेरिका में नहीं घुस पाएगा। उन्हें अमेरिका का वीजा नहीं दिया जाएगा, बल्कि उनके जिन देशों के पासपोर्ट हैं, उन्हें रद्द करने का आग्रह किया जाएगा।

अब भारत इसे संयुक्त राष्ट्र से भी 'आतंकी संगठन' घोषित कराने के प्रयास करेगा। कहा जा सकता है कि भारत की कवायद इस संगठन के खिलाफ अमेरिका के सख्त फैसले का आधार बनी। अमेरिका ने इससे पहले 2001 में भारतीय संसद पर हमले के बाद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को आतंकी संगठन घोषित किया था। पाकिस्तान इन दोनों संगठनों की तरह टीआरएफ को भी भारत के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है लेकिन कई देशों ने आतंकवाद पर दोहरी नीति अपना रखी है। इनमें अमेरिका भी शामिल है। एक तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मुद्दे पर भारत के साथ खड़े होने की बात करते हैं, दूसरी तरफ आतंकवाद की नर्सरी चलाने वाले पाकिस्तान को लेकर अपने नरम रुख का इजहार भी करते रहते हैं। अमेरिका उसे आइएमएफ से कर्ज भी दिलवाता है और हथियार भी बेचता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का ढुलमुल रवैया हैरान करने वाला है। उसने अब तक टीआरएफ को प्रतिबंधित संगठन घोषित नहीं किया है। हद यह कि पहलगाम हमले के बाद यूएनएससी ने जो बयान जारी किया था, उसमें टीआरएफ का नाम तक नहीं था। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के ताजा कदम के बाद एफएटीएफ और दूसरी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां टीआरएफ की फंडिंग की जांच करेंगी। हालांकि यह एक सकारात्मक कदम है, लेकिन पहलगाम हमले के बाद से ट्रंप प्रशासन की अन्य कार्रवाइयों को परिप्रेक्ष्य में रखना आवश्यक है। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के बाद, अमेरिका ने कई मौकों पर चार दिवसीय संघर्ष पर भारत के कथन का खंडन किया है। ट्रंप का अभूतपूर्व व्हाइट हाउस लंच और पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की प्रशंसा, सरकार द्वारा यह कहने के कुछ घंटों बाद हुई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप के साथ स्थिति स्पष्ट कर दी है और यह सवाल उठाता है कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए अमेरिका पाकिस्तान पर कितना दबाव डालने को तैयार है। पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंक के नापाक गठजोड़ पर जब तक सभी देश एकमत नहीं होंगे, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंचेगी। भारत को वैश्विक मंचों पर टीआरएफ को बेनकाब करने की मुहिम जारी रखनी चाहिए, ताकि इस संगठन को फिर सिर उठाने का मौका न मिले। बहरहाल अमेरिका ने साबित कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है और उसका सहयोगी है।

## प्रसंगवश

# राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रंगों में समाया स्वाभिमान



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का इतिहास और महत्व अत्यंत गौरवशाली है। यह मात्र एक कपड़े का टुकड़ा नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, अरमानों, बलिदानों और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। स्वतंत्र भारत के इस गौरवशाली चिह्न की यात्रा सैंकड़ों वर्षों के संघर्ष, विचार-मंथन और राष्ट्र निर्माण के दौर से जुड़ी है। हमारे तिरंगे की अहमियत हर भारतीय के दिल में समाई है क्योंकि यह न केवल देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का चिन्ह है बल्कि आज़ादी के लिए चले महासंग्राम और समावेशी संस्कृति की अमिट छाप भी है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज, जिसे हम 'तिरंगा' के नाम से जानते हैं, उसे संविधान सभा द्वारा 22 जुलाई 1947 को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था। इसी दिन की स्मृति में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को 'राष्ट्रीय ध्वज दिवस' मनाया जाता है, जिससे आज के युवाओं को हमारे ध्वज की गौरवगाथा और उसके पीछे छिपी अपूर्व राष्ट्रभक्ति की भावना की जानकारी मिल सके।

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के रंग, इसकी संरचना और उसके बीच स्थित चक्र, तीनों ही अपने आप में गहन दार्शनिक एवं ऐतिहासिक संदेश रखते हैं। तिरंगे में सबसे ऊपर केसरिया रंग देश के साहस, त्याग और बलिदान की भावना का प्रतीक है, मध्य में श्वेत रंग शांति, सत्य और निर्मलता का द्योतक है जबकि सबसे नीचे हरा रंग समृद्धि, विकास, उर्वरता और आशावाद का संदेश देता है। तिरंगे के मध्य स्थित गहरे नीले रंग का 24 आरी वाला अशोक चक्र धर्म और सत्य के पथ को दर्शाता है। यह चक्र सम्राट अशोक के 'सारनाथ' के शिलालेख से लिया गया है, जो प्रगति, गति और सतत बदलाव का भी प्रतीक बन गया है। इस चक्र की 24 तीलियां देश के 24 घंटे सतत क्रियाशील और जागरूक रहने की प्रेरणा देते हैं।

तिरंगे के स्वरूप की अंतिम रूपरेखा टी. पिंगली वेंकैय्या नामक महान स्वतंत्रता सेनानी एवं वस्त्र वैज्ञानिक ने तैयार की थी, जो गांधीजी के मार्गदर्शन में एक ऐसा ध्वज चाहते थे, जो संपूर्ण भारत की बहुलवादी संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलन की भावना और आधुनिक भारत के नए मूल्यों को एक साथ समेट सके। पिंगली वेंकैय्या ने न केवल सैद्धांतिक रूप से बल्कि अधुनातन रंगों के साथ तिरंगे का सर्वसमावेशी स्वरूप प्रस्तावित किया था, जिसे संविधान सभा ने स्वीकार किया। आज भी पिंगली वेंकैय्या का नाम भारतीय ध्वज के जनक के तौर पर इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। तिरंगे के महत्व को समर्पित 'राष्ट्रीय ध्वज दिवस' का आयोजन हमें यह याद दिलाने के लिए है कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज केवल झंडारोहण या सरकारी आयोजनों तक सीमित नहीं बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता, कर्त्तव्यनिष्ठा, समाज के प्रति उत्तरदायित्व और साझा भारतीयता के उच्च आदर्शों का जीवंत परिचायक है। आरंभिक आंदोलनकारियों के बलिदानों की विरासत, महान संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि और समावेशी राष्ट्रवाद के मूल्यों का शीर्ष प्रतीक है तिरंगा। देश की सीमाओं से बाहर सैन्य अभियान, विश्व मंचों पर भारत की भूमिका या देश की संप्रभुता से संबंधित हर अवसर पर तिरंगा विश्वास और गर्व का स्तंभ बनकर लहराता है। 'सत्यमेव जयते' अर्थात सत्य की ही विजय होती है, यह संदेश भारतीय तिरंगे की आत्मा में बसा है, जो हर भारतवासी के जीवन का आदर्श होना चाहिए।

# फंडिंग और बाहरी एजेंडे से प्रेरित होता है धर्मांतरण





सुनील कुमार महला
स्तंभकार

धार्मिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार भी धर्म परिवर्तन का कारण बन सकता है। वास्तव में, यह एक व्यक्ति द्वारा स्वेच्छा से या किसी दबाव में किया जा सकता है। मसलन, धर्मांतरण के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि धार्मिक विश्वासों में बदलाव, विवाह, धर्म परिवर्तन के लिए लालच (आर्थिक लालच), या सामाजिक प्रभाव।

आज जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व का सबसे बड़ा देश है और हमारे भारतीय संविधान में, भारत को एक 'पंथनिरपेक्ष' राज्य घोषित किया गया है, जिसका अर्थ है कि राज्य का कोई आधिकारिक धर्म नहीं है, और यहां सभी नागरिकों को अपने-अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से मीडिया की सुर्खियों में देश में धर्मांतरण संबंधी बातें लगातार सामने आ रहीं हैं, इसे किसी भी हाल और परिस्थितियों में ठीक व जायज़ नहीं ठहराया जा सकता है। साथ ही बताता चलूं कि धर्मांतरण (धर्म परिवर्तन) का मतलब है किसी व्यक्ति का एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन करना या किसी व्यक्ति का धार्मिक विश्वास बदलना। दूसरे शब्दों में कहना ग़लत नहीं होगा कि कोई व्यक्ति विश्वास व मूल्यों में परिवर्तन के कारण भी अपना धर्म बदल सकता है।

धार्मिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार भी धर्म परिवर्तन का कारण बन सकता है। वास्तव में, यह एक व्यक्ति द्वारा स्वेच्छा से या किसी दबाव में किया जा सकता है। मसलन, धर्मांतरण के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि धार्मिक विश्वासों में बदलाव, विवाह, धर्म परिवर्तन के लिए लालच (आर्थिक लालच), या सामाजिक प्रभाव। कुछ लोग किसी विशेष धर्म के प्रति आकर्षण या आध्यात्मिक अनुभव के कारण धर्मांतरण कर सकते हैं। धर्मांतरण के कारण कभी-कभी व्यक्ति को सामाजिक अलगाव का सामना भी करना पड़ सकता है। बहरहाल कुछ राज्यों में, जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं। इन कानूनों का उल्लंघन करने पर सजा का प्रावधान भी किया है, लेकिन बावजूद इसके भी हमारे देश में रह-रहकर धर्मांतरण की खबरें मीडिया की सुर्खियों में आतीं रहतीं हैं। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि धर्मांतरण के मामलों पर हमारे समाज, हमें स्वयं, हमारे प्रशासन व सरकार को निरंतर सजग व सर्तक रहने की आवश्यकता है, क्यों कि इसके हमारे सामाजिक संरचना, ताने-बाने पर व्यापक असर पड़ते हैं।

आज देश में अवैध धर्मांतरण कराने के लिए अनेक कट्टरपंथी नेटवर्क काम कर रहे हैं। वास्तव में ये नेटवर्क केवल धर्मांतरण तक ही सीमित नहीं हैं। धर्मांतरण के जरिये ये नेटवर्क हमारे युवाओं (हमारी युवा पीढ़ी) को कट्टरपंथ के लिए उकसाने और उन्हें देशविरोधी एजेंडे से जोड़ने का काम कर रहे हैं, जो हमारे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से एक बहुत बड़ा खतरा है। पाठकों को जानकारी देता चलूं कि हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ ज़ोन की टीम ने बलरामपुर, लखनऊ और मुंबई में छांगुर और उसके करीबी नवीन रोहरा सहित अन्य से जुड़े 15 ठिकानों पर छापा मारा। दरअसल, यह जांच उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी, जिसमें अवैध धर्मांतरण, विदेशी फंडिंग और देश की सुरक्षा से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए थे। जांच में सामने आया है कि छांगुर बाबा बलरामपुर स्थित चांद औलिया दरगाह से पूरे नेटवर्क का संचालन करता था। आरोप है कि वह अनुसूचित जाति (एससी) और आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू वर्ग के लोगों को डराकर और बहला-फुसलाकर धर्मांतरण कराता था। उत्तर प्रदेश पुलिस का यह प्रयास काबिले-तारीफ है कि उसने धर्मातरण के बड़े गिरोह का भंडाफोड़ कर देश में सुनियोजित ढंग से चल रहे धर्म परिवर्तन को समाज और देश के सामने उजागर किया है। धर्मांतरण का आईएसआईएस से कनेक्शन भी बताया जा रहा है। सामने आया है कि छह राज्यों में धर्मांतरण का नेटवर्क फैला हुआ है तथा इस संदर्भ में विदेशी फंडिंग का खुलासा भी हुआ है, जो अपने आप में बहुत बड़ी बात है। देश में धर्मांतरण के गैंगों का सक्रिय होना कोई छोटी बात नहीं है। इन गैंगों के अलग-अलग मॉड्यूल काम कर रहे हैं, मसलन कोई फंडिंग जुटाने का तो कोई लोगों को रैडिकलाइज करने का तो कोई उन्हें छिपाने की व्यवस्था कर रहें हैं, यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है। यहां तक कि इन कट्टरपंथी गैंगों के कनेक्शन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी जुड़े पाए गए हैं। यह बहुत गंभीर है कि विभिन्न सिंडिकेट से अमेरिका, कनाडा और दुबई से फंडिंग मिलने के सबूत तक मिले हैं। एक प्रारंभिक जांच में यहां तक पता चला है कि इन कट्टरपंथी नेटवर्क का संपर्क लश्कर-ए-तइबा से भी है। धर्मांतरण के जो मामले सामने आए हैं, वह अच्छी बात है, प्रशासन, पुलिस, अधिकारी व सरकार लगातार इन कट्टरपंथी नेटवर्क की धरपकड़ में लगे हुए हैं, कुछ को गिरफ्तार भी किया गया है और छानबीन, जांच-पड़ताल लगातार की जा रही है, लेकिन इस बात की आशंका को कतई नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है कि न जाने कितने छांगुर और धर्मांतरण के अवैध नेटवर्क अब भी हमारे देश में चल रहे होंगे। हाल फिलहाल, इसमें कोई दोराय या संदेह नहीं है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण गैंग के लिए तगड़ा आपरेशन करते हुए तगड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है, लेकिन यहां यक्ष प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर वे कौन लोग हैं जिनकी लापरवाही, मिलीभगत से ऐसे धर्मांतरण नेटवर्किंग को पनपने का मौका मिल सका? क्या ऐसे अधिकारियों और प्रशासकों पर कठोर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए? वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए निरंतर सतर्क और समन्वित, यथेष्ठ और ईमानदार प्रयास किए जाएं। समाज को शिक्षित व जागरूक करना तो आवश्यक है ही। हम सभी को देश व समाज में धार्मिक व सामाजिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने की दिशा में एकजुट होकर काम करना होगा।

## आमने सामने



भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा, "सदन की मर्यादा का उल्लंघन किया जा रहा है, हर सत्र बाधित होता है। प्रत्येक मुद्दे के लिए समय आवंटित किया गया है, लेकिन विपक्ष नहीं चाहता कि कार्यवाही हो…"



कांग्रेस सांसद जेबी माथेर का कहना है, "जब हमारा देश एक खतरनाक दौर से गुज़र रहा था, उस समय भारत गठबंधन ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी, लेकिन अभी तक कई सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। ऐसे कई मुद्दे हैं जिनका जवाब सरकार को देना चाहिए।

# संसद में हंगामा, समय और संसाधनों की बर्बादी



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है।

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा-पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रंप 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा-हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? लेकिन राहुल गांधी द्वारा अनाप-शनाप तरीके से ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना किसी के भी गले नहीं उतर रही है।

वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है।

ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट के आड़ में संसद को समय बर्बाद कर रहा है। विपक्ष अपने आलोचना धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान-सम्मान पर बेजा टीका-टिप्पिणयां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष-विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते करते देश के मान सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। और देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए।

मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिए करता है। इस साल बजट सत्र में राज्यसभा की प्रॉडक्टिविटी 119 प्रतिशत, जबकि लोकसभा की 118 प्रतिशत रही। विपक्ष ने नई शिक्षा नीति, मणिपुर के हालात और बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल पूछे थे। इस दौरान कुल 16 बिल पास हुए। बजट सत्र के आंकड़े भले थोड़े अच्छे दिख रहे हों, पर आमतौर पर संसद से हंगामे की तस्वीरें ही ज्यादा आती हैं। लेकिन बजट सत्र के विपरीत शीतकालीन सत्र में संसद के बहुमूल्य समय और संसाधन नष्ट हुए।

18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57.87 प्रतिशत, राज्यसभा में 41 प्रतिशत रही। संविधान पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 16 घंटे जबकि राज्यसभा में 17 घंटे बहस हुई। वहीं, लेजिस्लेटिव थिंक टैंक पीआरएस इंडिया के अनुसार 20 दिनों की कार्यवाही में से लोकसभा में 12 दिन प्रश्न काल 10 मिनट से ज्यादा नहीं चल सका। शीत सत्र उदाहरण है, जब लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हो गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप लगातार दोहरा रहे हैं कि उन्होंने दोनों पड़ोसियों में शांति कराई। अब तो उन्होंने यह भी दावा कर दिया है कि संघर्ष में कुछ जेट गिरे थे। सरकार पर स्थिति स्पष्ट करने का दबाव होगा। इसी तरह, चुनाव आयोग का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी सर केवल वोटिंग लिस्ट की समीक्षा तक सीमित नहीं रह गया है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी सर की टाइमिंग को सही नहीं माना है, तो सरकार को कुछ कठिन प्रश्नों का सामना करना पड़ सकता है। संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है।

## मंथन

# शादी और तलाक़



अमरजीत सिंह
लखनऊ

शादी और तलाक़ प्राणी जगत में सिर्फ मानव प्रजाति में ही पाये जाते हैं। सबसे मज़ेदार बात यह है कि हम संबंधों की गहन रिसर्च के बावजूद आज तक शादी और तलाक़ के सही और सर्वमान्य कारण नहीं खोज सकें हैं। लेकिन एक बात तो तय है कि तलाक़ का मुख्य कारण शादी तो है ही। पति-पत्नी में झगड़े मनमुटाव पहले भी होते थे लेकिन वह संबंध विच्छेद या तलाक़ की शक्ल अख्तियार नहीं करते थे। जैसे-तैसे एक साथ रहते रहते, जिम्मेदारियां निभाते निभाते विवाह को चलाते रहते थे। लेकिन आजकल पति-पत्नी शादी के तुरंत बाद और बीस-पच्चीस वर्षों तक साथ रहने के बाद भी तलाक़ ले रहें हैं। शायद इसकी वजह एक-दूसरे पर आर्थिक निर्भरता कम हो रही है और आज "दुनिया क्या कहेगी" का भाव विदा हो रहा है। ख़ैर वजह कोई भी हो तलाक़ के मामले कोर्ट-कचहरियों में लगातार बढ़ रहें हैं। आधुनिक समय में शादी-विवाह की जगह "लिविंग इन" रिलेशनशिप ले रही है। तलाक़ की जगह ब्रेकअप ले रहें हैं। भारत में लिविंग इन रिलेशनशिप और डिवोर्स विदेशों से आयातित वस्तु है। लेकिन आज की यह सच्चाई बन चुकी है।

पीछे अभी तलाक़ शुदा जोड़ों के विषय में पढ़ रहा था। उसमें कहा गया कि यदि कोई तलाक़ शुदा कपल डिवोर्स के दस-बारह वर्ष बाद एक दूसरे से मिलें तो वह पाएंगे कि जिन वजहों से उनका तलाक़ हुआ था अब वह कारण ही समाप्त हो चुकें हैं। उनके बीच की कड़वाहट शायद अब नहीं है। अब वह अगर चाहें तो दोबारा एक साथ रहने की शुरुआत कर सकते हैं।

हो सकता है इसमें कोई सच्चाई हो लेकिन देखा गया है कोई भी रिश्ता जहां दस-बारह वर्ष का अंतराल आ गया हो, एकदम से सब भूल पाना अगर असंभव नहीं है तो भी बहुत मुश्किल तो है ही। एक बार रिश्तों की डोर में टूटन हो जाए और उनमें गांठ पड़ जाए तो उसे पहले जैसा हो जाना बहुत मुश्किल है। इसलिए कोशिश यह होनी चाहिए बात इस हद तक ना बढ़ने दी जाए का टूटन हो जाए। अगर टूटन हो भी जाए तो उसे जल्द ही दोबारा जोड़ने की कोशिश कर लेनी चाहिए। अगर मानसिक और शारीरिक फासले लंबे समय तक बरकरार रहें तो दूरियां स्थाई हो जाती हैं।

जिन स्त्री-पुरुषों के बीच तलाक़ हो जाता है वह समाजिक रूप से किसी से दोबारा स्थाई संबंध स्थापित नहीं कर पाते। कोई न कोई अड़चन आती ही रहती है। इसके लिए यही बक़ौल शायर, "ग़र तड़पना पड़े याद में उम्र भर, रोक लो रूठ कर उनको जाने ना दो। बाद में प्यार के चाहे भेजो हज़ारों पैग़ाम, वो फिर नहीं आते।"

## सोशल फोरम

# डिजिटल भीड़ की सनक





प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

समय की मांग यही है कि शिक्षक अपना फोकस सोशल मीडिया पर नैतिकता का अभिनय करने से हटाकर अपने मूल कार्य-पढ़ाने, सोचने और समाज को दिशा देने-पर लगाए। गलत को गलत कहें, लेकिन उसकी सार्वजनिक निंदा में शामिल होकर शिक्षा के मंच को तमाशे का मैदान न बनाएं।

जब किसी शिक्षक की कोई नकारात्मक खबर बाहर आती है, तो जैसे पूरा समाज ही एक निजी अदालत बन जाता है। दोष एक व्यक्ति का होता है, लेकिन कलंक पूरे शिक्षकों पर मढ़ दिया जाता है। यह कोई न्यायिक प्रक्रिया नहीं होती, बल्कि सामाजिक और डिजिटल भीड़ की वह सनक होती है जो सोशल मीडिया पर लाइक्स, कमेंट्स और तीखी प्रतिक्रियाओं के सहारे नैतिकता का तमाशा रचाती है। इसमें सबसे अधिक विचलित करने वाली बात यह है कि अब शिक्षकों के भीतर से ही ऐसे चेहरे उभर रहे हैं जो अपनी सार्वजनिक छवि को चमकाने के लिए अपने ही साथियों की सामाजिक निंदा में मुखर हो जाते हैं।

आजकल कई शिक्षक साथी सोशल मीडिया पर ऐसी नकारात्मक खबरों पर इतनी तत्परता से प्रतिक्रिया देते हैं, मानो वे किसी आदर्श मंडली के निर्वाचित प्रतिनिधि हों। उनका लहजा कुछ ऐसा होता है कि "देखो, हम उनसे अलग हैं... हम तो पूरी तरह से सच्चे, कर्मठ और जिम्मेदार हैं।" यह नैतिकता नहीं, एक किस्म का छद्म-प्रदर्शन है-जिसके पीछे की मंशा अपने मूल शिक्षकीय उत्तरदायित्व नहीं, बल्कि अपने को अधिकारियों और समाज की नजर में 'आदर्श शिक्षक' के रूप में प्रमोट करना होता है।

लेकिन इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी भी शिक्षक के गुण-दोष का मूल्यांकन सोशल मीडिया पर भीड़ के शोर से होना चाहिए? क्या हम यह भूल गए हैं कि शिक्षकों की आचार-संहिता, अनुशासन और जवाबदेही तय करने के लिए पूरे विभागीय नियम और संस्थागत प्रक्रियाएं मौजूद हैं? जब कोई ग़लती होती है, तो जांच, स्पष्टीकरण, रिपोर्ट, अनुशासनात्मक प्रक्रिया-सबका एक सुव्यवस्थित ढांचा है। अगर हम शिक्षक होने के बावजूद उस ढांचे को नकारकर सोशल मीडिया की सार्वजनिक दीवारों पर साथी शिक्षक को टांगे रखने लगेंगे, तो शिक्षा व्यवस्था की नैतिकता खुद हमसे सवाल करेगी।

जो शिक्षक दूसरों की गलतियों को अपनी छवि निर्माण की सीढ़ी बना रहे हैं, वे असल में उस सामूहिक गरिमा को क्षीण कर रहे हैं, जिसके बल पर शिक्षक समाज खड़ा रहता है। आज जिस पर पत्थर फेंक रहे हो, कल उसी छाया में तुम्हें खड़ा होना पड़ सकता है। इसलिए न्याय का अधिकार विभागीय प्रणाली को देना चाहिए, न कि अपने हाथ में लेकर डिजिटल भीड़ का हिस्सा बन जाना चाहिए।

समय की मांग यही है कि शिक्षक अपना फोकस सोशल मीडिया पर नैतिकता का अभिनय करने से हटाकर अपने मूल कार्य-पढ़ाने, सोचने और समाज को दिशा देने-पर लगाए। गलत को गलत कहें, लेकिन उसकी सार्वजनिक निंदा में शामिल होकर शिक्षा के मंच को तमाशे का मैदान न बनाएं। शिक्षक होने का अर्थ है विवेकशील होना, न कि हर मुद्दे पर प्रतिक्रियाशील। तभी हम शिक्षकों की गरिमा को भी बचा पाएंगे और समाज के भरोसे को भी। – ***फेसबुक वॉल से***


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# गोरक्ष कहे सुण हरे अवधू...

**अध्यात्म मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न अंग है। यह उसकी सोच, जीवन शैली और यहां तक कि समाज की दिशा भी तय करता है। यह एक निर्विवादित यथार्थ है, जिसका भारतीय संदर्भ में और भी गहरा महत्व है। इसी अध्यात्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है नाथ पंथ, जिसकी जड़ें भारतीय इतिहास में बहुत गहरी हैं। इस पंथ की विस्तृत समझ के लिए हमें इतिहास की गहराइयों में जाना होगा।**

नाथ पंथ के कालखंड को लेकर विद्वानों में भिन्न-भिन्न मत हैं, फिर भी आठवीं से अठारहवीं शताब्दी तक के मध्यकाल को लेकर उनमें एकरूपता दिखती है। यह वह समय था जब भारतीय समाज अनेक जटिलताओं से घिरा हुआ था। आज की तरह ही आबादी का एक बड़ा हिस्सा गांवों में निवास करता था, और आजीविका का मुख्य साधन खेती और पशुपालन ही था। मशीनी युग का इतना विस्तार नहीं हुआ था, और बाज़ार का आधुनिक स्वरूप भी विकसित नहीं था। समाज अनेक मतों में विभक्त था, जिनमें शैव, शाक्त, बौद्ध, जैन और वैष्णव मार्गी प्रमुख थे। इस दौरान देसी राजा शासन कर रहे थे, और ऊँच-नीच का भेदभाव प्रबल था। सामाजिक सोच, समझ और प्रशासनिक व्यवस्था में बिखराव था। ऐसे में, इस बिखराव को समाप्त करने, जीवन में शुचिता और अनुशासन लाने की प्रबल आवश्यकता महसूस हुई। ज़ाहिर है, यह सब आध्यात्मिकता से ही संभव था। इसी बड़े "बिखराव" को पाटने के लिए नाथ पंथ का उदय हुआ। आचार्य रामचंद्र शुक्ल का मानना है कि बौद्धों की वज्रयान शाखा ही नाथ पंथ के रूप में विकसित हुई। नाथ पंथ के आगमन के साथ ही शैव, शाक्त, बौद्ध, जैन और वैष्णव मतों के अनुयायी इस संप्रदाय में समाहित होने लगे।

यूं तो नाथ संप्रदाय का आरंभ आदिनाथ भगवान शिव से माना जाता है, इसलिए शिव को ही आदि गुरु दत्तात्रेय के साथ नाथ संप्रदाय के प्रथम उपदेशक और परम आराध्य के रूप में संदर्भित किया गया है। दत्तात्रेय के शिष्य मत्स्येंद्रनाथ हुए, और उनके शिष्य गोरक्षनाथ। यह वही गोरक्षनाथ जी हैं जिनके नाम पर आज गोरखपुर महानगर बसा हुआ है।



गुरु गोरक्षनाथ को नमन करते गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश।

## धर्म और राज्य के बिखराव को रोकने का किया प्रयास


- गुरु गोरक्षनाथ ने धर्म और राज्य के बिखराव को रोकने का प्रयास किया और इसे एक सुव्यवस्थित रूप प्रदान किया। इस पंथ के साधक हठयोग पर विशेष बल देते हैं, इसलिए इन्हें योग मार्गी भी कहा जाता है। गुरु गोरक्षनाथ ने योग अंग क्रिया (योग, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान) को महत्व दिया और इसके माध्यम से हठयोग का उपदेश दिया। उनकी शिक्षाओं और चमत्कारों से प्रभावित होकर उस समय के अनेक बड़े राजा दीक्षित हुए। उन्होंने अपना वैभव त्याग कर जनकल्याण में योगदान दिया। इनमें राजा भर्तृहरि, बप्पा रावल, गोगा जी, पूरणमल भगत और मान नाथ शामिल हैं, जो उनके शिष्य बने। आलम यह था कि इस संप्रदाय का विस्तार भारत के लगभग सभी प्रांतों में हुआ, और काबुल, कंधार, सिंध, बलूचिस्तान, कच्छ तथा अन्य देशों तक इसकी प्रसिद्धि पहुंची, जहां लोग इसके अनुयायी बने।

- गोरक्षनाथ जी ने संस्कृत और लोक भाषा में योग संबंधी साहित्य की रचना की। उनके द्वारा रचित ग्रंथों की संख्या 40 बताई जाती है, जिनका संकलन गोरख वाणी में किया गया है। उन्होंने माना है कि सिद्धियों के पार जाकर शून्य समाधि में स्थित होना ही योगी का परम लक्ष्य होना चाहिए। वे अपनी एक सूक्ति में प्राणीमात्र के बड़े अनुशासन के पक्ष में नज़र आते हैं। वे कहते हैं :

> "गोरक्ष कहे सुण हरे अवधू, जग में ऐसै रहणा।
> आषै देषिबा कानै सुणिबा मुष थै कछु न कहणा"

### नेपाल में राजकीय मुद्रा पर अंकित हैं गुरु गोरक्षनाथ

*श्री गोरक्षनाथ का नाम नेपाल देश में वंदनीय है। नेपाल के राजा इनको अपना प्रधान गुरु के रूप में मानते हैं। यहां तक कि नेपाल की राजकीय मुद्रा सिक्के पर श्री गोरक्षनाथ जी का नाम है और वहाँ के एक प्रांत के निवासी गोरखा कहलाते हैं, जिनका नाम भी उन्हीं से पड़ा माना जाता है। भारत के प्रायः सभी प्रांतों में योगी संप्रदाय के आश्रम हैं। उनके नाम पर कई विख्यात स्थान (जैसे गोरखपुर) और महोत्सव मनाए जाते हैं। राजस्थान में गोगा जी का जन्म गोरक्षनाथ के वरदान से हुआ था, जो एक प्रसिद्ध कथा है। संक्षेप में, गोरक्षनाथ ने योग और अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों को सरल बनाकर जन-जन तक पहुंचाया, सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दिया, और नाथ संप्रदाय को एक संगठित तथा प्रभावशाली परंपरा के रूप में स्थापित किया।*



ब्रह्लीन दिग्विजय नाथ।



ब्रह्लीन अवैद्यनाथ।

- आचार्य अक्षय कुमार बनर्जी के अनुसार, गोरक्षनाथ मंदिर और मठ के बारे में परंपरागत मान्यता यह है कि वह मंदिर और इसके साथ का मठ ठीक उसी स्थान पर बनाए गए हैं जहां रहकर सिद्ध योगीराज गोरक्षनाथ ने बहुत दिनों तक गहनतम समाधि का अभ्यास किया था। तब के समय में यह स्थान एक घना जंगल हुआ करता था। नाथ संप्रदाय के इस महान प्रतिस्थापक ने इस स्थान को अपने आध्यात्मिक और अतिमानवीय गौरव से पवित्र किया।
- गोरखपुर में आज हम जिस विशाल और भव्य मंदिर का दर्शन कर हर्ष और शांति का अनुभव करते हैं, वह ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी की कृपा से है। इसके बाद उनके उत्तराधिकारी पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ जी हुए। उन्होंने इस परंपरा को आगे बढ़ाया और इस उत्तराधिकार को वर्तमान पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी के मज़बूत हाथों में सौंपा। अब वे ही इस पीठ के पीठाधीश्वर हैं। उनके संरक्षण में श्री गोरक्षनाथ मंदिर विशाल आकार-प्रकार, प्रांगण की भव्यता तथा पवित्र रमणीयता प्राप्त कर रहा है। पुराना मंदिर प्रांगण नव-निर्माण की विशालता और व्यापकता में समाहित हो गया है। मंदिर के भीतर वेदी की ओर एक निश्चल दीपशिखा है। यह दीपशिखा रात-दिन सतत रूप से मंद-मंद जलती रहती है, और इसे कभी बुझने नहीं दिया जाता। यह परम ज्योति का उपयुक्ततम प्रतीक है, जिसमें शिव और विष्णु परम तत्व के निरपेक्ष और सापेक्ष स्वरूप एक ही रूप में अभिव्यक्त होते हैं। अनेक तीर्थयात्री गोरक्षनाथ की इस तपोभूमि और उनके नाम से प्रसिद्ध पवित्र मंदिर के दर्शन के लिए बारह महीने आते रहते हैं। मंदिर में सांस्कृतिक पूजा लगभग थोड़ी-थोड़ी देर के बाद रात-दिन बराबर होती रहती है। पूरी संस्था एक योगी के प्रबंधन में है, जिन्हें महंत कहते हैं। महंत का स्थान बड़ा ही उच्च और पूज्य माना जाता है।
- गोरक्षनाथ तथा उनकी परंपरा के योगी-सिद्धों ने जहां योग साधना को व्यावहारिक स्वरूप प्रदान किया, वहीं उसे आम जन के लिए सुलभ बनाया। उन्होंने परम सत्य को भी अपने आध्यात्मिक अनुभव से सार्वजनिक किया।

### गोरक्षनाथ जी "गोरख वाणी" में कहते हैं:

"अजपा जपै सुनि मन धरै, पांचो इंद्री निग्रह करें।
ब्रह्म अगनि में होमै काया, तास महादेव बंदै पाया।"

### गुरु परंपरा और "आदेश" का महत्व

- नाथ संप्रदाय में गुरु-शिष्य परंपरा का विशेष महत्व है। "आदेश" शब्द इस संप्रदाय का अभिवादन है, जिसका अर्थ है आत्मा, दिव्य आत्मा और शरीर आत्मा का मेल। यह गुरुओं और समाधि स्थलों के सामने प्रणाम के रूप में उपयोग होता है। इसका प्रयोग शिष्य अपने गुरुओं के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए करते हैं, और गुरु अपने शिष्यों को आशीर्वाद देते समय इसका प्रयोग करते हैं। योगी बालकनाथ जी के अनुसार, गुरु ही वह माध्यम हैं जिसके द्वारा मनुष्य चौरासी लाख योनियों के बंधन से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सकता है।

### नाथ योगी और 'हठ' योग

- हठ योग में 'ह' सूर्य और 'ठ' चंद्रमा का प्रतीक है, जो शरीर में ऊर्जा के संतुलन को दर्शाता है। इसमें ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से शरीर की ''इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना'' नाड़ियों को नियंत्रित किया जाता है। गोरक्षनाथ जी ने हट योग के माध्यम से हरिद्वार के ऊपर स्थित झिलमिल गुफा में 65,000 मंत्रों को सिद्ध किया। उन्होंने संस्कृत के कई मंत्रों का हिंदी में अनुवाद भी किया, जिससे ये आम लोगों तक पहुंच सके।

*प्रस्तुति: सिद्धार्थ श्रीवास्तव*

---

चिंतन

## धर्म की उत्कृष्ट अवस्था ही हैं अध्यात्म



**धर्म और अध्यात्म बाहरी रूप से दो अलग-अलग बातें नजर आती है पर वास्तविक रूप से "एक शरीर और एक प्राण है धर्म और अध्यात्म"**

धर्म का अर्थ है धारण करना, वह क्रियाएं,वह सिद्धांत जिनको हम पूर्ण रूप से स्वीकार कर धारण करते हैं अर्थात धारण करने योग्य ही धर्म है अब चाहे वह सिद्धांत हो या क्रिया हो या कोई मनोभाव ही क्यूँ ना हों, हमारे वेदों और पुराणों में यही सिद्धांत, क्रियाये, वर्णित हैं जो सांसारिक जीवन को जीने के लिए, जीवन का निर्वाह करने के लिए आवश्यक हैं सांसारिक जीवन में धर्म हर रिश्ते, हर मनोभाव,हर जीव के अनुशाशित आचरण को साधता हैं, फिर वो चाहे पिता का, पुत्र का, माता का, मित्र का धर्म ही क्यों ना हों, धर्म सामाजिक व्यवस्था का सुडोल और सूद्रन ढांचा हैं और वह जीवंत रहता हैं आध्यात्मिक चेतना से, सारे सिद्धांत मौलिक रूप से एक ही स्वरूप को दर्शाते हैं जो हैं धर्म वैज्ञानिक पृष्ठभूमि के यह सिद्धांत ही हमारे वेदों, हमारे उपनिषदों, में इंगित हैं इन को धारण कर के ही हम जीवन में कर्तव्यों का निर्वाह करते हैं पर जब धर्म बुद्धि से उतरकर मन और आत्मा तक पहुंच जाता है तब वहीं से आध्यात्मिक चेतना की जागृति होती है और आध्यात्मिक बल मिलना आरंभ होता है, जब हमारी आत्मा धर्म को धारण कर लेती हैं तब ही हमारा आध्यात्मिक स्वरूप जागृत होता हैं यानी धर्म का आत्म केंद्रित होना ही अध्यात्म हैं, धर्म और अध्यात्म बाहरी रूप से दो अलग-अलग बातें नजर आती है पर वास्तविक रूप से "एक शरीर और एक प्राण है धर्म और अध्यात्म" धर्म क्रिया है और अध्यात्म उसे आत्मसार करने की प्रक्रिया है जैसे आदतों से संस्कार बनते हैं वैसे ही धार्मिक आचरण व क्रियो में लिप्त रहना उनको करते रहना ही उन्हें आत्मसार करता हैं धर्म से जुड़ी क्रियो को करते रहना उनका अभ्यास करते रहना ही उनको हमारी आत्मा तक पहुंचा सकता है यानी "रिचुअल से ही स्पिरिचुअल बन सकते हैं "धर्म की उत्कृष्ट अवस्था ही हैं आध्यात्म"

*प्रस्तुति: ज्योतिषचार्या डॉ.स्वाती सक्सेना*

---



### एआई का धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में बढ़ता इस्तेमाल क्या दुनिया के लिए नई चुनौती पेश कर सकता है?

*प्रस्तुति: मनोज त्रिपाठी*

## धर्म-अध्यात्म की एआई यात्रा में

# आत्मा की खोज

आधुनिक तकनीक और प्राचीन आध्यात्मिक ज्ञान का मिलन अब कल्पना नहीं, हकीकत बन रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) न केवल बिजनेस, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, बल्कि अध्यात्म की दुनिया में भी प्रवेश कर चुकी है। एआई का इस्तेमाल धर्म और अध्यात्म के क्षेत्र में नई संभावनाएं लेकर आया है। धर्म, पूजा-पाठ, ध्यान और निजी ध्यात्मिक अनुभवों को नए आयाम देने में इसकी भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। एआई की मदद से पवित्र ग्रंथों के साथ बातचीत को नया रूप मिल रहा है। इसका प्रयोग आध्यात्मिक मार्गदर्शन को निजी बनाने के साथ धार्मिक अनुष्ठान भी बढ़ा रहा है। लेकिन इस सबके बावजूद अध्यात्म की दुनिया में एआई से आ रहे बदलावों के बीच यह सवाल कम महत्वपूर्ण नहीं है कि इसे एक नई चेतना की शुरुआत माना जाए या भ्रम का युग। पूरी दुनिया में इस बात को लेकर बहस छिड़ी है कि क्या एआई आत्मा की खोज में सहायक होगा या इस विषय को और भटका देगा।

आज इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि एआई संचालित विश्लेषण ने गीता, बाइबिल, कुरान जैसे पवित्र ग्रंथों के अध्ययन में नई जान फूंक दी है। धर्म और अध्यात्म से जुड़े गूढ़ विषयों पर नए दृष्टिकोण के साथ प्रासंगिक तथा समावेशी समझ प्रदान की है। एआई के माध्यम से धार्मिक ग्रंथों का उन्नत विश्लेषण उन पर आस्था रखने वाले लोगों का भरोसा और बढ़ा रहा है। पारंपरिक प्रथाओं और धार्मिक मान्यताओं को समृद्ध कर रहा है। एआई संचालित ऐप्स आभासी आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में लोगों को प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। उपयोगकर्ता की भावनाओं और आध्यात्मिक आवश्यकताओं के मुताबिक निजी प्रार्थनाएं और ध्यान संबंधी चिंतन तैयार किए जा रहे हैं।

### आध्यात्मिक चैटबॉट्स कर रहे मार्गदर्शन

- एआई आधारित चैटबॉट्स, जैसे कि धर्मबॉट्स, भक्तों के सवालों का जवाब देकर उन्हें धार्मिक और आध्यात्मिक रास्ता दिखाने का काम कर रहे हैं। यह तकनीक न केवल त्वरित उत्तर देती है, बल्कि लोगों को उनके विषय से संबंधित गहन जानकारी भी प्रदान करती है। गीताजीपीटी के माध्यम से आध्यात्मिकता, दर्शन और संस्कृति का अन्वेषण किया जा सकता है, तो बाइबिल एआई सटीकता के साथ बाइबिल संबंधी अध्ययन उपलब्ध कराता है। बात चैटजीपीटी की करें, तो इससे अब तमाम लोग जीवन का उद्देश्य और आत्मा क्या है, जैसे सवाल पूछते हैं और इनका जवाब भी पाते हैं।

### डिजिटल पूजा और वर्चुअल मंदिर

- एआई के माध्यम से श्रद्धालु वर्चुअल पूजा स्थलों और मंदिरों का अनुभव ले सकते हैं। कई एप्स और वेबसाइट्स एआई आधारित वर्चुअल दर्शन की सुविधा प्रदान करती हैं। इनके जरिए भक्त 3-डी और 360 डिग्री तकनीक का उपयोग करके अपनी इच्छा के मुताबिक मंदिर में मौजूद रहने का अनुभव कर सकते हैं।

### बढ़ेंगे डिजिटल गुरु और ज्योतिषी



- अध्यात्म में एआई के प्रवेश से आने वाले समय में डिजिटल गुरुओं की संख्या तेजी से बढ़ सकती है। इसी तरह एआई ज्योतिषी या भविष्यवक्ता आपके कर्म, राशिफल के आधार पर फलित बताने के साथ पूर्व जीवन की एआई आधारित व्याख्या करते नजर आ सकते हैं। जेफरी सेलावी ऐसा ही एक ज्योतिषीय उपकरण है, जो एस्ट्रल मैप्स और राशि चक्र कुंडली की गणना करता है। टैरो मास्टर, टैरो टैप भी कुछ ऐसे ही तकनीकी उपकरण हैं।

### मेट्रो में बैठकर हिमालय में ध्यान

- एआई आधारित ध्यान एप जैसे कि कॉम और हेड स्पेस अपने उपयोगकर्ताओं को निजी स्तर पर ध्यान और योगाभ्यास के सत्र प्रदान करते हैं। इस दौरान तकनीक के जरिए साधक की प्रगति का विश्लेषण कर उन्हें बेहतर सुझाव दिए जाते हैं। इसी तरह एआई आधारित गाइडेड मेडिटेशन, वर्चुअल रियलिटी के साथ जुड़कर कुछ इस तरह के ध्यान का अनुभव दे रहे हैं, जैसा कि आप हिमालय की गोद में बैठकर महसूस करते हैं, भले ही आप मेट्रो में सफर कर रहे हों या सुबह के समय अपनी छत पर बैठे हों।

### मंत्रों और धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन

धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने, उनका अनुवाद करने के साथ मंत्रों, वचनों या श्लोकों का अर्थ समझाने के लिए दुनिया भर में अब एआई का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। यह सुविधा उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो संस्कृत, अरबी या अन्य प्राचीन भाषाएं नहीं जानते हैं। इसी क्रम में कई एआई आधारित ऐप लोगों को मंत्रोच्चारण और जीवन दर्शन सिखाने के काम में लगे हैं। उदाहरण के लिए सिबिल एआई जैसे नेटवर्क के जरिए आध्यात्मिक अंतृदष्टि और मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 82,200.34 | 25,090.70 |
| बढ़त | 442.61 | 122.30 |
| प्रतिशत में | 0.54 | 0.49 |

सोना 99,020 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,11,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 22 जुलाई 2025
www.amritvichar.com

## बिजनेस ब्रीफ

### पानीपत में लगेगा हरित हाइड्रोजन संयंत्र

**नयी दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने सोमवार को कहा कि उसकी इकाई हरियाणा में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की पानीपत रिफाइनरी में सबसे बड़ा हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। यह परियोजना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप है जिसका उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन उत्पादन और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। लार्सन एंड टुब्रो की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एलएंडटी एनर्जी ग्रीनटेक लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जाने वाला यह संयंत्र केंद्र के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का समर्थन करते हुए 25 वर्ष तक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को प्रति वर्ष 10,000 टन हरित हाइड्रोजन की आपूर्ति करेगा।

### एनटीपीसी के निदेशक मंडल का होगा पुनर्गठन

नयी दिल्ली, 21 जुलाई (भाषा) सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की दो इकाइयों... टीएचडीसी इंडिया लि. और नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, विद्युत मंत्रालय ने नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (नीपको) और टीएचडीसी इंडिया के निदेशक मंडल में एक गैर-कार्यकारी चेयरपर्सन की नियुक्ति और चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद को प्रबंध निदेशक के रूप में पुन: नामित करने का प्रस्ताव रखा था।

### बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर पड़ी सुस्त

**नई दिल्ली।** भारत के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जून, 2025 में घटकर 1.7 % रही है। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़ा था। आंकड़ों के अनुसार, बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि मई की तुलना में थोड़ा बेहतर रही है। मई में इन क्षेत्रों का उत्पादन 1.2 प्रतिशत बढ़ा था। 5प्रमुख उद्योगों कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और बिजली के उत्पादन में जून में गिरावट आई।

# आयकर विधेयक में बदलाव का सुझाव

## संसदीय समिति ने टीडीएस रिफंड दावों, ट्रस्ट के कराधान में बदलाव का रखा प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

नए आयकर विधेयक की समीक्षा करने वाली संसदीय समिति ने सोमवार को सुझाव दिया कि व्यक्तिगत करदाताओं को बिना किसी जुर्माने के नियत तिथि के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करके स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) रिफंड का दावा करने की अनुमति दी जानी चाहिए। संसदीय समिति ने सुझाव दिया कि धार्मिक एवं परमार्थ न्यासों को दिए गए गुमनाम दान को कराधान से मुक्त रखा जाए।

आयकर विधेयक-2025 की समीक्षा के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में लोकसभा की प्रवर समिति का गठन किया गया था। लोकसभा में सोमवार को पेश की गई 4,575 पेज की रिपोर्ट में नए आयकर विधेयक, 2025 में गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) की आय के प्रबंधन के तरीके में व्यापक बदलाव के सुझाव भी दिए गए हैं। समिति ने आयकर विधेयक, 2025 में बदलावों की सिफारिश की है। यह छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। संसदीय समिति ने कहा है कि एनपीओ, विशेष रूप से धर्मार्थ और परमार्थ उद्देश्यों वाले संगठनों के लिए गुमनाम दान पर कर लगाने के संबंध में अस्पष्टता को दूर किया जाना चाहिए। समिति ने गैर-लाभकारी संस्थाओं (एनपीओ) की 'प्राप्तियों' पर कर लगाने का विरोध किया है, क्योंकि यह आयकर अधिनियम के तहत वास्तविक आय कराधान के सिद्धांत का उल्लंघन है। सुझावों में 'आय' शब्द को फिर से लागू करने की सिफारिश की गई है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केवल एनपीओ की शुद्ध आय पर ही कर लगाया जाए। यह देखते हुए कि पंजीकृत एनपीओ को मिलने वाले 'गुमनाम दान के संबंध में महत्वपूर्ण अंतर' है, समिति ने सुझाव दिया कि धार्मिक और परमार्थ न्यास (ट्रस्ट), दोनों को ऐसे दान पर छूट दी जानी चाहिए।

नया आयकर विधेयक




- छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का लेगा स्थान
- लोकसभा में पेश की गई 4,575 पेज की रिपोर्ट

### गुप्त दान पर 30 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव

समिति ने कहा, विधेयक का घोषित मकसद इसके पाठ को सरल बनाना है, लेकिन समिति को लगता है कि धार्मिक एवं परमार्थ ट्रस्ट के संबंध में एक महत्वपूर्ण चूक हुई है, जिसका देश के एनपीओ क्षेत्र के एक बड़े हिस्से पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। आयकर विधेयक, 2025 के खंड 337 में सभी पंजीकृत एनपीओ को मिलने वाले गुप्त दान पर 30 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें केवल धार्मिक उद्देश्यों के लिए स्थापित एनपीओ को ही सीमित छूट दी गई है। यह आयकर अधिनियम, 1961 की वर्तमान धारा 115बीबीसी से बिल्कुल अलग है। मौजूदा कानून में अधिक व्यापक छूट प्रदान की गई है। इसके मुताबिक, अगर कोई ट्रस्ट या संस्था पूरी तरह से धार्मिक और परमार्थ कार्यों के लिए बनाई गई हो, तो गुप्त दान पर कर नहीं लगाया जाता है। गौरतलब है कि ऐसे संगठन आमतौर पर पारंपरिक माध्यमों (जैसे दान पेटियों) से योगदान प्राप्त करते हैं, जहां दान देने वाले की पहचान करना असंभव है।

# भारत वैश्विक बाजार में उभरती हुई महाशक्ति

बात काम की



भारत वैश्विक बाजार में उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति के रूप में अपनी भूमिका सशक्त कर रहा है। विशाल जनसंख्या, मजबूत सेवा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी स्थिति और विविध निर्यात क्षमताएं भारत को वैश्विक आपूर्ति शृंखला में अहम भागीदार बनाती हैं। हाल के वर्षों में सरकार के किए सुधारों और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के भरोसे ने भारत की वैश्विक व्यापार में भूमिका को और भी प्रभावशाली बनाया है।

### निर्यात और आयात में संतुलन

भारत कृषि, वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स, रत्न-आभूषण, ऑटोमोबाइल और आईटी सेवाओं जैसे क्षेत्रों में प्रमुख निर्यातक है। कच्चा तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी जैसे उत्पादों का आयात करता है।

### आईटी और सेवा क्षेत्र में नेतृत्व

भारत की आईटी कंपनियां जैसे टीसीएस, इनफोसिस, विप्रो और एचसीएल दुनियाभर में सेवाएं प्रदान कर रही हैं। अमेरिकी, यूरोपीय और एशियाई बाजारों में भारत की आईटी सेवाएं अत्यंत लोकप्रिय हैं।

### मैन्युफैक्चरिंग और मेक इन इंडिया

मेक इन इंडिया पहल से भारत वैश्विक विनिर्माण हब बनने की ओर अग्रसर है। एप्पल, सैमसंग व अन्य वैश्विक कंपनियों ने भारत में निर्माण इकाइयों की स्थापना की है। इससे विदेशी निवेश में वृद्धि हुई और वैश्विक भागीदारी बढ़ी है।

### एफडीआई-एफआईआई का प्रवाह

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) व विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफआईआई) का सतत प्रवाह, इसकी आर्थिक स्थिरता और विकास की गति को दर्शाता है।

### भौगोलिक स्थिति व रणनीतिक संबंध

भारत की भौगोलिक स्थिति उसे एशिया, यूरोप व अफ्रीका से व्यापार के लिए रणनीतिक केंद्र बनाती है। अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी-20, ब्रिक्स, और डब्ल्यूएचओ में भारत की सक्रिय भूमिका ने इसके वैश्विक प्रभाव को मजबूत किया है।

### ग्रीन इकोनॉमी में योगदान

भारत नवीकरणीय ऊर्जा जैसे सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े निवेश कर रहा है। इससे वह न केवल घरेलू ऊर्जा जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रयासों में भी योगदान दे रहा है।

# निर्यात बढ़ाने के लिए 36 राज्यों ने बनाई रणनीति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सभी ने राज्य निर्यात संवर्धन समिति व जिला निर्यात संवर्धन समिति का किया गठन किया

देश के निर्यात को बढ़ाने के उद्देश्य से 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी निर्यात रणनीति तैयार की है। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने राज्य निर्यात संवर्धन समिति (एसईपीसी) और जिला निर्यात संवर्धन समिति (डीईपीसी) का गठन किया है।

इसके अलावा, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के क्षेत्रीय अधिकारियों ने 590 जिलों के लिए जिला कार्ययोजना का मसौदा तैयार किया है। इनमें से 249 जिलों को डीईपीसी ने औपचारिक रूप से अधिसूचित किया है। अधिकारी ने बताया कि इन योजनाओं में जिलों से निर्यात को बढ़ावा देने की एक व्यापक रणनीति शामिल है। केंद्र राज्यों को निर्यात संवर्धन गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है क्योंकि इससे घरेलू विनिर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

अधिकारी ने कहा, 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य निर्यात रणनीति तैयार की गई है। इनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक शामिल हैं। विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में, डीजीएफटी ने 'जिला निर्यात केंद्र' पहल को शामिल किया है। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले की क्षमता और विविधता को दिशा प्रदान करके उन्हें निर्यात केंद्र बनाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, देश के सभी जिलों में निर्यात क्षमता वाले उत्पादों और सेवाओं की पहचान की गई है। निर्यात संवर्धन के लिए सहायता देने और निर्यात वृद्धि की बाधाओं को दूर करने के लिए प्रदेश स्तर पर एसईपीसी और जिला स्तर पर डीईपीसी बनाई गई है।

# पैसा ही पैसा बनता और दूसरा पैसा भी खींच लाता है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- एसआईपी के रिटर्न ने जीता भरोसा बढ़ी नए निवेशकों की संख्या
- वित्तीय सलाहकारों के मुताबिक 1000 का निवेश बना सकता करोड़पति

**अमृत विचार।** शेयर बाजार में कुछ वर्षों में 30 वर्ष से कम आयु वाले युवा निवेशकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसकी बड़ी वजह तकनीकी प्रगति, कम ट्रेडिंग लागत और सूचना तक बढ़ती पहुंच है। यही वजह है कि आज का युवा निवेश के परम्परागत तरीकों से हटकर तुलनात्मक जोखिम लेने को तैयार है। कई वर्षों में कुछ म्यूचुअल फंड्स और एसआईपी ने शानदार रिटर्न देकर निवेशकों का न सिर्फ मनोबल बढ़ाया है, बल्कि नए निवेशकों को आकर्षित भी किया है। खासतौर पर युवाओं में एसआईपी बचत का बड़ा रुझान देखने को मिल रहा है। दरअसल, इसमें मिलने वाला चक्रवृद्धि ब्याज दूसरी बचत योजनाओं के मुकाबले अधिक लाभांश देता है। चक्रवृद्धि ब्याज की कमाई के लिए निवेशक को कोई गुणा-गणित नहीं लगाना पड़ता है।

वित्तीय सलाहकार विवेक द्विवेदी का कहना है कि अगर आप अच्छी इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम में हर महीने सिर्फ 1000 रुपये निवेश करते हैं, तो यह बचत आपको नौकरी से रिटायर होने के बाद करोड़पति बना सकती है। इसे इस तरह समझ सकते हैं, अगर आप हर महीने सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में 1,000 रुपये का निवेश करते हैं और इसमें 12% चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर मिलती है, तो 5 साल के बाद निवेश 82,000 रुपये होगा। 10 साल बाद, यह रकम 2,32,000 रुपये और 20 साल बाद 9,99,000 रुपये हो सकती है। राकेट की तरह आपका निवेश चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत से ऊपर भागता है। अब जरा रुकिए, अगर आप 30 साल टिक सकते हैं तो आपकी रकम रुपये 35,29,000 और 40 साल में एक करोड़ से भी अधिक हो सकती है। यही कारण है कि अधिकतर वित्तीय विशेषज्ञ युवाओं को पहली सैलरी से ही एसआईपी की सलाह देते हैं। अगर आपको और पैसों की ज़रूरत है, तो अपनी रुपये 1,000 प्रति माह की राशि को हर साल 10% बढ़ाकर और बड़ी रकम हासिल कर सकते हैं।

### चक्रवृद्धि ब्याज का जादू दिखाता है कमाल

भौतिक विज्ञानी अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि चक्रवृद्धि ब्याज दुनिया का आठवां आश्चर्य है। इसी तरह करीब दो शताब्दी पहले अमेरिका के पहले पोस्टमास्टर जनरल और पुअर रिचर्ड्स अलमनैक पुस्तक के लेखक, बेंजामिन फ्रैंकलिन ने कहा था कि पैसा ही पैसा बनाता है, और जो पैसा पैसा बनाता है, वह पैसा ही दूसरा पैसा खींच लाता है। एसआईपी निवेश के बारे में यह बात सही मालूम पड़ती है।

### निवेश की रिकार्ड तोड़ बारिश

सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान में निवेश का आंकड़ा इस समय अनुमान के मुताबिक 27, 000 करोड़ के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच चुका है ।यह अब तक का सबसे अधिक मासिक एसआईपी प्रवाह है। एसआईपी खातों की संख्या भी बढ़कर करीब 9 करोड़ पर पहुंच रही है।

# बैंक शेयरों में लिवाली बाजार को मिली मजबूती

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,000 अंक के पार

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 443 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। तिमाही वित्तीय नतीजों के बाद एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

सेंसेक्स 442.61 अंक की बढ़त संग 82,200.34 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 122.30 अंक चढ़कर 25,090.70 अंक पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी बाजारों को समर्थन दिया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 5.38% की तेजी रही। पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद कंपनी का शेयर मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76% चढ़ा। जून तिमाही में लाभ 15.9% बढ़कर 13,558 करोड़ होने के बाद बैंक का शेयर चढ़ा है। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.19% मजबूत हुआ। बैंक का जून को समाप्त तिमाही में लाभ 1.31% की गिरावट के साथ 16,258 करोड़ रहने के बाद इसके शेयर में मजबूती आई।



## सौर ऊर्जा क्रांति



राजस्थान के आबू रोड स्थित इंडिया वन सोलर थर्मल पावर प्लांट में आसमान के नीचे चमकते परावर्तक दर्पण, स्वच्छ ऊर्जा की ओर भारत की पहल हैं। यह संयंत्र सौर ऊर्जा से बिजली उत्पन्न कर हरित भविष्य की दिशा में अहम योगदान दे रहा है।

# सेबी ने फिर कहा- डब्बा कारोबार अवैध, निवेशक सतर्क रहें

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को फिर कहा कि डब्बा कारोबार अवैध है और निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत है। नियामक ने अवैध कारोबारी सेवाएं देने वाली किसी भी इकाई से लेन-देन नही करने को कहा है। बाजार की भाषा में, डब्बा कारोबार से आशय अवैध और बाजार से इतर कारोबार से है। यह कारोबार मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों और नियामकीय निगरानी के दायरे से बाहर होता है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बार्ड (सेबी) ने कहा कि ऐसी गतिविधियां निवेशकों के लिए जोखिम पैदा करती हैं और यह प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 (एससीआरए), सेबी अधिनियम, 1992 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों का उल्लंघन है। सेबी उपायों, जागरूकता व कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ मिलकर निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए अमेरिकी दल आएगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी दल अगस्त में भारत का दौरा करेगा। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, अगले दौर की वार्ता के लिए अमेरिकी टीम अगस्त के उत्तरार्ध में भारत आएगी।

भारत-अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की थी। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और अमेरिका के दक्षिण एवं पश्चिम एशिया क्षेत्र के सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने इस वार्ता में अपने-अपने दल का नेतृत्व किया। दोनों देश 1 अगस्त से पहले अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिशों में लगे हैं। अमेरिकी प्रशासन ने भारत सहित कई देशों पर उच्च सीमा शुल्क लगाए हैं, जिनकी निलंबन अवधि 1 अगस्त को खत्म होने वाली है।

व्यापार समझौते पर पांचवें दौर की वार्ता में कृषि और वाहन क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। गैर-बाजार अर्थव्यवस्थाओं और स्कोमेट (विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकी) से संबंधित मामलों पर भी चर्चा हुई। अधिकारी ने भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता एक अगस्त से पहले संपन्न होने की संभावना पर कहा कि बातचीत जारी है। दरअसल, भारत ने कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क रियायतों की अमेरिकी मांग को लेकर अपना रुख कड़ा कर लिया है। भारत ने अबतक किसी भी देश के साथ व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र में कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। कुछ किसान संघों ने सरकार से व्यापार समझौते में कृषि से संबंधित किसी भी मुद्दे को शामिल न करने का आग्रह किया है।

### भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी होंगे। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इस समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता किया जाएगा। इस समझौते से 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।

## राष्ट्रीय

# न्यायिक कार्यवाही का राजनीतिकरण न करें

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दायर आपराधिक अवमानना की याचिका पर हुई शीर्ष सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



- शिक्षक भर्ती घोटाले में कोर्ट के फैसले पर बनर्जी की टिप्पणी के खिलाफ याचिका पर हुई सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दायर आपराधिक अवमानना की याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को आगाह किया कि न्यायिक कार्यवाही का राजनीतिकरण न करें। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में न्यायालय के फैसले पर बनर्जी की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि कृपया अपनी राजनीतिक लड़ाई इस अदालत के बाहर लड़ें।

पीठ ने आत्मदीप नामक धर्मार्थ न्यास की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में आरोप है कि मुख्यमंत्री ने कोर्ट के फैसले के बाद आपत्तिजनक बयान दिए जो न्यायपालिका को कमजोर करते हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने का आग्रह करते हुए कहा कि कार्यवाही शुरू करने के लिए अटॉर्नी जनरल को अनुरोध भेजा गया था। गवई ने कहा, क्या आपको यकीन है कि आपको सहमति मिल जाएगी।

पीठ ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। यह याचिका इस साल अप्रैल में दिए उस फैसले से संबंधित है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें 2016 में प. बंगाल स्कूल सेवा आयोग द्वारा की गईं लगभग 25,000 नियुक्तियों को अमान्य करार दिया गया था। मुख्यमंत्री ने इस फैसले पर कथित तौर पर कुछ आलोचनात्मक टिप्पणियां कीं थीं।

### उदयपुर फाइल्स में छह दृश्यों को हटाने का सुझाव शीर्ष न्यायालय ने रिलीज पर रोक जारी रखी

केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने फिल्म उदयपुर फाइल्स- कन्हैया लाल टेलर मर्डर में 6 दृश्यों को हटाने का सुझाव दिया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ से कहा, मेरी व्यक्तिगत राय में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा सुझाई बातों के अलावा कोई भी आगे की कार्रवाई अनुच्छेद 19 का उल्लंघन होगी। पीठ ने अगले आदेश तक रोक जारी रखी और सुनवाई 24 जुलाई के लिए निर्धारित की।

### विक्रेताओं के विवरण पर केंद्र-राज्यों को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और राज्यों से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें यह घोषित करने की अपील की कि उपभोक्ताओं को वितरकों और विक्रेताओं के विवरण के अलावा उत्पादों के बारे में जानने का अधिकार है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा है कि उपभोक्ताओं के लिए सुविचारित विकल्प चुनने तथा अनुचित या प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं और अनुचित शोषण से खुद को बचाने के लिए जानने का अधिकार महत्वपूर्ण है।

# छात्रा से छेड़छाड़ में प्रधानाध्यापक समेत दो हिरासत में

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में सरकारी हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक समेत दो शिक्षकों को नौवीं कक्षा की छात्रा के यौन उत्पीड़न में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

छात्रा के परिवार द्वारा शनिवार को शिकायत देने के बाद रविवार की मध्य रात्रि को रायबनिया थाने की पुलिस ने आरोपियों को उनके घर से पकड़ लिया। शिकायत अनुसार चारमार गांव स्थित स्कूल के गणित शिक्षक ने कई बार छात्रा से छेड़छाड़ की और घटना की जानकारी प्रधानाध्यापक को देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रभारी निरीक्षक लोपामुद्रा पांडा ने कहा, शिक्षकों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

# वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन एक तीर्थयात्री की गई जान

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के पुराने मार्ग पर सोमवार को हुए भूस्खलन में 70 वर्षीय तीर्थयात्री की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कटरा शहर में हुई तेज बारिश से भूस्खलन हुआ, जिसकी वजह से बुकिंग कार्यालय और उसके ऊपर बना लोहे का ढांचा ढह गया।

भूस्खलन के बाद यात्रा कई घंटों तक स्थगित रही। यह घटना सुबह साढ़े आठ बजे बाणगंगा के पास गुलशन का लंगर में हुई। वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ सचिन वैश्य ने बताया कि सभी को अस्पताल ले जाया गया है। वैश्य ने कहा कि बचाव और मलबा हटाने का कार्य जारी है।

### पुंछ में स्कूल की छत पर गिरा पत्थर, एक छात्र की मौत, 5 घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रातभर हुई भारी बारिश से हुए भूस्खलन की चपेट में सरकारी स्कूल आ गया। इस घटना में एक छात्र की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर पोस्ट कर छात्र की मौत पर शोक प्रकट किया। अधिकारियों ने बताया कि बैंछ-कलसां इलाके के प्राथमिक विद्यालय की टिन की छत पर बड़ा पत्थर आ गिरा, जिससे कई छात्र घायल हो गए। एक छात्र एहसान अली (5) की मौत हो गई।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दिल्ली में जीटी रोड का हिस्सा दो दिन के लिए बंद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कांवड़ यात्रियों के मद्देनजर जीटी रोड का प्रमुख हिस्सा 23 जुलाई सुबह आठ बजे तक बंद रहेगा। दिल्ली पुलिस ने बताया कि केशव चौक गोलचक्कर से युधिष्ठिर सेतु तक सड़क का बायां मार्ग 21 जुलाई को सुबह आठ बजे से 23 जुलाई को सुबह आठ बजे तक वाहनों के लिए बंद रहेगा। कहा गया है यात्री मौजपुर जाने के लिए केशव चौक अंडरपास लें या फिर श्याम चौक पर 'यू-टर्न' लेकर स्वामी दयानंद मार्ग, विकास मार्ग या मास्टर प्लान रोड होते हुए आईएसबीटी पहुंचें।

### प्रकाश राज समेत चार अभिनेता ईडी में तलब

**हैदराबाद।** ईडी ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए अभिनेता राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा, लक्ष्मी मांचू को तलब किया है। ईडी ने दग्गुबाती को 23 जुलाई, प्रकाश राज को 30 जुलाई, देवरकोंडा को छह अगस्त और लक्ष्मी को 13 अगस्त को तलब किया है। इन सभी पर अवैध पैसा बनाने में जुटे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने का आरोप है।

### अमरनाथ यात्रा पर 3,700 श्रद्धालु रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन करने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में 3,700 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था सोमवार को दोनों आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। कड़ी सुरक्षा में जत्था रविवार देर रात तीन बजकर 33 मिनट से सोमवार तड़के चार बजकर छह मिनट के बीच 148 वाहनों में सवार होकर भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ।

### किश्तवाड़ में आया 3.1 तीव्रता का भूकंप

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार देर रात भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण किसी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि रविवार रात 1:36 बजे आए भूकंप की तीव्रता 3.1 थी। इसका केंद्र किश्तवाड़ के पास सतह से 10 किमी नीचे 33.17 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 75.87 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।



पनडुब्बी रोधी युद्धक जलयान अजय को एक समारोह में भारतीय नौसेना के हस्तांतरित किया गया। एजेंसी

# नौसेना की नई ताकत...लहरों पर उतरा अजय

**कोलकाता, एजेंसी**

- पनडुब्बी रोधी आठवें युद्धपोत का जलावतरण किया गया

रक्षा क्षेत्र की पीएसयू गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने भारतीय नौसेना के लिए निर्मित पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत 'एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट' की श्रृंखला का आठवां और आखिरी जहाज का सोमवार को जलावतरण किया।

'अजय' नामक इस युद्धपोत का जलावतरण भारतीय नौसेना के सामग्री प्रमुख वाइस एडमिरल किरण देशमुख की पत्नी प्रिया देशमुख ने समारोह की मुख्य अतिथि के तौर पर किया। जीआरएसई के एक अधिकारी के मुताबिक कोलकाता की इस युद्धपोत निर्माता कंपनी ने भारतीय नौसेना के लिए आठ पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत का निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि ये बहुउद्देश्यीय युद्धपोत हैं और कई तरह के अभियानों में हिस्सा ले सकते हैं। जीआरएसई के अधिकारी ने यह भी कहा कि ये जहाज कम गहराई वाले जलक्षेत्र में संचालन के हिसाब से तैयार किए गए हैं, इसलिए ये तटीय इलाकों में आसानी से काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 77.6 मीटर लंबे और 10.5 मीटर चौड़े ये युद्धपोत तटीय जल क्षेत्र में सतह के नीचे पूरी तरह से निगरानी करने और तलाश एवं बचाव अभियान के संचालन में भी सक्षम हैं।



समुद्र की लहरों पर भारतीय नौसेना का युद्धक जहाज अजय।

# सुप्रीम फटकार : सारी हदें पार कर रहा है ईडी

## कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को तलब करने पर नाराज हुई शीर्ष अदालत, दिशा-निर्देश जारी करने पर दिया जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से तलब करने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि ईडी सारी हदें पार कर रहा है। न्यायालय ने इस संबंध में दिशानिर्देश बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने यह टिप्पणी विधिक पेशे की स्वतंत्रता पर इस तरह की कार्रवाइयों के प्रभावों पर ध्यान देने के लिए अदालत द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए शुरू की गई एक सुनवाई के दौरान की। कोर्ट की टिप्पणी ईडी की ओर से वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने के बाद आई है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, अगर यह गलत भी है तब भी एक वकील और मुवक्किलों के बीच का संवाद विशेषाधिकार प्राप्त संवाद होता है और उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं। इस संबंध में दिशानिर्देश बनाए जाने चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ईडी सारी हदें पार कर रहा है। शीर्ष अदालत को यह बताया गया था कि वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार जैसे विधिक पेशेवरों को हाल में ईडी द्वारा नोटिस जारी किया गया और इससे कानून के पेशे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मुद्दे को शीर्ष स्तर पर उठाया गया है और जांच एजेंसी को वकीलों को कानूनी सलाह देने के लिए नोटिस जारी नहीं करने के लिए कहा गया है।

वेंकटरमणी ने इससे पहले कहा कि उन्होंने ईडी अफसरों से बात की है, वकीलों को समन भेजना गलत है। मेहता ने वेंकटरमणी से सहमति जताते हुए कहा, वकीलों को कानूनी सलाह देने के लिए तलब नहीं किया जा सकता। हालांकि, झूठे विमर्श गढ़कर संस्थानों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।



### कानूनी आजादी को कुचलने वाले चीन और तुर्किए की राह पर न चले भारत

वरिष्ठ अधिवक्ता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने चीन और तुर्किये का उदाहरण देते हुए कहा, भारत को उन देशों की राह पर नहीं चलना चाहिए जिन्होंने कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर कुठाराघात किया है। उन्होंने कहा, तुर्किये में पूरी बार एसोसिएशन को भंग कर दिया गया था। चीन में भी ऐसा ही मामला हुआ है। वकीलों ने जोर देकर कहा कि वकीलों को खासकर विधि संबंधी राय देने के लिए तलब करना एक खतरनाक नजीर तय कर रहा है। एक वकील ने कहा, अगर यह जारी रहा तो यह वकीलों को ईमानदार और स्वतंत्र सलाह देने से रोकेगा। उन्होंने कहा कि जिला अदालतों के वकीलों को भी बेवजह परेशान किया जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश ने इस पर कहा कि अदालत भी इस तरह की रिपोर्ट से हैरान है।

**ये संस्था के खिलाफ विमर्श गढ़ने की कोशिश**

जहां तक सामान्य टिप्पणियों का सवाल है, कभी-कभी उन्हें गलत समझा जाता है, जो अलग-अलग मामलों पर निर्भर करता है। यह प्रवर्तन निदेशालय नहीं, बल्कि एक संस्था के खिलाफ एक विमर्श गढ़ने की एक सुनियोजित कोशिश है। 'माई लॉर्ड' कुछ मामलों में सीमा का उल्लंघन पाया जा सकता है...। - **सॉलिसिटर जनरल**



**हम खबरें या यूट्यूब नहीं देखते**

हम खबरें नहीं देखते, न यूट्यूब पर साक्षात्कार देखते हैं। पिछले हफ्ते अस्वस्थ रहने के दौरान ही मैं कुछ फिल्में देख पाया। हमें कई मामलों में ईडी की ओर से अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण देखने को मिल रहा है, ऐसा नहीं है कि हमें ये नहीं मिल रहा है। ईडी कोर्ट के तर्कसंगत आदेशों के खिलाफ भी अपील दायर कर रहा है। - **प्रधान न्यायाधीश**

### ईडी से पूछा- राजनीतिक लड़ाई में आपका इस्तेमाल क्यों हो रहा है

- कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी के खिलाफ ईडी की अपील खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में ईडी के आचरण पर सवाल उठाए और मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण से भूखंड आवंटन मामले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी के खिलाफ मामला रद्द करने के कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा।

राजनीतिक लड़ाई में एजेंसी को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किए जाने के खिलाफ आगाह करते हुए सीजेआई बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा, राजनीतिक लड़ाई मतदाताओं के सामने लड़ी जाए। आपका इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है। सीजेआई गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली ईडी की अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी बीएम पार्वती से जुड़े एमयूडीए मामले की कार्यवाही रद्द कर दी गई थी। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा, श्रीमान राजू (ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू), कृपया हमें मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें। अन्यथा, हमें ईडी के बारे में कुछ कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। दुर्भाग्यवश, मुझे महाराष्ट्र में इसका अनुभव है।

### जस्टिस वर्मा को उपनाम से बुलाने पर वकील को फटकार

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा को जब एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में उनके उपनाम से संबोधित किया तो सीजेआई बीआर गवई ने पूछा, क्या वह आपके दोस्त हैं, वह अब भी जस्टिस वर्मा हैं।

सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति के. वी. चंद्रन की पीठ के समक्ष पेश हुए अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा ने नकदी बरामदगी मामले में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने के अनुरोध वाली अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। पीठ ने याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से सोमवार को इनकार कर दिया। दूसरी ओर, प्रधान न्यायाधीश ने नेदुम्परा द्वारा न्यायाधीश को उनके उपनाम "वर्मा" से संबोधित करने पर नाराजगी जताई। नेदुम्परा ने इस मामले में शीर्ष अदालत में कम से कम तीन याचिकाएं दायर की हैं। सीजेआई ने कहा, क्या वह आपके दोस्त हैं, वह अब भी न्यायमूर्ति वर्मा ही हैं। आप उन्हें कैसे संबोधित कर रहे हैं, थोड़ी शालीनता बरतें। आप एक विद्वान न्यायाधीश की बात कर रहे हैं। वह अब भी अदालत के न्यायाधीश हैं।

### केरल से आज वापसी की उड़ान भरेगा ब्रिटेन का लड़ाकू विमान



- खराब होने के बाद एक माह से खड़ा है तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर

**तिरुवनंतपुरम।** ब्रिटेन की 'रॉयल नेवी' का एफ-35बी लाइटनिंग लड़ाकू विमान मंगलवार को वापस स्वदेश के लिए उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उक्त लड़ाकू विमान आपातकालीन स्थितियों में यहां उतरा था और यह तब से यहीं खड़ा है।

ब्रिटेन के सबसे उन्नत 'स्टील्थ' बेड़े के इस लड़ाकू विमान की पूरी तरह मरम्मत कर दी गई है। वह मंगलवार को वापस उड़ान भरेगा। अभी यह नहीं पता चला है कि यह किस समय उड़ान भरेगा। दुनिया के सबसे उन्नत लड़ाकू विमानों में से एक माने जाने वाले इस विमान की कीमत 110 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है। तकनीकी खराबी आने के बाद से यह विमान 14 जून से यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा है। ब्रिटेन से विमानन से जुड़े अभियंता मरम्मत के लिए यहां पहुंचे थे।

# टीआरएफ को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित करना सही कदम

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेसी**

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति ने पहलगाम हमले में संलिप्त पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है।

समिति ने कहा कि जो लोग आम नागरिकों की हत्या करते हैं, उन्हें माफ नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें सजा दी जाती है। पिछले सप्ताह अमेरिका ने टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। रिपब्लिकन सांसद ब्रायन मास्ट की अध्यक्षता वाली समिति ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप सच बोलते हैं। टीआरएफ एक विदेशी आतंकवादी संगठन है और इसे यह दर्जा मिलना ही चाहिए।



- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने किया फैसले का स्वागत, न्यूयॉर्क टाइम्स की फिर की आलोचना

समिति ने कहा, यह बात साफ और स्पष्ट है कि पहलगाम हमला एक आतंकवादी हमला था। समिति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 22 अप्रैल के अपने पुराने पोस्ट का भी जिक्र किया, जिसमें उसने पहलगाम हमले पर 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की उस खबर की कड़ी आलोचना की थी जिसका शीर्षक था: 'कश्मीर में उग्रवादियों ने कम से कम 24 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी।'

### काबुल में बुर्का न पहनने पर 10 से ज्यादा महिलाएं गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुलिस ने दस से अधिक ऐसी युवतियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने बुर्का या हिजाब पहनने संबंधी नियमों का पालन नहीं किया था।

अफगानिस्तान इंटरनेशनल मीडिया ने रविवार को बताया ये गिरफ्तारियां बीते दो दिनों में काबुल के इलाकों में हुईं। महिलाओं को रेस्टोरेंट, सड़कों और बाजारों से उठाकर अज्ञात जगह ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नैतिकता कानून संबंधी ये पुलिस अधिकारी पुरुष थे और उन्होंने लड़कियों के साथ मारपीट भी की।

महिलाओं में से कुछ को पुलिस की गाड़ियों में जबरन बिठाने से पहले पीटा गया। इन पर हिजाब से संबंधित ड्रेस कोड का उल्लंघन करने का आरोप है। इसके अलावा मध्य और पश्चिमी काबुल में रविवार को लगभग 100 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को बाज़ार, सड़कों और अस्पताल से भी उठा लिया गया।

# नाटो की बैठक से पहले रूस का कीव पर भीषण हमला

**कीव, एजेंसी**

- ट्रंप की अध्यक्षता में यूक्रेन को हथियार देने के संबंध में होनी थी बैठक में चर्चा

रूस ने यूक्रेन पर भीषण हवाई हमला किया है जो हाल के महीनों के सबसे बड़े हवाई हमलों में एक है। यह हमला ब्रिटेन और जर्मनी के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाटो सहयोगियों द्वारा यूक्रेन को हथियार प्रदान करने पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक से कुछ ही घंटे पहले हुई है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हो गए जिनमें एक 12 वर्षीय बच्चा भी शामिल है। सोमवार रात कीव पर ड्रोन और मिसाइल हमले से यूक्रेन को पश्चिमी सैन्य सहायता की आवश्यकता जाहिर हो गई। एक सप्ताह पहले ट्रंप ने कहा था कि यूक्रेन में कुछ ही दिनों में सहायता पहुंच जाएगी। इस डिजिटल बैठक का नेतृत्व ब्रिटिश रक्षा मंत्री जॉन हीली और उनके जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्तोरियस करेंगे। हीली ने बताया कि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और नाटो नेता मार्क रूट, नाटो के यूरोपियन सहयोगी कमांडर जनरल एलेक्सस ग्रिंकविच यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह की बैठक में शामिल होंगे।

### किश्तवाड़ में आतंकियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान फिर शुरू

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों ने घने जंगल में छिपे आतंकवादियों के एक समूह का पता लगाने के लिए सोमवार को तलाश अभियान फिर से शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना ने संयुक्त अभियान दच्छन और नागसेनी के बीच चेरजी क्षेत्र के खानकू जंगल में रविवार दोपहर को शुरू किया था और इस दौरान आतंकवादियों के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ भी हुई।

# सिपाही को हिरासत में यातनाएं देने वाले अफसरों को गिरफ्तार करने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर पुलिस में सिपाही खुर्शीद अहमद चौहान को प्रताड़ित करने के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी अधिकारियों को एक महीने में गिरफ्तार करने का आदेश दिया। मामले की जांच सीबीआई से कराने और सरकार को उसे 50 लाख रुपए की सहायता राशि देने को भी कहा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट का फैसला रद्द करते हुए यह निर्देश दिया। शिकायत के मुताबिक, चौहान को हिरासत में प्रताड़ित किया गया। शीर्ष अदालत चौहान की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि 20 से 26 फरवरी, 2023 तक जेआईसी कुपवाड़ा में छह दिनों की अवैध हिरासत के दौरान उनके गुप्तांगों को क्षत-विक्षत करने सहित अमानवीय और अपमानजनक यातनाएं दी गईं। पीठ ने अपने फैसले में लिखा, कि सिपाही चौहान के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही जारी रखना न्याय का उपहास होगा।

## वर्ग पहेली-39

**बाएं से दाएं**

2. अहीर या ग्वाला।


5. 1. (रामायण) मिथिला नरेश जनक की कन्या जिसका विवाह रामचंद्र से हुआ था; जानकी, वैदेही 2. हल द्वारा जोतने से ज़मीन पर निर्मित रेखाकार गड्ढा 3. हल का फाल 4. कृषिकर्म 5. कृषि की अधिष्ठात्री देवी 6. राजा की व्यक्तिगत कृषि भूमि, सीर 7. प्राचीन काल में सीताध्यक्ष नामक अधिकारी द्वारा प्रजा से एकत्रित अन्न।

6. 1. ख़ून, रक्त, रुधिर 2. केसर, सिंदूर 3. तांबा।

8. लेख, आलेख।

10. 1. आवेग संबंधी 2. जोशीला, बिना सोचे-समझे कुछ कर गुज़रने वाला 3. आवेगशील, अशांत।

**ऊपर से नीचे**



1. कमी, त्रुटि।

3. 1. सिर में निकाली हुई मांग, स्त्रियों के सिर की मांग 2. हद, सीमारेखा 3. अस्थिसंघात, हड्डियों का जोड़।

4. विकसित, सुसंस्कृत, उन्नत।

7. बहुत दूर तक की बात सोचने वाला, दूरदर्शी, अग्रसोची।

8. 1. कुमार्गी, कुपथगामी 2. आचरणहीन, बुरे चाल-चलन वाला।

9. 1. वह स्थान जहां तरह-तरह की वस्तुओं की दुकानें हों, वस्तुओं के क्रय-विक्रय का निश्चित स्थान, हाट, मंडी, (मार्केट) 2. क्रय-विक्रय के लिए एकत्रित हुए लोग। (मु.)-करना: ख़रीददारी करना। -तेज़ होना: सभी वस्तुओं का मूल्य बढ़ना।

### वर्ग पहेली -38 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 थ | ने | ला |
| | 2 को | य | ला | | | |
| | का | | | 3 ज | | 4 ड़ु |
| | 5 बे | उ | सू | ल | | लि |
| 6 चो | ली | | | 7 कं | जि | का |
| | | | | ड़ु | | |
| 8 अ | नु | ना | दी | | 9 सि | ल |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 22 जुलाई, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी-07.05 तक तत्पश्चात त्रयोदशी 23 जुलाई 04.39 तक।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वर्षा।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मृगशिरा 07.24 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** - आज विद्यार्थियों को नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। जॉब में बदलाव करने की योजना भी बना सकते हैं। सरकारी काम थोड़े प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे। बच्चे शिक्षा और करियर में संतुलन बनाकर रखें। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग कर पायेंगे।

**वृष** - आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। किसी से उलझने के बजाय शान्तिपूर्वक मामलों को हल करें। परिवारजनों के साथ खुशनुमा समय व्यतीत करेंगे।

**मिथुन** - आज कार्यक्षेत्र में आपके प्रमोशन की चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है। टीमवर्क के कारण सभी काम पूर्ण हो जायेंगे। आप समय का सार्थक प्रयोग अपने लाभ के लिए कर पायेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**कर्क** - आज दोपहर में सिर में दर्द और भारीपन की समस्या हो सकती है। आज कुछ समय मित्रों के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में समस्या आयेगी। बजट को ध्यान में रखते हुए ही धन निवेश करें। किसी नकारात्मक विचार के कारण आपका मन खराब हो सकता।

**सिंह** - आज नया कारोबार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसकी योजना आज बना सकते हैं। आपकी सफलता के पीछे एकाग्रता और समर्पण का बड़ा हाथ रहेगा। दोस्तों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपको आशावादी बने रहना चाहिए।

**कन्या** - आज अविवाहित लड़कियों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण आपको सफलता मिलेगी। धन संबंधी मामलों के लिए दिन अच्छा है।

**तुला** - आज पूरा दिन आनंद में व्यतीत होगा। बच्चों को लेकर आपकी चिंता दूर होगी। अधिकारी आपके विरुद्ध व्यवहार कर सकते हैं। सोच-समझकर ही आपको निर्णय लेना चाहिए। आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा। खर्चों की तुलना में आपकी आय अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** - आज कार्यक्षेत्र में रुकावटें आ सकती है। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। बड़े भाई-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता होगी। मन लगाकर सभी काम करें तो सफलता मिलेगी। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। व्यवसाय में क्रोध के कारण नुकसान हो सकता है।

**धनु** - आज घर का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। राजनैतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका नियंत्रण रहेगा। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। मन लगाकर अपना काम करें। साझेदारी वाले व्यापार में धन लाभ होगा।

**मकर** - आज आपके मित्र आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अपरिचित लोगों से अधिक मेल-मिलाप न करें। खोई हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

**कुंभ** - आज कोई पुराना विवाद दूर होगा। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। बनते कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमी जन से विवाह को लेकर संभावना बन रही है।

**मीन** - आज आलस्य के कारण आपके काम बाधित हो सकते हैं। करियर में अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण लोग आपसे नाराज रहेंगे। विधिक मामलों में छोटी-छोटी गलतियों के कारण समस्या होगी। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे।

## सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | 4 | | 8 | | | |
| 5 | | | 6 | | | | 7 | 1 |
| | | 9 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 5 |
| | 3 | 4 | | | | 2 | 9 | |
| 1 | | | 9 | | 2 | | | |
| 2 | | 3 | | 1 | | 8 | | |
| 6 | 7 | | | | 4 | | | 3 |
| | | | 3 | | 5 | | | 2 |

### सुडोकू - 45 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |



> मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।
>
> –वीनस विलियम्स


# स्टेडियम

कानपुर, मंगलवार, 22 जुलाई 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## स्पोर्ट्स हाईलाइट

### शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली :** भारत इस साल 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### अनुष ने जर्मनी में ड्रेसेज स्पर्धा जीती

**हॉफगेइसमर (जर्मनी) :** भारत के अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ जुबिलमस्टर्नियर हॉफगेइसमर ओपन के ड्रेसेज स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अग्रवाला ने 69.891 प्रतिशत अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ छह खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें बाकी के अन्य प्रतियोगी जर्मनी के थे। पिया पियोट्रोव्स्की और कथरीना हेमर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह जीत इस जोड़ी के लिए 'एस' स्तर पर पहली सफलता है। अग्रवाला और सात साल की उनकी इस मादा घोड़े की यह एकसाथ सिर्फ दूसरी प्रतियोगिता थी।

### भारत क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर

**सोलो (इंडोनेशिया) :** भारत की जूनियर टीम को सोमवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 104–110 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत खेली जा रही इस प्रतियोगिता के बेहद करीबी मुकाबले में भारत ने पहले मैच में 11–9 से मिली हार के बाद शानदार वापसी की। भार्गव राम अरिगेला और विश्वा तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने भी जीत हासिल की।

### अर्जुन छठे व प्रज्ञानानंद सातवें स्थान पर रहे

**लास वेगास :** भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानानंद यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने खिताब जीता। अरोनियन ने टूर्नामेंट के फाइनल में हमवतन हंस मोके नीमन को 1.5–0.5 से हराया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन को अमेरिका के फैबियानो कारूआना से 0–2 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि प्रज्ञानानंद ने एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो को 1.5–0.5 से हराकर इस प्रतियोगिता में अंतिम आठ प्रतिभागियों में सातवां स्थान हासिल किया।

### सात्विक की नजरें दमदार प्रदर्शन पर

**चांग्झू :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी। चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा। वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।

### आदित्य विश्व स्नूकर के नॉकआउट में पहुंचे

**मनामा (बहरीन) :** 'वर्ल्ड गेम्स' के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता आदित्य मेहता आयरलैंड के जे चोपड़ा को हराकर आईबीएसएफ विश्व 6–रेड स्नूकर चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाले छठे भारतीय बन गए। मुंबई के इस 39 साल के खिलाड़ी ने ग्रुप एन के एकतरफा मुकाबले में चोपड़ा को 43–5, 40–22, 48–0, 67–0 से मात देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। कमल चावला, मनन चंद्रा, बृजेश दमानी, पारस गुप्ता और पंकज आडवाणी ने पहले ही नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# नीतीश कुमार रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी : अर्शदीप चौथे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं, बीसीसीआई ने टीम की दी जानकारी

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है।

बयान में कहा गया है बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है।



मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान जसप्रीत बुमराह (मध्य) व अन्य खिलाड़ी। एजेंसी

### खिलाड़ी टीम के मुताबिक ढलें या टीम खिलाड़ियों के मुताबिक पर हुई चर्चा

मैनचेस्टर : भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर और मैनचेस्टर यूनाइटेड के मैनेजर रूबेन अमोरिम के बीच इस बात को लेकर चर्चा हुई कि क्या कोई खिलाड़ी टीम के साथ तालमेल बिठाता है या टीम खिलाड़ी के साथ तालमेल बिठाती है। भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को दुनिया के मशहूर फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ियों से कैरिंगटन स्थित उनके प्रशिक्षण मुख्यालय में मुलाकात की थी। गंभीर और अमोरिम की स्थिति काफी हद तक एक जैसी है। अमोरिम की देखरेख में यूनाइटेड को पिछले 10 मैचों में से छह में शिकस्त का सामना करना पड़ा है। गंभीर की कप्तानी में भारत ने अपने पिछले 11 टेस्ट मैचों में से आठ गंवाए हैं। दोनों टीमों की मुलाकात ओल्ड ट्रैफर्ड स्थिति यूनाइटेड के घरेलू स्टेडियम की जगह प्रायोजक के एक कार्यक्रम में हुई जहां उनके खिलाड़ी भारतीय टीम का स्वागत करने के लिए मौजूद थे। इस मौके पर दोनों टीमों ने जर्सी का आदान–प्रदान किया। गंभीर ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से कहा यह टीम खेलों को लेकर उनकी और मेरी सोच से जुड़ी एक अच्छी बातचीत थी। टीम खेलों की मूल भावना बहुत सरल है। मुझे लगता है कि खिलाड़ी टीम की जरूरतों के हिसाब से ढलता है, न कि टीम किसी खास व्यक्ति के हिसाब से ढलती है।




ध्रुव जुरेल, शार्दुल ठाकुर और अर्शदीप सिंह इंग्लैंड के मैनचेस्टर में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ियों के साथ बातचीत के दौरान अपनी जर्सी के साथ। एजेंसी

### चौथे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम

- शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

### इंग्लैंड में बशीर की जगह डॉसन शामिल

- इग्लैंड ने भारत के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट मैच के लिए सोमवार को चोटिल ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की जगह बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज लियाम डॉसन को एकादश में शामिल किया। इंग्लैंड पांच मैच की एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी में 2–1 से आगे है जिसने हेडिंग्ले और लॉर्ड्स में क्रमशः पहला और तीसरा टेस्ट जीता था। भारत ने एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट जीता था। **इंग्लैंड की एकादश :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, लियाम डॉसन, क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।




मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान कुलदीप यादव (बाएं) और रवींद्र जडेजा। एजेंसी

# कुलदीप को खिलाने पर विचार करना चाहिए

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

- इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने दी सलाह

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन का मानना है कि भारत को चौथे टेस्ट के लिए अपनी अंतिम एकादश में कुलदीप यादव को शामिल करने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि पहले से ही संतुलित टीम में इस कलाई के स्पिनर को शामिल करना चयन की दुविधा पैदा कर सकता है।

ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच से मैच आगे बढ़ने के साथ स्पिन गेंदबाजी को मदद मिलने की उम्मीद है और भारत को बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रहे चौथे टेस्ट से पहले साहसिक फैसला करना होगा कि उसे तीन स्पिनरों के साथ खेलना है या नहीं। हालांकि अगर मेहमान टीम दो स्पिनरों के साथ खेलने और कुलदीप को शामिल करने का फैसला करती है तो उसे वाशिंगटन सुंदर या रविंद्र जडेजा में से किसी एक को बाहर करना होगा जिन्होंने अब तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया है। हार्मिसन ने कहा चौथे टेस्ट के विकेट से कुलदीप को उछाल नहीं मिलेगा, पर जैसे-जैसे टेस्ट मैच आगे बढ़ेगा, इससे स्पिन गेंदबाजी को मदद मिलेगी। पिछले तीन टेस्ट मैच पांचवें दिन तक चले हैं इसलिए भारत को दूसरे या तीसरे स्पिनर के साथ खेलने पर गंभीरता से विचार करना होगा।



इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर (बाएं) और जैकब बेथेल सोमवार को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान। एजेंसी

### मैदान में छींटाकशी से इंग्लैंड को हुआ फायदा : ब्रुक

मैनचेस्टर : इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रुक का मानना है कि पांच मैचों की सीरीज के दौरान भारतीय खिलाड़ियों के साथ मैदान पर हुई छींटाकशी ने उनकी टीम को प्रतिद्वंद्वी से ज्यादा मदद की है।

लॉड्स में तीसरे दिन के खेल की समाप्ति के करीब भारतीय खिलाड़ी इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों जैक क्रॉली और बेन डकेट पर हावी थे।

# जसप्रीत बुमराह चौथा टेस्ट मैच खेलेंगे : मोहम्मद सिराज


**मैनचेस्टर, एजेंसी**

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सोमवार को जसप्रीत बुमराह के बुधवार से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू हो रहे चौथे टेस्ट मैच में खेलने की पुष्टि की। काम के बोझ के प्रबंधन को देखते हुए बुमराह के पांच में से तीन टेस्ट में खेलने की योजना बनाई गई है।

यह स्टार तेज गेंदबाज दूसरे टेस्ट में नहीं खेला था जिसमें भारत ने शानदार जीत हासिल की थी। इसके बाद वह लॉर्ड्स टेस्ट में खेले जिसे भारत 22 रन से हार गया था। पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने हाल ही में आखिरी दो टेस्ट मैच में इस स्टार तेज गेंदबाज को खिलाने की जरूरत पर बात की थी। मैनचेस्टर में टीम के पहले आउटडोर अभ्यास सत्र के बाद सिराज ने कम से कम चौथे टेस्ट के लिए बुमराह की उपलब्धता की पुष्टि कर दी। सिराज ने संवाददाताओं से कहा जहा तक मुझे पता है जस्सी भाई (बुमराह) खेलेंगे, हमारा संयोजन दिन-प्रतिदिन बदल रहा है (चोटों के कारण)। अगले मैच की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा इंग्लैंड के खेलने के तरीके को देखते हुए हमारी योजना अच्छी लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी जारी रखने की है। हम चाहते हैं कि वे पिछले मैच की तरह धैर्य के साथ खेलें। हमें टेस्ट क्रिकेट खेलने में अच्छा लगा। अर्शदीप सिंह के हाथ की चोट के कारण मैनचेस्टर टेस्ट से बाहर होने के बाद भारत ने तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को टीम में शामिल किया है। नितीश रेड्डी भी घुटने की चोट के कारण बाकी बची श्रृंखला से बाहर हो गए हैं जिससे टीम को अपने संयोजन में बदलाव करना पड़ा है। ग्रोइन की चोट से जूझ रहे आकाश दीप ने सोमवार को मुख्य नेट पर गेंदबाजी नहीं की। सिराज ने संयोजन के बारे में अधिक जानकारी नहीं देते हुए कहा आकाश दीप की ग्रोइन में तकलीफ है, फिजियो जांच कर रहे हैं। उन्होंने सुबह भी गेंदबाजी की थी। अभी तक फिजियो से प्रतिक्रिया नहीं मिली है। अर्शदीप के चोटिल होने के बाद अंशुल को टीम में शामिल किया गया है। उन्हें शुभकामनाएं। तेज गेंदबाज बुमराह ने सतह की फिसलन के कारण नेट पर अधिक देर तक गेंदबाजी नहीं की और फिर मैदान पर जाकर गेंदबाजी की।

### हमारी टीम जरूरत के अनुसार अपना रवैया बदल सकती है : कार्स

- इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स ने बुधवार से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट से पहले कहा कि लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ इंग्लैंड की 22 रनों की जीत टीम की आक्रामक क्रिकेट शैली से बाहर निकलने और जरूरत के हिसाब से ढलने की क्षमता का एक शानदार उदाहरण थी। कार्स ने 193 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करने में इंग्लैंड की मदद की। उन्होंने भारत की दूसरी पारी में दो विकेट चटकाये जिसमें करुण नायर को अंदर आती गेंद पर चकमा देना भी शामिल है। कार्स ने कहा हम जिस शैली में खेलते हैं वह उससे काफी अलग था। हमें सामंजस्य बिठाना पड़ा, पर ये दर्शाता है कि यह टीम चुनौती स्वीकार कर परिस्थितियों के मुताबिक ढल सकती है।



मोहम्मद सिराज।

# छह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रतिबंधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विश्व विश्वविद्यालय खेलों में नहीं ले पाएंगे भाग

जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन टीम चयन को लेकर विवादों में घिर गई है क्योंकि चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को कथित प्रशासनिक चूक के कारण भाग लेने से रोक दिया गया है।

प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया था लेकिन केवल छह को ही प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई क्योंकि अधिकारी 16 जुलाई को प्रबंधकों की बैठक के दौरान सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत करने में विफल रहे।

बाहर की गई एक खिलाड़ी अलीशा खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा यह केवल कुप्रबंधन नहीं है- यह करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम जवाब, जवाबदेही और हमारी आवाज सुनी जाने की मांग करते हैं। हमने कोई मैच नहीं गंवाया - हमने भाग लेने का अपना अधिकार ही खो दिया। उन्होंने लिखा यह केवल एक गलती नहीं है। यह एआईयू और हमारी टीम के अधिकारियों द्वारा करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम न्याय की मांग करते हैं। सूत्रों के अनुसार बीवी राव और अजीत मोहन भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अधिकारी थे जो बैठक में शामिल हुए थे। देश में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों के लिए नोडल संस्था एआईयू ने इस घटना को स्वीकार किया है। एआईयू सचिव डॉ. पंकज मित्तल ने आगे कोई टिप्पणी करने से इन्कार करते हुए पीटीआई को बताया हमें इसकी जानकारी दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# भारत और इंग्लैंड में आज होगा निर्णायक मुकाबला

**चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन), एजेंसी**

- तीन मैचों की महिला एकदिवसीय सीरीज 1-1 से है बराबर
- इंग्लैंड में चल रहा टूर्नामेंट, शाम 5:30 बजे से शुरू होगा मैच

भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब यहां मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है। यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेजबानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा, लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका। भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विमर्श करना होगा।

### दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली के लिए कार्य समिति गठित

**लंदन :** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट क्रिकेट में दो स्तरीय प्रणाली शुरू करने की संभावना तलाशने के लिए अपने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति का गठन आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के नेतृत्व में किया गया था।

गुप्ता को इस महीने की शुरुआत में सीईओ नियुक्त किया गया था। 'द गार्डियन' की एक रिपोर्ट के अनुसार, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा।

**दिली इच्छा** | एक साल से अधिक समय से हैं बाहर, छोटी बहन सेरेना की भी चाहती हैं वापसी

# वीनस विलियम्स कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता।

हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी। सेरेना 43 वर्ष की है और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला था। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे। अमेरिका की राजधानी में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट शुरू होने से एक दिन पहले वीनस ने कहा मुझे नहीं पता कि वह क्या करने जा रही है। मैं उससे इस बारे में नहीं पूछती। मुझे लगता है कि वह हमेशा गेंद को हिट करती रहती है क्योंकि हम ऐसे ही हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनके एक अभ्यास सत्र के दौरान सेरेना वहां आईं और लगभग 15 या 20 मिनट तक उनके साथ रहीं। वीनस ने कहा वह छह महीने की छुट्टी ले सकती है और फिर आसानी से वापसी कर सकती है। आप उस जैसी प्रतिभा को सिखा नहीं सकते। पिछले महीने 45 साल की हुईं वीनस ने सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं जिनमें दो अमेरिकी ओपन और पांच विंबलडन खिताब शामिल हैं। उनका आखिरी टूर्नामेंट मार्च 2024 में मियामी ओपन में था, जहां वह पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।



सेरेना विलियम्स व वीनस विलियम्स (दाएं)। एजेंसी (फाइल फोटो)

### ड्रेपर ने टोरंटो टूर्नामेंट से नाम लिया वापस

- लंदन : ब्रिटेन के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने बाँह की चोट के कारण टोरंटो और सिनसिनाटी में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों से नाम वापस ले लिया है। ड्रेपर ने कहा विंबलडन के बाद मेरे बाएँ हाथ में चोट लग गई, कोई गंभीर बात नहीं है। मुझे सुनिश्चित करना है कि बाकी सीजन के लिए यह पूरी तरह से ठीक हो जाऊं।